संसेक्स 73,635.48 ▲ +639.16
डॉलर 83.342 ▼ -0.029

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 35.0 | 22.0 | 26.0 |
| धनबाद | 38.0 | 23.0 | 29.0 |
| जमशेदपुर | 41.0 | 23.0 | 29.0 |
| पलामू | 38.0 | 22.0 | 28.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र कृष्ण पक्ष 6, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 31 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 162, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय लोकतंत्र के महापर्व में संवाद की शालीनता अपरिहार्य ... 8

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

दिल्ली पुलिस ने 9,000 पन्नों से ...12 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 68,050
चांदी (किलो) 75,150

## एक नजर


### दो उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

**हरिहरगंज।** पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी कार्बाइन, आठ एसएलआर मैगजीन, तीन एलएमजी और दो मोबाइल फोन बरामद किया है। छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार पुलिस लोकसभा चुनाव के मद्देनजर छापेमारी अभियान चला रही है।

## आज के मैच



समय : 31 मार्च, 3:30 बजे से
स्थान : अहमदाबाद



समय : 31 मार्च, 7:30 बजे से
स्थान : विशाखापत्तनम

## आजकल



धर्मेंद्र व्यास

# कर्पूरी ठाकुर, नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन को मिला भारत रत्न

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में शनिवार को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश की चार महान हस्तियों - बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूरी ठाकुर, देश के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव एवं चौधरी चरण सिंह और देश के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया। इन चारों विभूतियों को मरणोपरांत यह सम्मान दिया गया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूरी ठाकुर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के सबसे बड़े सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा की गई थी। शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय कपूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर ने यह सम्मान प्राप्त किया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित



किया गया। उनके पुत्र पीवी प्रभाकर राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान प्राप्त किया। वहीं देश के एक और पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा माने जाने वाले चौधरी चरण सिंह को को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में उनके पोते जयंत चौधरी ने यह सम्मान प्राप्त किया। देश के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी (मरणोपरांत) भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनकी बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह सम्मान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित केंद्र सरकार के कई मंत्री एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। लाल कृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न से सम्मानित किया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## देश के लिए योगदान को सम्मान है भारत रत्न : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री रहे कपूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को शनिवार को मरणोपरांत राष्ट्रपति द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि इन दिवंगत नेताओं के देश के लिए किए गए योगदान को हर भारतीय स्वीकारता है। उन्हें इस बात पर गर्व है कि वे भारत रत्न से सम्मानित किए गए। पोस्ट में पीएम ने पीवी नरसिम्हा राव की सराहना की। कहा, पीवी नरसिम्हा राव गारू ने देश की प्रगति और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। उन्हें एक सम्मानित विद्वान और विचारक के रूप में भी जाना जाता है। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देश के विकास, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्रपति आडवाणी के घर जाकर उन्हें करेंगी भारत रत्न से सम्मानित

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाना है। लेकिन अस्वस्थ होने के कारण वह शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार, 31 मार्च को लालकृष्ण आडवाणी के घर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करेंगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति भी मौजूद रह सकते हैं।

### बड़गाई अंचल की 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में

# पूर्व सीएम हेमंत सहित पांच के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

■ आर्किटेक्ट विनोद कुमार, भानु प्रताप प्रसाद, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप भी आरोपी

■ शाम साढ़े चार बजे एक बक्से में 5500 पन्नों की चार्जशीट ईडी के विशेष अदालत में पेश की गई

● अदालत को जानकारी दी गई कि जमीन घोटाले के जरिये हुए मनी लॉन्ड्रिंग में किसकी क्या भूमिका

● सोरेन जमीन पर अपनी स्वामित्व से लगातार इनकार कर रहे, कई बिंदुओं पर सीधा और संतोषजनक जवाब नहीं दिया



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आर्किटेक्ट विनोद कुमार, बड़गाई अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ ईडी की टीम ने चार्जशीट (आरोप पत्र) दाखिल किया है। ईडी के अधिकारी शनिवार को शाम बक्से में चार्जशीट लेकर कोर्ट परिसर पहुंचे। इसके बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में चार्जशीट दाखिल की। लगभग साढ़े पांच हजार पन्नों की चार्जशीट जमा की गई है, जिसमें अदालत को जानकारी दी गई है कि जमीन घोटाले के जरिये हुए मनी लॉन्ड्रिंग में किसकी क्या भूमिका है। साथ ही ईडी ने 8.5 एकड़ जमीन भी अटैच किया है। इससे पूर्व 21 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### व्हाट्सएप चैटिंग, अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर भी हुई पूछताछ

मालूम हो कि उनकी न्यायिक हिरासत के 60 दिन शनिवार को पूरे हो गए। नियमतः किसी अभियुक्त की गिरफ्तारी के 60 दिन के भीतर चार्जशीट फाइल करना अनिवार्य होता है। ईडी की टीम चार्जशीट के कागजात लेकर शाम करीब 4.20 बजे रांची कोर्ट पहुंची। ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ कुल 5,500 पन्नों में चार्जशीट फाइल की है। इसमें मनीलॉन्ड्रिंग में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया है। गिरफ्तार किए जाने के बाद ईडी ने हेमंत सोरेन को रिमांड पर लेकर 3 फरवरी से पूछताछ शुरू की थी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# साइबर अपराध का नया अड्डा बना पलामू

❍ ऑनलाइन जुआ और गेमिंग धंधा के आरोप में 13 साइबर अपराधी गिरफ्तार, रोजाना करोड़ों रुपए का लेन-देन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑनलाइन जुआ व गेमिंग का धंधा करने के आरोप में पुलिस ने चियांकी से 13 साइबर अपराधियो को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से सिम कार्ड लगा 30 मोबाइल 5 लैपटॉप, 9 मॉनिटर का सेट सहित 5 सिम कार्ड बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि चियांकी में करीब एक माह से ऑनलाइन सट्टा व जुआ का धंधा किया जा रहा था। जिसमें प्रतिदिन का ट्रांजेक्शन एक करोड़ रुपए है। इस पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि बरामद कंम्प्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को फारेंसिक जांच कराई जाएगी । तभी सच्चाई सामने आएगा। प्रथम दृष्ट्या जो तथ्य सामने आई है उससे प्रतीत हो रहा है कि देशभर के लोग नेटवर्क के संपर्क में आए होंगें। उन्होंने बताया कि चियांकी जिस घर से इन सभी को पकड़ा गया है। वहां से कई डायरी भी मिली है ।जिसमे प्रतिदिन के ट्रांजेक्शन का हिसाब है । सभी ट्रांजेक्शन यूपीआई के माध्यम से किए जाते हैं।

**सभी अपराधी सैलरी पर कर रहे थे काम :** एसपी ने बताया कि अवैध धंधे में लिप्त सभी अपराधी सैलरी पर काम करते थे। इसका मास्टर माइंड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सट्टा खेलने के लिए नेटवर्क के व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ना जरूरी

एसपी ने बताया कि सट्टा खेलने वाला व्यक्ति पहले उसके व्हाटसप ग्रुप से जुड़ता हैं । फिर नेटवर्क से जुड़े लोग यूजर आईडी और पासवर्ड क्रिएट कर देते हैं। फिर यह गेमिंग का धंधा शुरू हो जाता हैं।

### परीक्षा देने आया था गिरोह का हिस्सा बना

एसपी ने बताया कि एक युवक यहां प्रतियोगिता परीक्षा देने आया था । इसी दौरान उसे किसी ने जॉब के लिए यहां का नंबर दे दिया। फिर वह वही नौकरी करने लगा। उसे प्रतिमाह 15 हजार प्रतिमाह सैलरी पर रखा गया था।

# पांच लाख का इनामी नागेश्वर भोक्ता उर्फ नेशनल गंझू पुलिस के शिकंजे में

■ नेशनल गंझू का विभिन्न थानों में 17 आपराधिक मामले दर्ज

■ पुलिस छापेमारी में भटका कमांडर आया पुलिस की गिरफ्त में

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने सटीक कार्रवाई कर माओवादी नक्सली कमांडर नागेश्वर भोक्ता उर्फ नेशनल गंझु को गिरफ्तार कर लिया। यह लातेहार जिले के बारियातू थाना क्षेत्र के झिरमतकोना गांव का रहने वाला है। गिरफ्तार नक्सली पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित है। नक्सली को गारू थाना क्षेत्र के मिरचइया जंगल से गिरफ्तार किया गया। लातेहार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी रीजनल कमांडर छोटू खरवार का दस्ता किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए गारू थाना क्षेत्र के मिरचइया और लोहरगढ़ा के आसपास के जंगल में भ्रमणशील है। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर बरवाडीह डीएसपी वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और नक्सलियों के खिलाफ घेराबंदी कर छापामारी आरंभ की गई। पुलिस की टीम जैसे ही मिरचइया जंगल पहुंची



वैसे ही नक्सली वहां से फरार हो गए। भागने के क्रम में नागेश्वर भोक्ता दस्ते से बिछड़ गया और पुलिस की गिरफ्त में आ गया। पूछताछ के क्रम में नागेश्वर ने बताया कि वह छोटू खरवार के दस्ते में कमांडर के रूप में कार्यरत था। कई घटनाओं का अभियुक्त है नेशनल गंझु शनिवार को एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि नेशनल गंझू और नागेश्वर भोक्ता की गिरफ्तारी के बाद जब उसकी छानबीन की गई तो पता चला कि वह 5 लाख रुपए का इनामी नक्सली है। एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में नेशनल ने पुलिस को यह भी बताया कि किसी घटना को अंजाम देने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कोडरमा में अन्नपूर्णा को टक्कर देंगे 'इंडिया' गठबंधन के विनोद सिंह

**रांची।** भाकपा (माले) ने झारखंड की कोडरमा सीट से बगोदर के विधायक विनोद सिंह को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। माना जा रहा है कि वह 'इंडिया' गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। इस सीट पर उनका मुकाबला भाजपा की प्रत्याशी केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से होगा। झारखंड में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों की शेयरिंग का फिलहाल आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन अब तक जिस फॉमूर्ले पर सहमति बनी है, उसके मुताबिक कांग्रेस सात, झामुमो पांच और राजद एवं भाकपा (माले) एक-एक सीट पर अपने प्रत्याशी देगी। बताया जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के दलों के बीच आंतरिक सहमति बनने के बाद ही कोडरमा की सीट पर भाकपा (माले) ने यहां अपने प्रत्याशी के नाम का ऐलान किया है। विनोद सिंह वर्तमान में बगोदर इलाके के विधायक हैं। वह भाकपा (माले) के पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं। बीएचयू से ललित कला स्नातक और फिल्म निमार्ता विनोद अपने पिता महेंद्र सिंह के निधन के बाद 2005 में बगोदर से पहली बार विधायक बने थे।

# केजरीवाल, संजय सिंह, सिसोदिया की पत्नियों से मिलीं हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन



**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। सुनीता केजरीवाल ने कल्पना सोरेन को गले लगाकर उनका स्वागत किया। कल्पना सोरेन ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा संसद संजय सिंह की पत्नी अनिता सिंह और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया से भी मुलाकात की। नई दिल्ली में केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को होने वाली रैली में भी कल्पना सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि के तौर पर भाग लेंगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा और आम आदमी पार्टी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं।


## इंडिया

# समस्या नहीं, जीत के लिए जाति ही पूछो वोटर की?



सुनील बादल

**लोक** सभा चुनाव के शतरंज की बिसात बिछ गई है और कुछ दिनों के बाद सभी अपने आजमाए हुए अस्त्र-शस्त्र से लेकर जहर बुझे बयानों के तीर कमान के अलावा राजनीतिक चालें चलेंगे तब तक कल तक के दोस्त या दुश्मन कब हृदय परिवर्तन कर ठीक विपरीत विचारधारा के खेमें में शामिल होकर ताल ठोकने लगे समझना थोड़ा कठिन है । ऐसे में इन नेताओं के बढ़ चढ़कर दिए पहले के बयानों को लेकर सोशल मीडिया का बाजार अभी से गर्म है। इन बयानों में प्रमुख है कि अब ये नेता किन मुद्दों को लेकर चुनावी अखाड़े में उतरेंगे क्योंकि जिसे कल तक सबसे बुरा बताते थे आज उसे उचित या पवित्र कैसे बताएंगे? कई सनातनी अब कथित धर्मनिर्पेक्ष पार्टी के साथ खड़े हैं और अनेक दूसरे खेमेवाले आज भगवा झंडे के नीचे खड़े हैं । इसमें एक बड़ा मुद्दा है कि लड़ाई विकास के नाम होगी या जाति,धर्म क्षेत्रवाद के नाम पर ? अभी तक सभी पार्टियां अपने उम्मीदवार तय नहीं कर पा रहीं इसके पीछे यही असमंजस है क्योंकि प्रजातंत्र की असली मालिक जनता ने रहस्यमय चुप्पी ओढ़ ली है । कहीं कहीं उम्मीदवारों का टोटा पड़ गया है तो अनेक क्षेत्रीय पार्टियां अभी भी जनता जनार्दन का मूड नहीं भांप पा रही है । ऐसे में कहीं पुरानी चालें कहीं उल्टी न पड़ जाएं इसका भी खतरा है । पिछले विधान सभा चुनाव के समय बिहार में जाति सर्वेक्षण करवाने और इसकी रिपोर्ट जारी होने के बाद कांग्रेस पार्टी ने ऐलान कर दिया है कि उसकी जहां-जहां सरकार बनेगी, वहां-वहां कास्ट सर्वे करवाया जाएगा। खास तौर पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जाति सर्वेक्षण का अभियान छेड़ रखा था और नारा दिया था - जितनी आबादी, उतना हक। जबकि प्रधानमंत्री ने विकासशील भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ बातचीत में कहा था, मेरे लिए देश की सबसे बड़ी चार जातियां हैं- गरीब, युवा, महिला और किसान विकसित भारत का संकल्प इन्हीं चार अमृत स्तंभों पर मजबूती के साथ टिका है। इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। गरीब महिला और युवा वोटरों का एक बड़ा वर्ग बीजेपी के साथ मजबूती से खड़ा है




जिसने 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 2014 चुनाव से भी ज्यादा सीटें दिलाई । मोदी सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करके गरीब और वंचित तबकों का समर्थन हासिल किया है। ऊपर से राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के जोड़ ने बीजेपी को लोकसभा चुनावों में अजेय सा बना दिया है। अलग-अलग मुद्दों पर बीजेपी और पीएम मोदी की छवि को नुकसान पहुंचा कर वोटरों को अपने पक्ष में करने की कोशिश में लगातार फेल हो रहे विपक्षी दलों ने अब जाति का दांव खेला था। हिंदुओं की एकजुटता के खतरे को अच्छी तरह समझ कर विपक्षी दलों ने उनमें जाति के आधार पर विभाजन करने का सपना देखा है। विरोधियों के इस सपने से कुछ हद तक बीजेपी की भी नींद उड़ी हुई थी । उत्तर प्रदेश और बिहार में ही जाति की सियासत का दबदबा नहीं है, बल्कि राजस्थान भी कास्ट पॉलिटिक्स के इर्द-गिर्द सिमटा हुआ था । क्या इस बार भी चुनाव में जाति विकास पर भी हावी नजर आएगा ? यही वजह है कि कांग्रेस और बीजेपी ने कैंडिडेट के जरिए सोशल इंजीनियरिंग का दांव चला है, लेकिन इस बार दोनों ही दलों ने 2018 से अलग जातीय गणित का ध्यान रखा है। राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, राजपूत, सैनी, वैश्य, विश्वकर्मा, कुमावत जैसी जातीय संगठनों ने राजधानी जयपुर में अलग-अलग तारीखों में महापंचायत आयोजित की थी। झारखंड में दो राजपूत उम्मीदवारों के टिकट काटकर भाजपा ने राजपूतों की नाराजगी मोल ली है तो अन्य दल नई चालें चल रहे हैं जिससे भाजपा पिछले विधान सभा के कटु अनुभव से आशंकित है । इस बार भी टिकट बँटवारे में कथित रूप से प्रभाव डालने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराने वाले तेज तर्रार पूर्व मंत्री सरयू राय धनबाद से लड़ेंगे जो राजपूत वोटरों का वर्चस्व वाला क्षेत्र रहा है जबकि भाजपा ने विवादास्पद विधायक ढुलु महतो (वैश्य) को टिकट देने की घोषणा की है जिनके विरुद्ध अपराधों की कुंडली खोलनी सरयू राय ने शुरू कर दी है जिससे लगता है इस बार भी जाति विकास पर हावी रहेगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि इंडी और एंडी गठबंधन जीत के लिए क्या एजेंडा तय करते हैं।

## पत्थर से मारकर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरिया गांव में एक शख्स ने अपनी पत्नी के सिर पर पत्थर से प्रहार कर हत्या कर दी। बाद में वह पत्नी को लेकर सदर अस्पताल पहुंचा और मनगढ़ंत कहानी रचने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी राजू भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पकरिया गांव का रहने वाला है। शनिवार सुबह वह खून से लथपथ पत्नी कोशिला देवी को लेकर सदर हॉस्पिटल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने राजू भुइयां से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने नशे की हालत में वारदात को अंजाम दिया था। बताया जा रहा है कि राजू भुइयां पहले से विवाहित था और उसने कोशिला देवी को झांसा लेकर दूसरी शादी की थी। बाद में जब यह बात सामने आई तो दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था।

## एक नजर

### रविवार को भी खुले रहेंगे विद्युत अवर प्रमंडल जपला का कार्यालय

**मोहम्मदगंज।** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत अवर प्रमंडल जपला का कार्यालय रविवार को भी खुले रहेंगे और उपभोक्ता अपने बकाया बिल जमा करा सकेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की 31 मार्च को वित्तीय वर्ष की समाप्ति हो रही है। वर्ष के अंतिम माह यानी मार्च में अधिक से अधिक राजस्व वसूली के लिए छुट्टी के दिन भी कार्य करने का निर्णय लिया है। रविवार को बिजली कार्यालय का कैश काउंटर खुले रहेंगे। अन्य दिनों की तरह उपभोक्ता अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे।

### पुलिस ने अवैध शराब भट्टी को किया ध्वस्त

**नौडीहा बाजार।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी के अवैध शराब भट्टी की गुप्त सूचना मिलने पर पंचायत लालगड़ा अंतर्गत कौवल, भितीहरवा में धौवाघाट नदी के किनारे चल रहे अवैध शराब भट्टी को पुलिस स्थल पर पहुंचकर करीब दो किवंटल जावा महुआ समेत 30 लीटर शराब, बनाने वाले उपकरणों को पुलिस ध्वस्त किया। पुलिस की सूचना मिलते ही मौके से शराब माफिया फरार। थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने कहा कि लगातार अवैध शराब कारोबार के खिलाफ नौडीहा प्रखंड क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है।

### देशी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**पांडू।** प्रखंड के पंचायत तिसिबार के ग्राम दरूवा में गुप्त सूचना के आधार पर पांडू थाना प्रभारी कुमार गौरव के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी किया गया। जिसमे कलीम अंसारी पिता नबाब अंसारी के पास से लोहे का निर्मित देशी कट्टा बरामद किया गया। वहीं देशी कट्टा रखने एवं बेचने के आरोप में चंदन विश्वकर्मा उर्फ बाबू लोहार पिता उपेंद्र विश्वकर्मा ग्राम गौरा थाना विश्रामपुर को गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त को पांडू थाना में आर्म्स दर्ज किया गया। मैके पर सर्किल इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, निलेस कुमार सिंह,बलदेव सिंह एवम अन्य जवान सामिल थे।

### पाटन बीजेपी मंडल की बैठक आज

**पाटन।** प्रदेश नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष अमित तिवारी के निर्देश पर छतरपुर विधानसभा स्तरीय रविवार को बैठक आरपीएम मैरेज हॉल कुड़वा मोड़ पाटन सुबह 10 बजे सुनिश्चित हुआ है। इस बैठक में मंडल पदाधिकारी, मंडल मोर्चा के पदाधिकारी, एवं ऊपर के श्रेणी जो विधानसभा में निवास करते हैं वैसे सभी पदाधिकारी अपेक्षित हैं। इस बैठक में प्रदेश द्वारा प्रवासी के तौर पर विनय लाल, लोकसभा प्रभारी एवं सत्येंद्र तिवारी, पूर्व सांसद पलामू मनोज कुमार उपस्थित रहेंगे। बैठक में सभी बूथ अध्यक्ष सभी पंचायत संयोजक सह संयोजक, सभी पन्ना प्रमुख, सांसद और विधायक प्रतिनिधि बैठक में अपेक्षित होंगे। यह जानकारी मण्डल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी।

दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया

# आज दुनिया हमारी सोच से आगे है : डीईओ

**बच्चे वर्ग 6 से 8 की कक्षा में ही अपने पूर्व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से परिचित हो**



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में दो दिवसीय पूर्व व्यावसायिक शिक्षा बस्ता रहित दिवस के उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ डायट पलामू के प्रशाल में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया हमारी सोच से आगे जा रही है। हम ऐसी शिक्षा प्राप्त कर सके जिसकी दूरगामी परिणाम हो। सरकार कि योजना है कि अब बच्चे वर्ग 6 से 8 की कक्षा में ही अपने पूर्व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से परिचित हो, जिससे कि आगे चलकर रोजगार की ओर उन्मुख हो सके। आज शिक्षित बेरोजगारों की फौज तैयार होते जा रही है। जिससे छुटकारा पाने के लिए पूर्व व्यावसायिक शिक्षा की अवधारणा रखी गई है। श्री झा ने अपने संबोधन में शिक्षकों को कहा कि ईमानदारी से अपने कर्तव्य के पथ पर चलकर इस कार्यक्रम को बच्चों तक पहुंचाएं यही हमारी जीत होगी। मौके पर राज्य से ट्रेनिंग प्राप्त किए हुए अर्पण कुमार गुप्ता, शैलेंद्र कुमार शर्मा, मोहम्मद शमशाद अंसारी पलामू जिला के 66 विद्यालयों के 132 शिक्षकों को पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के तथ्यों से परिचित कर रहे हैं। वहीं अपने ब्रीफ में मास्टर ट्रेनर अर्पण गुप्ता ने कहा की अब हर वर्ष 10 दिन तक बच्चे बिना बस्ता के आएंगे और शिक्षक उन्हें बिना बस्ता के ही एक्सटर्नल विजिट, एक्सपोजर विजिट, एग्जीबिशन के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देते हुवे उसे रोजगार से जोड़कर शिक्षा देंगे। मौके पर शिक्षक अमरेंद्र नारायण नंदकिशोर कुमार अजय कुमार, सुमित शंकर, शिवपूजन सिंह किरण राज खुर्शीद जारी डाइट फैकल्टी मोहम्मद हसन रजा, प्रोफेसर धीरज सिंह, अंजू कुमारी, प्रेमलता कुमारी, वोकेशनल इंचार्ज मुकेश मिश्रा, समेत कई शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

# अपग्रेडेड हाईस्कूल के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गयी विदाई



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के अपग्रेडेड हाईस्कूल पांती के प्रागंण में शनिवार को लगातार 20 वर्ष एक माह सेवा देने वाले सौम्य, ज्ञानी, विचारशील व राष्ट्र निर्माण के धनी आदर्श शिक्षक सह सेवानिवृत पूर्व प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रजापति को पूरे सम्मान के साथ शिक्षकों ने भावभीनी विदाई दी। अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापक नीलकंठ वर्मा ने कहा कि उन्होंने जीवन के उपवन में कर्तव्य निष्ठा का पूर्णतः निर्वहन कर शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सहायक शिक्षक नूर मोहम्मद अंसारी ने कहा कि सेवानिवृत तक उन्होंने विद्यार्थियों के भावी जीवन को दीप्तिमान बनाया। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सुदूर करीमनडीह गांव में किसान परिवार में जन्मे राजेन्द्र प्रजापति की शिक्षा दीक्षा बेनी खुर्द गांव के बाद व्यवसायिक शिक्षा प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय लातेहार से प्राप्त किया। अजाप्ता के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह व जिला संगठन सचिव चक्रवर्ती कुमार सिंह ने 21 जनवरी 2004 से अब तक उनकी बेहतर सेवा की सराहना की। मुखिया सुदर्शन राम ने कहा कि इनका विद्यालय परिवार व छात्र -अभिवावकों के साथ सतत सहयोगात्मक व्यवहार के अलावे पठन-पाठन कार्य में सजगता, समयबद्धता, कर्मठता व समर्पण का भाव का प्रदर्शन कर आदर्श प्रतिमान के रुप में स्थापित करने का कार्य किया है। सहायक अध्यापक संघ के संयोजक विजय बहादूर सिंह ने कहा कि मिलने की खुशी व बिछुड़ने का दुख मानव स्वभाव में नैसर्गिक रुप में शामिल है। दो दशक तक इनकी सेवा ही उत्कृष्टता की मिसाल हैं। कार्यक्रम में शामिल बीईईओ महेन्द्र प्रजापति, पूर्व प्रधानाध्यापक मो. इदरीश, एसएमसी अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, शिक्षक प्रबल कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, उमाशंकर सिंह, उपेन्द्र राम, अरुण कुमार चौधरी, राणा प्रताप, अजय भारद्वाज, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, संजय कुमार, सीआरपी प्रमोद सिंह ने उनके दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नीलांबर-पीतांबर देश की आजादी के नायक थे : एकता मंच



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** खरवार आदिवासी एकता मंच द्वारा अमर शहीद नीलांबर पीतांबर का 165वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महुंगाई दुर्गापुर में स्थापित नीलांबर-पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह खरवार ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर देश की आजादी के नायक थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। अलका सिंह ने कहा कि दोनों वीर भाइयों ने शोषण के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका। इसके बाद देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने का काम किया। सन 1857 के सिपाही विद्रोह काल में अंग्रेजों के विरुद्ध पीपुल्स वॉर सैन्य संगठन बनाकर दोनों भाइयों ने गुरिल्ला युद्ध किया था। मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष उमेश्वर सिंह, उदय सिंह, सुरेश सिंह, राजेश सिंह, रामप्रीत सिंह, अखिलेश सिंह खरवार, जोगिंदर सिंह खरवार, बलराम सिंह खरवार, व्यास देवनारायण सिंह, सिकंदर सिंह, रामसहाय सिंह खरवार, मुरारी सिंह खरवार सहित कई लोग मौजूद थे।

# नेशनल पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कौवाखोह स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल शनिवार को घोषित हुआ। मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन तथा प्राचार्यो ने अभिभावकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में परीक्षाफल घोषित करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। विद्यालय के नर्सरी के विकास को 97.2 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। जबकि यूकेजी के प्रियांशु 96.7, नर्सरी के अनमोल को 96.7, एलकेजी के श्रेया 95.2, कक्षा 1 के रिया 94.4, यूकेजी के अन्नू 93.7 व प्रियंका को 93.2, कक्षा 1 के स्वाति 89.5, कक्षा पांचवी के आदित्य 89, अंश को 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कॉपी, पेन व मेडल देकर सम्मानित किया। इसके अलावे बेहतर करने वाले अन्य विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावक व छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि बच्चों का रिजल्ट अच्छा होता है तो शिक्षकों को भी पास माना जाता है। मौके पर प्राचार्य रविरंजन वर्मा, उप प्राचार्य सोनी कुमारी शिक्षिका रम्मी कुमारी, सुनीता, संध्या, शिल्पा, सपना, लक्की शिक्षक सुरेश कुमार, विनोद यादव सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं व काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वार्षिक परीक्षा में सिद्धान्त बने स्कूल टॉपर



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड अधिविद परिषद रांची से सम्बद्ध व विद्या विकास समिति झारखंड से संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला का वर्ष 2023 का वार्षिक परीक्षा फल जारी हुआ जिसमें जवाहिर साव गली निवासी प्रणीत प्रणव के पुत्र सिद्धान्त शौर्य वर्ग द्वितीय ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का टॉपर बना। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय व वाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. शिवप्रसाद मेहता ने पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रणजीत सिंह, सत्येन्द्र चंदेल, राजकुमार सिंह, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार पाठक, मृत्युंजय प्रसाद, छाया कुमारी, रत्ना वर्मा, रविन्द्र सिंह, देवेन्द्र नाथ गुप्ता सहित सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जपला महावीर मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक में विचार-विमर्श

**चैत्र नवरात्र में रामचरित्र मानस नवाह्न पारायण यज्ञ कराने का निर्णय**



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** श्री श्री राम चरित्र मानस नवाह्न परायण यज्ञ करने हेतु जपला महावीर मंदिर प्रबंधन समिति की हुई एक बैठक में नवाह्न परायण यज्ञ का तृतीय वर्ष भी धुमधाम से मनाने का निर्णय लेते हुए विचार-विमर्श किया गया। नवाह्न यज्ञ के रूपरेखा तैयार करने में सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। साथ ही पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वप्रथम 8 अप्रैल को सुबह 7 बजे पूरे विधि विधान के साथ जल यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 9 अप्रैल से चैत शुक्लपक्ष के प्रथम दिन कलश स्थापना कर नवाह्न यज्ञ आरंभ किया जायेगा। जो की 17 अप्रैल नवमी को पूर्णाहुति हवन के साथ समापन होगा। 18 अप्रैल को शोभा यात्रा निकाला जाएगा। इसमें सभी सदस्य अपना-अपना योगदान तन मन धन के साथ प्रदान करेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने किया। इस बैठक में जिला संघचालक दिनेश प्रसाद कश्यप ने कहा कि सनातन और प्रकृति एक दूसरे का पूरक है। सभी सनातनी भाइयों को कोई भी धार्मिक काम या कार्य में प्राकृतिक रूप से उपयोग होने वाले समानों का ही उपयोग करना चाहिए। वैसे सामानों का उपयोग नहीं करना चाहिए, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचे। इस बैठक में मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक उदयनाथ विश्वकर्मा, सचिन कुमार आनंद, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, राजेंद्र पाल, अजीत कुमार अग्रवाल, पप्पू सोनी सचिव, उत्तम कुमार सह सचिव, राजीव कुमार ठाकुर कोषाध्यक्ष, संजय कुमार सोनी सह कोषाध्यक्ष, काशी सोनी, एके अलावा सदस्यों में कृष्ण मुरारी अग्रवाल, अजय कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, संतोष गुप्ता, अविनाश कुमार सिन्हा, आशु कुमार, कुलवंत कुमार, संतोष पाल, पुजारी गोपाल पाठक आदि लोग मौजूद थे।

### दो फरार हत्यारोपी गिरफ्तार



**पांकी।** पांकी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सरौना गांव से हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए पांकी थाना प्रभारी उतम तिवारी ने बताया कि बीते वर्ष अक्टूबर माह में खाप ग्राम में प्रेम प्रसंग के मामले में अपने देवर शंभू भुइयां की हत्या करने के मुख्य आरोपी उर्मिला कुंवर को पूर्व में जेल भेजा गया था। उसने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में अपने प्रेमी अजय कुमार एवं उसके साथी सूरज कुमार के साथ मिलकर हत्या की बात को स्वीकार की थी। ये दोनो अभियुक्त तभी से फरार थे। शुक्रवार को दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### वारंटी गिरफ्तार, गया जेल



**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के अंधारीबाग गांव में छापेमारी कर एक पुराने मामले में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस अधिकारी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए वारंटी अंधारीबाग गांव निवासी स्व. मथुरा साव के पुत्र रंजीत कुमार है। उसे शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त वर्ष 2018 में हुए मारपीट के एक मामले में आरोपी था। उसपर न्यायालय की ओर से वारंट निर्गत किया गया था। वारंट निर्गत होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था।

# विश्व हिंदू परिषद की एक दिवसीय कार्यसमिति की बैठक संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** शनिवार को जिला पलामू संघ कार्यालय मे प्रांत के द्वारा एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद कार्यक्रम विभाग के अध्यक्ष शिवप्रसाद ने की वहीं संचालन जिला संयोजक संदीप गुप्ता ने की। बैठक की कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए। उपेंद्र यादव को छत्तरपुर प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया। वहीं इससे पहले प्रखंड के अध्यक्ष पप्पू सिंह थे। जो पलामू जिला सह मंत्री के रूप में चयन हुए। जिन्हे प्रांत से आये झारखंड विहिप प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्रा के द्वारा अंगवस्त्र देकर दोनों को सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्रा ने कहा कि झारखंड सहित देश में घुसपैठ, धर्मांतरण, जिहाद, गोवंश हत्या, गोवंश तस्करी धर्म रक्षा निधि संग्रह राम जन्मोत्सव कार्यक्रम 9-24 अप्रैल, हनुमान जन्मोत्सव, स्थापना दिवस समारोह, षष्टी पुष्टि समारोह, प्रशिक्षण वर्ग गिरिडीह 5-10 जून, धर्मांतरण व कम्युनिस्ट विचारधारा हिंदू समाज के लिए बड़ी चुनौतियां है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए विश्व हिंदू परिषद सशक्त संगठन बनाएगा। हम हिंदू नहीं हैं, ऐसा विमर्श खड़ा करके समाज को भ्रमित किया जा रहा है। इसे सुधारने की जरूरत है। हिंदू धर्मावलंबी अपने धर्म एवं संस्कृति की जीवंत स्थिति को निरंतरता बनाए रखने के लिए सदैव संघर्षशील रहे हैं। मौके पर पलामू विहिप के सभी प्रखंड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

## आस्था

लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शोभायात्रा निकाला

# सांसद सहित काफी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** सिगसिगी में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा की शुरूआत सिगसिगी यज्ञ स्थल से हुआ। कलश शोभा यात्रा को पलामू सांसद वीडी राम, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, आचार्य विष्णुचित जी महाराज, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय व समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखा कर रवाना किया। कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ रेलवे स्टेशन होते हुये कोयल नदी तट पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद नगर भ्रमण करते हुये यात्रा वापस यज्ञशाला परिसर पहुंचा। जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना करायी गयी। साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंडप प्रवेश तथा अग्नि मंथन का अनुष्ठान भी हुआ। कलश शोभा यात्रा में समाजसेवी पिंटू चौधरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, बचनदेव चौधरी, समिति के सचिव विनय चंद्रवंशी, पंकज कुशवाहा, शैलेश पांडेय, राहुल गुप्ता, गया महतो, सुनिल तिवारी सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

### कलश शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालूगण



**उंटारी रोड।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी रेलवे स्टेशन के नजदीक से यज्ञ स्थल के लिए निकली जल यात्रा में भव्यता से जयघोष रहा। जल यात्रा का नेतृत्व विष्णुचित महाराज ने किया। आचार्य विष्णु चित महाराज ने रथ पर सवार होकर कलश शोभा यात्रा में आगे-आगे चल रहे थे। वहीं सभी श्रद्धालुओं समेत आम लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। हाथों व माथे पर कलश लिए महिलाएं व युवतियां राधे-राधे का जयकारा लगा रही थी। इसके पूर्व यज्ञशाला से लगभग हजारों की संख्या में युवतियां व महिलाएं कलश लेकर कोयल नदी तट पर पहुंची थी। वहीं जल यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ को नियंत्रित करने में रेहला थाना पुलिस पूरी मुस्तैद रही। जल यात्रा के रास्ते में पूरे ट्रैफिक को व्यवस्थित किया गया था। पलामू, गढ़वा सहित कई जिले के कई गांव से लगभग दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जल यात्रा में भाग लिया। महिलाओं व युवतियों को विष्णु चित महाराज समेत यज्ञ में कई विद्वान ब्राह्मणों ने मंत्र उच्चारण कर कलश में जल भरन कराया। विष्णु चित महाराज के सानिध्य में कलश स्थापित किया गया। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ 30 मार्च से लेकर 5अप्रैल तक चलेगा। कलश यात्रा में सांसद बीडी राम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कमिटी के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी, विनय चंद्रवंशी, पंकज कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता भरदुल पासवान, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, सुनील तिवारी, मधु तिवारी, मनोहर पासवान, राहुल गुप्ता, उमेश सोनी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# हनुमत रूद्र प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 9 अप्रैल से गोंगो में शुरू, तैयारी पूरी



नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** प्रखंड के गोंगो गांव में आगामी 9 अप्रैल से आयोजित होने वाली रुद्रमहायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी अंतिम चरण में है। यज्ञ समिति के द्वारा यज्ञ मंडप, हवन कुंड, प्रवचन स्थल सहित अन्य सुविधाओं की तैयारी पूरे जोर शोर से शुरू है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामयाद सिंह ने बताया कि आठ दिवसीय रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ 9 अप्रैल को जलयात्रा के साथ शुरू किया जायेगा। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि नितेश सिंह उपाध्यक्ष बीस सूत्री होंगे। यज्ञ के सफल संचालन में सचिव महेंद्र प्रसाद सिंह, उप सचिव यशवंत सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, उप कोषाध्यक्ष रामाकांत सिंह, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह एवं पगार गोंगो के ग्रामीणों का विशेष योगदान मिल रहा है।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

18वीं लोकसभा चुनाव महापर्व में यह संकल्प लें कि पहले मतदान करेंगे, तब जलपान करेंगे। इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और देश में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

**शशि कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष, नगर पंचायत, हुसैनाबाद,पलामू।**

## स्वीप कार्यक्रम के तहत क्रिकेट मैच का शुभारंभ

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में शनिवार को दो दिवसीय क्रिकेट मैच का उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने हवा में गुब्बारे उड़ा कर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाकर सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। मैच देर रात तक खेला जायेगा और आज जो टीम क्वालीफाई करेगा वो दूसरी क्वालीफाई हुई टीमों के साथ कल फाइनल खेलेगा।



## शराब के नशे में टेंपो पलटा, एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा सड़क दुर्घटना में शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा रांची रोड निवासी श्रवण भुइयां उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई। इस घटना के बारे में मृतक श्रवण भुइयां की पत्नी निशा देवी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह श्रवण अपने रिश्तेदार के साथ टेंपो सवार होकर अपने साला का बरछेया करने पड़वा थाना क्षेत्र के रजहरा गांव गया था। बरेया के दौरान सभी लोगो ने शराब का सेवन किया और शाम को करीब 5 बजे सभी लोग टेंपो पर सवार होकर अपने घर आने लगे। इसी बीच रास्ते में शराब के नशे में टेंपो चालक उमेश भुइयां ने टेंपो को पलट दिया। टेंपो पलटने के बाद श्रवण गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा टेंपो पलटने की सूचना पड़वा थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पड़वा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घायल श्रवण भुइयां को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में श्रवण भुइयां की मौत हो गई। वहीं टेंपो पर सवार अन्य व्यक्ति को कोई चोट नहीं लगा है। सभी व्यक्ति खतरे से बाहर है। वहीं घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वह इस घटना के बाद से सदर अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही शुक्रवार की सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



## तस्वीर झूठ ना बोले



बदलते मौसम की बढ़ती गर्मी से स्कूली बच्चों का हाल-बेहाल । (छाया-भोला)

## एक नजर

### चालकों के बीच हुए विवाद को पथरा ओपी प्रभारी ने सुलझाया

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार सिंह ने दो वाहन चालकों के बीच हो रहे विवाद को सुलझाया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर पथरा ओपी अंतर्गत सुल्तानी घाटी के पास एक अज्ञात वाहन एक कार को धक्का मारकर फरार हो गया। इसी बीच कार चालक ने शिवालिया कंपनी के एक ट्रक को पकड़ा और कहने लगा कि इसी वाहन ने कर में धक्का मारा है। इस बीच शिवालय कंस्ट्रशन के ट्रक चालक और कार चालक के बीच झगड़ा होने लगा। दोनों चालकों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि ग्रामीण इस झगड़े को संभाल नहीं पा रहे थे। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार सिंह को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही ओपी प्रभारी मंटू कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों चालकों को समझा बूझकर मामला को शांत कराया। मामले को शांत होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने ओपी प्रभारी को धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय पर ओपी प्रभारी नहीं पहुंचते तो झगड़ा काफी बढ़ सकती थी।और झगड़ा के कारण कोई बड़ी घटना घट सकती थी।

### खुलासा : कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू हत्या कांड का उद्भेदन

# डराने धमकाने से तंग आकर पड़ोसियों ने की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू हत्याकांड का उद्घाटन पुलिस ने कर लिया है इस संबंध में पलामू एसपी रेशमा रमेश अन्ना प्रकारों को बताया कि पूर्व के अच्छी बात में इस घटना को अंजाम दिया गया है इस मामले मे रवि चंद्रवंशी उर्फ रवि राम, राहुल चंद्रवंशी और विशाल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है ! सभी आरोपी चैनपुर थाना के सेमाटांढ के रहने वाले है ! एस पी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद स्वीकारोक्ति बयान में कहा गया है कि उसके परिवार को डराते धमकाते रहता था, बात बात पर राइफल टान देता था ! घटना के दिन भी बिजली का तार जोड़ने को लेकर अभियुक्तो और राजमोहन पोलु के बीच में झगड़ा हुआ था ! इसी झगड़ा में राइफल तान दिया था इधर राहुल चंद्रवंशी ने भी देशी कट्टा राजमोहन पोलु पर चला दिया परन्तु गोली मिस फायर हो गई ! एस पी रमेशन ने बताया कि इस दौरान धक्का मुक्की शुरू हो गई जिसमे अभियुक्त राहुल चंद्रवंशी ने राजमोहन पोलु से राइफल छिनकर उसी राइफल के बट से राजमोहन पोलु के सिर पर प्रहार कर दिया जिससे राजमोहन पोलु जमीन पर गिर गया ! बीच बचाव करने आये बिजली मिस्त्री राकेश दास के सिर पर भी उसी राइफल के बट से जोरदार प्रहार कर दिया` जिससे राइफल टूट गया। इस घटना में राकेश दास लडखडाते हुए कुछ दूर जाकर जमीन पर गिर गया` इसके बाद तीनों फिर से राजमोहन पोलु के पास आए और उसी टूटे हुए राइफल के दूसरे हिस्से बोल्ट और बांस के डंडा से लगातार प्रहार करने लगे` राजमोहन पोलु और राकेश दास को मृत समझकर फिर तीनो भाग गये।



**जब्त समान की सूची**

एस पी ने बताया कि पुलिस घटना स्थल से टूटा हुआ राइफल के आगे का भाग, खून लगा अभियुक्त रवि राम का जिंस पैन्ट एवं टी शर्ट, सिल्वर रंग का एक देशी कट्टा, एक जिन्दा गोली और समार्ट फोन बरामद किया है पुलिस छापामारी में एस डी पी ओ सदर मणिभूषण प्रसाद अभियान डी एस पी राजीव रंजन व थाना प्रभारी चैनपुर सोनु कुमार चौधरी ने प्रमुख भूमिका निभाई

## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के अंधारीबाग गांव में छापेमारी कर पुलिस ने एक पुराने मामले में फरार चल रहे वारंटी रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है । इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त वर्ष 2018 में हुए मारपीट के एक मामले में आरोपी था । उसपर न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया । इसके बावजूद उक्त अभियुक्त फरार चल रहा था।



### आजसू का प्रंमडलीय समीक्षा बैठक में एकजुटता पर बल

## लोस चुनाव में कार्यकर्ता बूथ स्तर पर तैयार रहें : देव शरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर पलामू** ।आजसू पार्टी पलामू प्रमंडल के बैठक मेदनीनगर होटल रिवर व्यू मे देर शाम सम्पन्न हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत को बिरसा चौक चियांकी मे जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में गढवा लातेहार व पलामू जिला की बर्तमान सांगठनिक स्थिति पर चर्चा की। डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड के 14 सीट पर एनडीए जबर्दस्त जीत हासिल करेगी। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए इन्होंने कहा कि जल्द से जल्द पंचायत कमिटी, ग्राम कमिटी का निर्माण कर मिशन 24 की सफलता के लिए अग्रणी भूमिका अदा करे। कार्यक्रम में पुर्व डीआईजी व पार्टी के केन्द्रीय महासचिव संजय रंजन को बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक में राचीं से आये जितेन्द्र सिंह शैलेन्द्र कुमार सिंह छोटन जी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिव पुजन मेहता व गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ईन्तयाज अहमद नजमी विकेश शुक्ला शंकर बिश्वकर्मा दशरथ चौधरी अमित कुमार जितेन्द्र सिंह अमित पाण्डेय पंकज तिवारी दीपक शर्मा दिलीप चौधरी चम्पा देवी रिता देवी नन्दु ठाकुर रबिन्द्र नाथ ठाकुर ईस्तयाक रजा तुलसी शुक्ला संतन मेहता श्रीकान्त तिवारी प्रमिला देवी पुजा कुमारी बिकास चन्द्रवंशी लौकेश सिह समेत कई कार्यकर्ताओं ने विचार रखे।

## स्वर्णकार संघ ने राजसभा सांसद को किया सम्मानित

पाटन। प्रखंड के पालहे गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी मंडल उपाध्यक्ष पाटन पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वर्णकार संघ पलामू जितेंद्र सोनी ने लेस्लीगंज में आयोजित स्वर्णकार सम्मेलन में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद भाजपा डॉ. प्रदीप वर्मा का आगमन लेस्लीगंज में हुआ। वहीं स्वर्णकार परिवार के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जितेंद्र सोनी ने भाजपा के राजसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा को गुलदस्ता व बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक पार्टी कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता स्वर्णकार के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी, धर्मेंद्र सोनी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बेखौफ चल रहे ओवरलोड वाहन, नहीं हो रही कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में ओवर लोडिंग सवारी थम नहीं रही है। यह ओवरलोड वाहन दुर्घटना के शिकार भी होते हैं। इसके कारण चालक व यात्री काल के गाल में समां रहे हैं। इस पर रोक के लिए प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। जिला मुख्यालय से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर जीप, पिकअप, टेम्पो तथा बसें चलती हैं। मुख्य मार्ग से लेकर ग्रामीण इलाकों तक ये वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। सुदूर ग्रामीण इलाकों में इनकी संख्या ज्यादा दिखाई पड़ती है। स्थानीय परिवहन विभाग ने तो वर्ष में एक बार भी अभियान इन वाहनों के विरुद्ध नहीं चलाया। पुलिस तो कभी-कभी वाहन चेकिंग अभियान चला भी देती है।जानकारी के अनुसार शादी-विवाह के मौसम में ओवरलोडिंग समस्या और भी गंभीर होती जा रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन समस्या के प्रति उदासीन बना हुआ है। गौरतलब है कि सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण सवारी वाहनों की मानक के विपरीत ओवरलोडिंग है। चाहे जिस भी मार्ग पर देखा जाए, खटारा जीपों से लेकर अंतिम सांस गिन रही टेम्पो और सवारी गाड़ी पर धड़ल्ले से ओवरलोडिंग हो रही है। हद तो तब हो जाती है जब पुलिस थानों और पिकेटो के सामने से ऐसे वाहन दिन में दर्जनों दफा फरार्टा भरते गुजरते हैं। शहर के मेन सड़क से ओवर लोड वाहन गुजरते है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस के रहते शान के साथ ओवर लोडिंग सवारी बैठा कर ड्राइवर गाड़ी लेकर निकल जाता है और ट्रैफिक पुलिस मूक दर्शक बन कर देखते रहती है। इसी गफलत की वजह से यदा-कदा ऐसे सड़क हादसे हो जाते हैं। जिनमें दर्जनों लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। शाम के समय रांची रोड में कभी भी ओवरलोड कमांडर को देखा जा सकता है यदि समय रहते इन कमांडर वाहनों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आगे चलकर लोगों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।इस संबंध में ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ रुटीन चेकिंग के अतिरिक्त अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पकड़े गए ऐसे ओवरलोड वाहन को जब्त कर उसका फाइन किया जाएगा।



### मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एनाटॉमी विभाग को नहीं मिल रहा डेड बॉडी

## मेडिकल कॉलेज को चार डेड बॉडी की है जरूरत उपलब्ध मात्र दो

**डेड बॉडी को रांची रिम्स से मेडिकल कॉलेज डाल्टनगंज तक लाने में कई कानूनी बाधा : डॉ. कामेन्द्र प्रसाद**

**मेडिकल छात्रों का प्रैक्टिकल हो रहा है प्रभावित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में अध्ययन कर रहे छात्रों को शारिरीक संरचना के विस्तृत जानकारी के लिए शव को चिर फाड कर अंगों के बारे में अध्ययन करना पड़ता है बॉडी मेडिकल एनाटॉमी विभाग के छात्र छात्राएं डेड बॉडी का चिर फाड़ करते और समझते हैं मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने बताया की मेडिकल कॉलेज में चार शवो की आवश्यकता है जबकि केवल दो बॉडी ही कालेज के पास उपलब्ध है। दो डेड बॉडी में से एक शव पर ही प्रैक्टिकल कराया जा रहा है तथा नये सत्र के लिए एक बॉडी को बचाकर रखा गया है मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष में नाम लिखाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित है। जो बॉडी उपलब्ध है उस पर 100 मेडिकल छात्र सर्जरी का काम अपने शिक्षक की मौजूदगी में करते हैं। डॉ. प्रसाद ने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज को बॉडी प्राप्त करने में बहुत दिक्कत आ रही है। इस मेडिकल कॉलेज में पलामू के उपायुक्त और एस पी को पत्र लिखा गया है जिसमें इन दोनों बड़े अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि वे इस मेडिकल कॉलेज को डेड बॉडी उपलब्ध कराने का कष्ट करें डॉ प्रसाद ने बताया की इस समय मेडिकल कॉलेज में चार बॉडी की आवश्यकता है डॉ प्रसाद ने बताया कि ये बेहतर होता यदि इस मेडिकल कॉलेज को एक 'बॉडी' पुरुष की होती और एक महिला की बॉडी होती। इस समय जो दो बॉडी उपलब्ध है वे दोनों के दोनों पुरुष के है। इस तरह से महिला के शरीर के अंगों के चिर फाड़ छात्र-छात्राएं इस समय नहीं सीख पा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के एक शिक्षक जिन्होंने नाम न छापने के शर्त पर बताया की एनाटॉमी के प्रायोगिक परीक्षा में यह उचित और उत्तम होता है यदि एक 'बॉडी' पुरुष की हो और दूसरी महिला की लेकिन इस मेडिकल कॉलेज में महिला की कोई बॉडी कभी नहीं मिली। द्वितीय वर्ष के छात्र नितीन ने बताया की यहाँ पर प्रैक्टिकल कराने के लिए मात्र एक शव उपलब्ध है जिससे खुद अंदाजा लगाया जा सकता है की एक डेड बॉडी पर 100 छात्र छात्रा कैसे प्रैक्टिकल करते होंगें।



## आज की शिक्षण व्यवस्था परंपरागत रूप से थोड़ी अलग : डॉ. जीएन खान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एम.के.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन गेम्स एंड पेयर वर्क एक्टिविटीजटर पर चर्चा हुई। इसमें शिक्षिका प्रियंका ने छोटे बच्चों के बीच क्रियाकलाप आधारित शिक्षण के तरीके बताए। दूसरे सत्र में हैप्पी क्लास रूम विषय पर गुमल की शिक्षिका हर्षिता ने कक्षा-कक्ष को रोचक एवं बाल मन हेतु प्रभावी शिक्षण पर प्रायोगिक रूप से विस्तृत चर्चा की। सभी विषयों हेतु समवेत सत्र में प्रथम सत्र अनुभवात्मक शिक्षण पर आधारित था। इस विषय को डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल लोहरदगा के वरिष्ठ शिक्षक उमाचरण दास ने बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए क्रियाविधि आधारित सत्र को कक्षोपयोगी बनाने की सभी विधियों पर चर्चा हुई । दूसरा सत्र 'एथिक्स एंड इंटीग्रिटी' विषय चिंसू सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिस में बच्चों को विषय शिक्षण के साथ-साथ पर्यावरण, देशभक्ति,जीव - जगत, मानवीय मूल्य एवं संवेदना के प्रति जागरूक करने चिंता करने हेतु आवश्यक शिक्षण पद्धति पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के.डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डॉक्टर जी.एन. खान ने कहा कि आज की शिक्षण व्यवस्था परंपरागत रूप से थोड़ी अलग है। आज का विद्यार्थी गूगल, यूट्यूब जैसे सामाजिक संजाल से परिचित हैं। ऐसे में हमें भी नए तरीकों को जानने की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षित पीढ़ी ही नहीं,बल्कि एक राष्ट्रभक्त जीव, जगत प्रेमी एवं मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण सुयोग्य व्यक्ति निर्माण है। इसे हम अपनी शिक्षण पद्धति में परिवर्तन लाकर नित नए आयाम जोड़कर ही प्राप्त कर सकते हैं। जिस पर इस क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में गहन चर्चा हो रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 6 जिलों के आठ विद्यालयों से 250 से अधिक शिक्षक यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉक्टर जी.पी.झा प्राचार्य डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल लोहरदगा क्लस्टर हेड झारखंड क्षेत्र आई, डॉक्टर आर.के.साहू प्राचार्य गुमला राजेंद्र सचदेवा प्राचार्य भवनाथपुर, ए.के. चौबे प्राचार्य गढ़वा, जी.के. सहाय प्राचार्य लातेहार, आर.के. झा प्रभारी शिक्षक सिमडेगा, अश्विन पात्रा प्रभारी शिक्षक डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल लोहरदगा उपस्थित थे।

### बैठक : संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों ने शैक्षणिक माहौल बेहतर बनाने का लिया संकल्प

# नये सत्र की शुरुआत 5 अप्रैल से मॉर्निंग शिफ्ट में होगी

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। विद्यालय के लिए नए सत्र 24-25 की शुरूआत हो रही है, और 02 अप्रैल को परीक्षा परिणाम के प्रकाशन है। इस बार कजरी संत मरियम विद्यालय के प्रांगण में बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रकाशित की जाएगी और वहीं नावाहाता ब्रांच के बच्चों के रिजल्ट मिलेगा। हॉस्टल के बच्चों के रिजल्ट हॉस्टल में ही मिलेगा। पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक छात्र छात्राओं एवं संबंधित अभिभावकों को परिणाम पत्र दिए जायेंगे। नए सत्र की शुरूआत 05 अप्रैल से पूर्वार्ति समयावधि में होगी। 11 वीं 12 वीं के छात्राओं के लिए कुछ खास सुविधा व सुरक्षा का इंतजाम रखा है। विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव बच्चों के श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम एवं बेहतर भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के बैठक में कहां की वार्षिक मूल्यांकन में सिर्फ बच्चों का ही इम्तिहान नहीं होती है बल्कि विद्यालय और हम सभी शिक्षकों की भी होती है, कि हम कितने लगन और मेहनत से बच्चों को शिक्षा दिए है। क्योंकि जब बच्चा सफल होता है तो बेशक उसके सफलता का हकदार उसके माता-पिता के साथ हम सब शिक्षक भी होते हैं लेकिन जब बच्चा असफल होता है, गलत रास्ते पर चलता है तो उसका जिम्मेवार सिर्फ वह बच्चा ही नहीं बल्कि कभी-कभी हम सब शिक्षक और माता-पिता भी होते हैं इसलिए नए सत्र में हम सभी का प्रयास रहेगा की बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहतर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का भी समावेश हो साथ ही उन्हें इस विद्यालय में अलग-अलग गतिविधियों के साथ-साथ सुरक्षा पर भी विशेष नजर रखी जाएगी।

**पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक छात्र छात्राओं एवं संबंधित अभिभावकों को परिणाम पत्र दिए जायेंगे।**




## लोक अदालत में 50 मामले का हुआ निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलाम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौता के आधार पर 50 मामले का निस्तारण किया गया।16 लाख 39 हजार 200 रुपए का मामला सेटल हुआ । उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव रीतू कुजूर ने दी।उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले नव पीठों का गठन किया गया था।प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से सम्बंधित था।दूसरे पीठ में बिधुत विभाग से सम्बंधित 25 मामले का निपटारा किया गया। पीठ संख्या तीन में एम ए सी टी से सम्बंधित दो मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या चार में आपराधिक 12 मामले का निस्तारण किया गया ।उत्पाद विभाग को 22 हजार 800 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ वही वन विभाग को एक लाख 11 हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।।पीठ संख्या सात में रेलवे से सम्बंधित दो मामले का निस्तारण किया गया। रेलवे को 400 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ।पीठ संख्या आठ में प्री लिटीगेशन से सम्बंधित नव मामले का निस्तारण किया गया।इस मौके पर डीजे प्रथम संतोष कुमार, अभिमन्यु कुमार, मिस रूबी,मनोज कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, अधिवक्ता वीणा मिश्रा, एल ए डी सी के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह, सतीश कुमार दुबे,हुसैन वारिश,अशोक कुमार मिश्र,संजय कुमार सिन्हा, एल ए डी सी के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स रॉय, उत्तम कुमार, पुष्कर राज, कुमारी नीतू सिंह, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## एक नजर

### मुखिया ने निजी खर्च से खेल मैदान का कराया निर्माण

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शनिवार को ताली गांव के पंडा नदी किनारे निजी खर्च से जेसीबी मशीन लगाकर खेल मैदान का निर्माण कराया। मुखिया मुंगा साह ने कहा कि ताली गांव में खेल मैदान नहीं रहने से बच्चों को खेलने में दिक्कत होता था । खेल मैदान निर्माण कराने का मांग क्रिकेट खेलने वाले बच्चों द्वारा किया जा रहा था। अब गांव में खेल मैदान का निर्माण होने से इस गांव के बच्चे भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर अपने अंदर छुपी प्रतिभा को निखारेंगे और अपनी अलग पहचान बनायेंगे।मुखिया ने कहा कि बहुत जल्द इस ग्राउंड पर क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन कराकर पंचायत क्षेत्र के बच्चों को खेल प्रदर्शन करने का मौका दिया जायेगा।इस अवसर पर वार्ड सदस्य संतोष पासवान, पिंटू सिंह, अरूणजय कुमार, राम नारायण सिंह, गुप्तेश्वर साह, कमलेश कुमार गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एक माह बाद पूर्व विद्यालय में चोरी का नहीं हुआ उद्भेदन

केतार। केतार थाना क्षेत्र के लोहिया समता उच्च विद्यालय में एक माह पूर्व अज्ञात चोरों के द्वारा लॉकर तोड़कर लगभग दो लाख रुपए चोरी का उद्भेदन करने में पुलिस को सफलता नहीं मिली है। इससे विद्यालय के शिक्षक काफी दुखी और निराश हैं।विगत 28 फरवरी 2024 को विद्यालय में रखे अलमीरा के लॉकर को तोड़कर अज्ञात चोरों ने एक लाख 97 हजार 850 रू चोरी कर लिया था। वहीं अलमारी में रखे आवश्यक कागजात को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा 30 फरवरी को केतार थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

डीसी-एसपी ने चुनाव तैयारियों को लेकर मीडिया को दी जानकारी

# पलामू लोकसभा में 18 अप्रैल को जारी होगी अधिसूचना, 13 मई को मतदान




नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 16 मार्च 2024 को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता के पश्चात गढ़वा जिले में अब तक किए गए करवाई एवं 13 पलामू लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्धारित संपूर्ण निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 13 पलामू लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण में चुनाव होना है, जिसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना की तिथि है, 25 अप्रैल नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि है, 26 अप्रैल को नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि है, 29 अप्रैल को अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि है, 13 मई को मतदान की तिथि है एवं 4 जून को मतगणना की तिथि है। उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर के रूप में 80 गढ़वा एवं 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा जबकि 76 डाल्टनगंज एवं 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय डाल्टनगंज को तैयार किया गया है। सभी के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को बताया गया। गढ़वा जिले में मतदाताओं कि संख्या 1041022 है, वहीं प्रथम बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं की संख्या 30142 है। जिसमें 80 गढ़वा में 14790 एवं 81 भवनाथपुर में 15352 है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा महिला मतदान केंद्र, ढहऊ मैनेज्ड बूथ, यूनिक मतदान केंद्र के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कंपोजिट कंट्रोल रूम के बारे में उन्होंने बताया कि यह 24/7 कार्यरत है। भारत निर्वाचन आयोग के सभी गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को किया जा रहा है।

## बीडीओ ने कनीय अभियंता पर दर्ज कराई प्राथमिकी

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 29 मार्च को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से एक मामला संज्ञान में आया, जिसमें भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में बतौर कनीय अभियंता (अनुबंध पर) के पद पर कार्यरत राजू कुमार प्रजापति, पिता-रामकेश्वर प्रजापति द्वारा अपने चार पहिया वाहन (JH-01 FL 4444) के सामने बोर्ड लगाकर जिला प्रशासन रांची ऑन गवर्नमेंट ड्यूटी और असैनिक अभियंता सह भावी मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, रांची लिखा गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर को अविलंब राजू कुमार प्रजापति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। जिसके आलोक में 29 मार्च 2024 को हीं प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर द्वारा भवनाथपुर थाना में सुसंगत धाराओं के तहत राजू कुमार प्रजापति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है।साथ हीं अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर के माध्यम से स्पष्टीकरण भी पूछा गया है। बिहार, यूपी ,छत्तीसगढ़ सीमा पर पांच चेकनाका पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा बताया गया कि 16 मार्च 2024 को एमसीसी लागू होने के पश्चात विभिन्न चेकपोस्ट पर अब तक 774 लीटर अवैध देशी शराब जब्त किए गए हैं, 113 लीटर बियर एवं 35 लीटर विदेशी वाइन भी जब्त किए गए हैं। 10 अवैध देशी हथियार जब्त किए गए हैं। जिले में कुल 703 लाइसेंसी हथियारों की संख्या है, जिनमें से अब तक 236 हथियारों को थाने में जमा कराया गया है एवं शेष हथियारों को भी जमा कराया जा रहा है। 107 के तहत अब तक 101 लोगों पर कार्रवाई की गई है, 350 नॉन बेलेबल वारंट जारी किए गए हैं, 124 लोगों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं। पांच इंटर स्टेट चेक पोस्ट सक्रिय है, जिनमें दो यूपी बॉर्डर, दो छत्तीसगढ़ बॉर्डर एवं 1 बिहार बॉर्डर पर चेक नाका लगाया गया है। सभी चेक नको पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात है, सक्रियता से वाहनों की चेकिंग की जा रही है। वेबकैम के माध्यम से भी जिला में रहकर हर गतिविधि पर 24/7 पैनी नजर रखी जा रही है। 24 स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं 18 थानों के माध्यम से भी रेंडम स्थान पर चेक पोस्ट लगाकर रोजाना चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मतदान के दिन 1488 की संख्या में पुलिस बल ड्यूटी में तैनात रहेंगे, जिनके लिए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने की व्यवस्था की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्वाचन से जुड़े कई अन्य विषयों पर भी जानकारी साझा की गई एवं मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पुछे गए सवालों के उत्तर दिए गए। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपरोक्त के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतीयश विजय टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केसरी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो चीफ एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर -डीसी

एमसीसी के शतप्रतिशत अनुपालन हेतु वर्तमान में 8 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 8 स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो भिविंग टीम के माध्यम से असामाजिक तत्वों, अवैध शराब समेत अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। आगे जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक संग संयुक्त रूप से इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण भी किया जा रहा है। वहीं सी विजिल' के माध्यम से अब तक चार मामले प्रकाश में आए, जिसका डिस्पोजल कर लिया गया। इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान अब तक लगभग 4 लाख 76 हजार रुपये का अवैध शराब जप्त किए गए हैं।

## राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने भंडारिया प्रखंड का किया दौरा, कहा - क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया पलामू लोकसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी ममता भुईया अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भंडरिया प्रखंड के दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी चौक से बाजार प्रांगण तक पदयात्रा कर लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। आम लोगों से मिलते हुए आग्रह किया कि राष्ट्रीय जनता दल के केंद्रीय नेतृत्व ने पलामू लोकसभा क्षेत्र से हमें प्रत्याशी घोषित किया है। आप सब अपना बहुमूल्य समर्थन देकर पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधित्व करने का मौका एक बार दें। साथ-साथ उन्होंने पलामू लोकसभा क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं के निदान समेत भंडरिया प्रखंड के लोगों का चिर-परिचित मांग बिंदा कोईला खदान बरवाडी चिरमिरी रेल लाइन जैसे समस्याओं का समाधान करने का वादे को दोहराया। जनसंपर्क अभियान में इनके अलावा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भुवनेश्वर सिंह, बसंत यादव युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव आदिवासी मोर्चा जिला अध्यक्ष पप्पू ठाकुर राजद के रमुना प्रखंड अध्यक्ष जगदीश यादव 20 सूत्री अध्यक्ष राजू घांसी, प्रखंड अध्यक्ष बजरंग यादव,युवा नेता सोनू यादव सरिता देवी लव सिंह मोहमद सकील विरेंद्र लोहरा समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## अवैध कब्जा हटाने को लेकर ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कल्याण विभाग के भूमि में लक्ष्मण उरांव द्वारा किए गए अवैध कब्जा पर अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन दिया जिसका खाता संख्या 155,खेसर 98 तथा रब्बा39 डिसमिल है, यह जमीन कल्याण विभाग बिहार सरकार में दर्ज है इस पर लक्ष्मण उरांव द्वारा 8 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे हैं। ग्रामीणों के आवेदन के अनुसार जानकारी मिली कि कल्याण विभाग की भूमि पर सरकारी आवास था, जिसपर ग्राम सेवाड़ी थाना रंका जिला गढ़वा निवासी लक्ष्मण उरांव पिता मथन उरांव यहां प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के पोस्ट पर कार्यरत थे तथा विभाग द्वारा इन्हें सरकारी आवास निर्गत की गई थी, जिसपर उनके द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध कब्जा कर सरकारी आवास को तोड़कर कब्जा किया गया, कल्याण विभाग के बालिका छात्रावास के 8 डेसिमल भूमि पर सरकारी आवास को तोड़कर लक्ष्मण उरांव के द्वारा अपना निजी मकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया तथा बालिका छात्रावास की भूमि पर अवैध मकान बनाकर फर्जी तरीके से अपना आधार पहचान पत्र एवं दस्तावेज भंडरिया निवासी बनाया, जबकि लक्ष्मण उरांव ग्राम सेवड़ी रंका थाना के खतियान निवासी है।वही बालिका छात्रावास की भूमि पर निजी मकान बनने से प्रखंड भंडरिया के सुद्रवर्ती इलाकों के आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्राओं को भंडारिया पढ़ाई करने हेतु रहने के लिए अनेकों कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा उन्हें किराए के मकान पर रहकर उन्हें अपना आगे का पढ़ाई करने पर मजबूर है।

## कड़िया राज धाम मन्दिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत कड़िया राज धाम मन्दिर के पहाड़ी पर विकास कार्य को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने बैठक की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त ढाई सौ वर्ष पूर्व प्राचीन मन्दिर का जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण किया जाएगा। बैठक कि अध्यक्षता प्रदीप यादव ने की। इस बैठक में मंदिर विकास से संबंधित कार्यों का क्रियान्वयन हेतु मंदिर विकास एवं प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मेहता, उपाध्यक्षअनुज कुमार यादव, सचिव मनोज कुमार यादव, सह सचिव अरविंद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव, मीडिया प्रभारी सोना किशोर यादव, संरक्षक खरौंधी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, राजेश्वर पासवान, धनंजय गुप्ता , सेलेस चोबे ,बेबी देवी ,पूनम देवी ,प्रदीप कुमार चौबे, दयाशंकर पाठक, सुनील कुमार, रवि रंजन यादव, विमलेश कुमार,सदस्य अयोध्या सिंह, अमर राम, विजय पाल, राजेंद्र विश्वकर्मा, शिवराज उराव, प्रभु नारायण गुप्ता, बिगन सिंह, शंभू सिंह, संजीव उराव, उत्तम यादव, पंकज यादव ,सोमनाथ रावत को बनाया गया।

**इस बैठक में मंदिर विकास से संबंधित कार्यों का क्रियान्वयन हेतु मंदिर विकास एवं प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया**

## दुकान में चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, एक चोर गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी(गढ़वा)। खरौंधी बाजार में पिछले एक माह से हो रही चोरी की घटना का पुलिस टीम ने उद्भेदन कर लिया है। खरौंधी बाजार में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 25 वर्षीय चंदन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इसकी जानकारी शनिवार को खरौंधी थाना में श्रीवंशीधर एसडीपीओ सत्येंद्र सिंह ने पत्रकारों को प्रेसवार्ता में दिया। साथ ही बताया खरौंधी बाजार में पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी की घटना घटित हो रही थी। चोरी की घटना का उद्भेदन कर कार्रवाई के लिए एक टीम गठित की गई। टीम गठन के पश्चात पुलिस लगातार छापेमारी करने लगी। छापेमारी के क्रम में पुलिस को बाजार के एक दुकान में लगे सीसी टीवी का एक फुटेज मिला। इसकी गहनता से अवलोकन किया गया। वही गुरुवार की रात्रि में शक के आधार पर थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने खरौंधी बाजार से चंदनी निवासी चंदन कुमार को पकड़कर थाने लाए। थाना में पूछताछ में चंदन कुमार ने बाजार परिसर में अबतक के सभी घरों या दुकानों में चोरी करने का जुर्म स्वीकार किया। साथ ही चंदन कुमार के पास से एक मोबाइल, 8 पीस नए पैंट तथा 2850 रुपए नगद बरामद किया गया। वही चोरी में प्रयुक्त अपाची मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। साथ ही एसडीपीओ सत्येंद्र सिंह ने बताया चंदन कुमार को न्यायिक हिरासत गढ़वा भेजा जा रहा है। इस दौरान भवनाथपुर इंस्पेक्टर राजीव कुमार वीर, टीम में शामिल थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी, एसआई प्रमोद कुमार महतो, एएसआई निरंजन कुमार सिंह, सतेंद्र कुमार, धर्मदेव कुमार, नंददेव सिंह, अजीत चौहान, संजीव कुमार दुबे उपस्थित थे।

**छापेमारी के क्रम में पुलिस को बाजार के एक दुकान में लगे सीसी टीवी का एक फुटेज मिला। इसकी गहनता से अवलोकन किया गया**

## अब्दुल मुतलिब अंसारी के आवास पर नमाजे -ए- तरावीह का समापन



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर/गढ़वा ।** पवित्र माह -ए- रमजान का मुक़्कदस महीना चल रहा है। रमजान महीने में तीन अशरा होता है पहला असर रहमत,दूसरा बरकत,व तीसरा मगफिरत का होता है नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर अंजुमन कमेटी सदर अब्दुल मुतलिब अंसारी के आवास पर खत्म नमाजे -ए- तरावीह शुक्रवार की रात में हाफिज अनवर राजा साहब के द्वारा समापन कराया गया। खत्म तरावीह की नमाज के बाद फातिया खानी कर सभी रोजदारों ने देश में अमन चैन खुशहाली की दुआएं मांगी। हाफिज अनवर राजा साहब ने कहा कि पवित्र माह -ए-रमजान मुबारक अल्लाह का महीना है यह महीना सब्र तथा गमख्वारी का भी है इस महीने में हर मुसलमान के लिए रोजा फर्ज हैं। मौलाना एजाज अंजुम ने कहा कि माह ए रमजान गुनाहों से पाक होने का महीना है जो इस पवित्र महीने में कसरत से ज्यादा से ज्यादा कुराअन ए पाक की तिलावत नमाज रोजा और जकात जैसे रकम निकालकर गरीबों जरूरतमंदों को मदद किया जा सकता है। जामिया इस्लामिया जब्बारिय मदरसा के मोहतमिम अब्दुल कादिर साहब ने कहा कि अल्लाह ने फरमाया है कि जिस वतन में रहो अपने वतन से जान से भी ज्यादा मोहब्बत करो और अपने वतन के लिए मर मिटना सीखो।उन्होंने कहा कि खासकर अपने पड़ोसियों को दुख सुख की घड़ी में ख्याल रखना चाहिए। आमिरे कमेटी तस्लीम खान ने कहा कि पवित्र माह ए रमजान प्रेम आपसी भाईचारे का संदेश देता है।मौके पर हाफिज गयासुद्दीन, मुबारक अंसारी,गुलाम मुस्तफा,शाहिद अंसारी, अली हुसैन, महबुब अंसारी निजामुद्दीन अंसारी,जियारत अंसारी,एनुल अंसारी सहित अन्य लोग का नाम शामिल है।

## बिरबंधा डैम से अधेड़ व्यक्ति का मिला शव,जांच में जुटी पुलिस



नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरबन्धा डैम से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। जिसका उम्र 60 वर्ष लगभग बताया जा रहा है मृत व्यक्ति का शव रामपुर के स्थानीय निवासी छठन मिस्त्री के लगभग 60 वर्षीय पुत्र मुंशी शर्मा के रूप में पहचान की गई है। वहीं स्थानीय पुलिस को जानकारी मिलते ही तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए अंतपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया है। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि बीरबंधा डैम से मुंशी शर्मा का शव मिला। जिसे अंतपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया गया है प्रतीत होता है कि मुंशी शर्मा को डूबने से मौत हुई है,शव पर किसी तरह का चोट चपेट नही पाया गया है। वही आकाश कुमार ने बताया कि विशेष जांच प्रक्रिया जारी है।

## एक ही दिन तीन लोगों की मौत से मातम

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत में एक ही दिन तीन लोगों की आकस्मिक मौत से पूरे गांव में मातम छा गया। शुक्रवार को गांव के बुजुर्ग रामचंद्र चंद्रवंशी की मौत हो गई थी। उसके कुछ ही घंटे बाद सेवानिवृत्त शिक्षक 73 वर्षीय मुरलीधर चौबे की मौत हो गई। शुक्रवार को ही देर शाम मझिगावां गांव के ही एक नवयुवक की भी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही 25 वर्षीय मुन्ना रजवार की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दोपहर उसने सभी से अच्छे से बात की। उसके बाद तबीयत कुछ गड़बड़ होने की जानकारी उसने परिजनों को दी। घर वालों को बताया वह बीते कुछ दिनों से चेचक की चपेट में आ गया था। तबीयत ठीक नहीं होने की शिकायत पर परिजन उसे मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जा रहे थे। उसी क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मुन्ना गांव में ही मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर किया करता था। मुन्ना अपने पीछे माता पिता के साथ पत्नी, दो साल की बच्ची, छोटे भाई बहन को छोड़ गया।

तीर्थ स्थल

### अयोध्या-काशी के लिए तिलदाग पंचायत से 50 तीर्थयात्री रवाना

## प्रधानमंत्री के प्रयास से बना राम का मंदिर : अलखनाथ पांडेय

**अयोध्या में 500 वर्ष बाद रामलला का मंदिर बन पाया है। गांव-गांव से लोग अब भगवान राम का दर्शन करने जा रहे हैं**




नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखंड के दिलदाग पंचायत के बनपुरवा गांव से विंध्याचल, चित्रकूट, प्रयागराज, अयोध्या, बनारस के लिए तिलदाग पंचायत से 50 श्रद्धालु भक्तगण के साथ जा रही बस को वरिष्ठ भाजपा नेता पलामू लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से बजरंगबली का झंडा दिखाकर सभी यात्रियों के मंगल यात्रा के लिए प्रभु श्री राम से प्रार्थना कर जय श्री राम के उद्घोष के साथ बस को रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि का बनपुरवा गांव के सभी अभिभावक एवं सम्मानित के द्वारा अंग वस्त्र के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् सह समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास के कारण ही अयोध्या में 500 वर्ष बाद रामलला जी का मंदिर बन पाया है। जिससे कि गांव-गांव से लोग अब भगवान राम का दर्शन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम कृपा सभी पर बनी रहे और गढ़वा झारखंड में जो झूठ फरेब और भ्रष्टाचार की राजनीतिक चल रही है । भगवान राम उससे पूर्व झारखंड वासियों को मुक्ति दिलावें। भगवान का दर्शन करने जा रहे हैं सभी यात्रियों को उनके मंगल मय यात्रा की कामना करते हुए उनकी हर मनोकामना पूर्ण होने के लिए दी शुभकामना। उक्त मौके पर गोरखनाथ दुबे, कामेश्वर दुबे , सच्चिदानंद दुबे, ब्रजेश उपाध्याय , धनंजय तिवारी, रोशन धर दुबे सहित बनपुरवा गांव के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीडीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को बीडीओ सावित्री कुमारी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक की। उक्त बैठक में बीडीओ ने बीएलओ और सुपरवाइजर को अपने अपने कार्य क्षेत्र में 85+ उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं और 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करते हुए उन्हें मतदान केंद्र तक ले जाने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं मतदान केंद्र पर नहीं जाने की स्थिति में मतदाता के घर पर बैलेट पेपर से फार्म 12 डी भरकर मतदान कराने को लेकर निर्देशित किया गया। वहीं बीडीओ ने बीएलओ को मतदान केन्द्रों पर मुलभुत सुविधाएं पेयजल, शौचालय, बिजली, रैंप का व्यवस्था सुनिश्चित करें। वहीं गांव के चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक कराकर मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्देश दिया गया। इस मौके पर बीपीआरओ सुरेश राम,बीएलओ रानी देवी,अणु देवी, अमृता विश्वकर्मा, सोनी देवी, गीता देवी,रेखा देवी, उर्मिला देवी, ऊषा देवी, सुपरवाइजर आनंद कुमार, राजीव कुमार, समन्वयक राकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिक परिणाम घोषित



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय विद्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय का वार्षिक परिणाम एक कार्यक्रम का आयोजन कर विधिवत घोषित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि विद्यालय के भूमि दाता जगन्नाथ यादव यादव को विद्यालय परिवार द्वारा अंग वस्त्र ओढ़ कर भविष्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि शैलेश सिंह निर्मल सिन्हा साहित कई लोगों ने मां सरस्वती को पुष्प अर्पित करते हुए दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा भैया बहन का परीक्षा के परिणाम की घोषणा की गई जिसमें अष्टम वर्ग के प्रथम सानिया द्वितीय प्रिया एवं सप्तम वर्ग का रुनझुन प्रथम द्वितीय पुष्पांजलि तृतीय कंचन षष्ट वर्ग में निक्कू कुमार प्रथम रानी कुमारी द्वितीय एवं वर्ग पंचम से मिस्टी प्रथम शुभम द्वितीय वंदना तृतीया रही। वहीं वर्ग चतुर्थ से सौरभ प्रथम जेनसन द्वितीय स्थान प्रताप किये। वर्ग तृतीय द्वितीय प्रथम शिशु वर्ग आदि का भी परिणाम सत प्रतिशत रहा। जिन्हें उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए सभी की शुभकामनाएं बधाई दी। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे प्राचार्य अवनीकांत पाठक दीपक कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं के अलावे भैया बहन और कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बरियातू पंचायत का दिलबर हस्सा दस दिनों से है लापता



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियातू पंचायत के बघमरी गांव निवासी दिलबर हस्सा का 24 वर्षीय पुत्र पोलुस हस्सा 10 दिनों से लापता हो गया है। काफी खोजबीन करने के बाद नहीं पता चल पाया। जिसे लेकर पिता ने गुमसूदगी को लेकर शनिवार को गिद्धौर थाना में दिया है। आवेदन में कहा गया है कि पोलूस बीते 21 मार्च को शाम 4 बजे घर से पैदल निकला है। रात बीत जाने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। कई अपने रिश्तेदारों के यहां खोजबीन किया परंतु अब तक पता नहीं चल पाया है। युवक हाफ पैंट हल्का काला रंग का स्वेटर पहना हुआ निकला है। जिसे लेकर गुमसुदगी को लेकर थाना में आवेदन दिया है।

### रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने शंभू प्रसाद



**लातेहार।** रामनवमी पूजा धुमधाम से मनाने के लिए नव युवक संघ, बाइपास चौक की एक बैठक कन्हाई प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में महासमिति के निर्देशों का पालन करते हुए रामनवमी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष शंभू प्रसाद, उपाध्यक्ष सूरज गुप्ता, राजमोहन प्रसाद, अनूज कुमार, विकास मेहता व युगेश्वर राम को बनाया गया।सचिव अजीत यादव व सह सचिव सोनू गुप्ता, राहुल कुमार, विशाल मेहरा, पवन कुमार व महामंत्री अनिकेत सिन्हा, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता व सह कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता को बनाया गया है। जबकि संरक्षक मंडली में कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अशोक कुमार दास, आशीष टैगोर, बद्री प्रसाद, राजू रंजन सिंह, दीपक विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद, द्वारिका अग्रवाल, रामदयाल राम व रामचंद्र राम को शामिल किया गया है। इसके अलावा 11 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। बैठक में चैत्र नवरात्र के पहले बाइपास चौक एवं अन्य प्रमुख सड़कों पर बजरंगी झंडा व तिकोन लगाने का निर्णय लिया गया।

# जामा मस्जिद की इफ्तार पार्टी में सैकड़ों रोजेदार हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ स्थित जामा मस्जिद जामिया नुरिया ज्याउल इस्लाम महुआडांड़ मस्जिद में शुक्रवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी का आयोजन महुआडांड़ के नौजवानो के तरफ से किया गया था। ज्ञात हो कि प्रत्येक शुक्रवार को नौजवानो के द्वारा जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता रहा है और आने वाले शुक्रवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व जुम्मा के नमाज मं. इफ्तार पार्टी को लेकर ऐलान किया गया था। जुम्मा नमाज को लेकर गांव देहात से लोग मस्जिद में नमाज अदा करने आते हैं। इस दौरान यह भी कहा गया कि महुआडांड़ के सभी मुस्लिम धर्मावलंबी इफ्तार के समय पहुंचे और इफ्तार पार्टी में शामिल हों। वहीं इफ्तार करने से पूर्व जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती शब्बर ज्या कादरी के द्वारा दुवाएं की गई। मौके पर इमाम शब्बर ज्या कादरी ने कहा इस तरह के आयोजन होना चाहिए ताकि लोग एक जगह मस्जिद में जमा होकर इफ्तार कर सकें। इसमें लोगों को ज्यादा सवाब मिलता है। और इजतमाई तौर पर दुवाएं भी की जाती है। और इफ्तार से पहले की दुआएं कुबुल भी होती है। जिसके बाद सभी ने इफ्तार किया। साथ ही कुछ अन्य नौजवानो के द्वारा शर्बत रुवाबजा पानी आदि का इन्तजाम किया गया था।

इस आयोजन में मुख्य रूप से मो शबीब खान फहीम खान, इस्तयाक अहमद, सहजाद आलम, राजु खान, शमशाद अहमद शद्दाम आलम, समेत अन्य नौजवानो का सराहनीय योगदान रहा मौके पर हाफिज नदीम अहमद कारी अहमद रजा सदर इमरान अली, नाईब सिक्रेट्री हब्बीबुल्लाह खान, खजांची शाहिद कमाल, नाईब खजांची, तसव्वर अंसारी, लाडले खान, इरफान खान, रानू खान, मोहम्मद सेराजउद्दीन, जान मोहम्मद, जुबैर अहमद, इरशाद अहमद, मोसर्रफ खान, असगर अली भोलू, समेत सैकड़ों के संख्या में रोजेदार मौजूद थे।

# पुलिस ने लोस चुनाव को लेकर चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगडा(चतरा)।** लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर एसपी विकास कुमार पांडेय के निर्देश पर पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान शनिवार को चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी आलोक रंजन के नेतृत्व में पत्थलगडा-समरिया व पत्थलगडा-हजारीबाग मुख्य पथ में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर सभी छोटी-बड़ी गाड़ियों की जांच की गई। इस दौरान खासकर बगैर हेलमेट व कागजात के वाहन चालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए बगैर हेलमेट के मोटरसाइकिल नहीं चलाने की हिदायत दी। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को करीब एक सौ से जायदा छोटी बड़ी वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने बताया कि बगैर हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### पलामू आयुक्त सह नीलांबर पीतांबर विवि के कुलपति ने किया संत जेवियर्स कॉलेज का निरीक्षण

# ‘पढ़ने के लिए जो सुविधाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध हैं, वो किसी आश्चर्य से कम नहीं’



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** पलामू के आयुक्त सह नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति संत जेवियर्स महाविद्यालय पहुंचे। उनके साथ महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंड डांग, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुखदेव साहू तथा सर्किल ऑफिसर संतोष कुमार बैठा भी मौजूद थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश , उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो तथा उप प्राचार्या सिस्टर कैसलिन जूलियट ने उपर्युक्त सभी पदाधिकारियों को गुलदस्ता देकर स्वागत व अभिवादन किया। सभी पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के एसएसआर तथा एक्यूएआर संबंधित सारे तथ्यों का गहनता पूर्वक सवेक्षण व निरीक्षण किया तथा महाविद्यालय के एसएसआर संबंधित सभी रिपोर्ट्स का सफलतापूर्वक सब्मिशन अथवा प्रस्तुतिकरण के लिए प्राचार्य सहित सभी प्रोफेसर्सगण को प्रशंसा करते हुवे अपार हर्ष के साथ बधाई प्रदान की।

उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के सभी सदस्य ने एसएसआर रिपोर्ट्स को तैयार करने से लेकर उसके सब्मिशन तक जो अनवरत अटूट व श्रद्धापूर्वक जो मेहनत की है वो साफ तौर पर दिखाई दे रहा है और वो काबिले ए तारीफ है तथा उन्हें पूर्ण विश्वास व आशा है कि महाविद्यालय को एनएएसी नैक एक्रेडिटेशन में सेकेंड साइकिल में उत्कृष्ट व सर्वोत्तम ग्रेड मिलेगी।

तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों ने महाविद्यालय का निरीक्षण व अवलोकन बहुत ही बारीकीपूर्वक किया। उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कॉन्फ्रेंस हॉल, लेक्चर थियेटर हॉल, कैंटीन, तथा महाविद्यालय में बने हुए भव्य सभागार का भ्रमण किया तथा महाविद्यालय की संपूर्ण आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) की बहुत ही प्रशंसा की और कहा कि - इस महाविद्यालय में पढ़ने के लिए जो सुविधाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध है वो किसी आश्चर्य से कम नहीं है।

महाविद्यालय में इस तरह के सुविधाओं को देखते हुवे नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति ने महाविद्यालय का विश्वविद्यालय से स्थाई संबद्धता का आश्वासन दिया तथा इसके लिए आवश्यक डॉक्यूमेंट्स और पेपर्स विश्वविद्यालय में प्राचार्य को सब्मिट करने को कहा। इस तरह पदाधिकारियों का महाविद्यालय का दौरा बहुत ही महत्वपूर्ण रहा और उन्होंने महाविद्यालय के सफलता हेतु हर संभव मदद देने का आश्वासन जताया।

# लातेहार के 5840 विद्यार्थियों की मिलेगी छात्रवृत्ति



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति प्राथमिक, मध्य एवं उच्च (वर्ग 1 से 10) के कुल 5840 छात्र-छात्राओं का सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला के सभी सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृति योजना से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 13.7 किलो अफीम के साथ एक युवक गिरफ्तार, जेल



**प्रतापपुर(चतरा)।** पुलिस ने प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एघारा गांव के टोला फलेन्दा से 13.700 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक आदित्य कुमार पिता विजय सिंह भोक्ता को न्यायिक हिरासत में शनिवार को जेल भेज दिया गया। प्रशिक्षु आईपीएस सह प्रभारी थानेदार शुभम कुमार खण्डेलवाल ने थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि फलेन्दा गांव के आदित्य कुमार के घर में भारी मात्रा में अवैध अफीम बाहर के व्यापारियों को बेचने के लिये संग्रह कर रखा गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अंचलाधिकारी प्रतापपुर नित्यानन्द कुमार दास के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उकत स्थल से 13.700 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ आदित्य कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक ने पुछताछ करने पर पुलिस को बताया कि जब्त अफीम बाहर के व्यापारियों को बेचने के लिए रखा था।

### मुन्ना भाई के डर से सहमे पदाधिकारी

# सील क्लिनिक को लीपा पोती कर फिर से खोला



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** अवैध रूप से क्लिनिक संचालन एवं बिना किसी प्रशिक्षण के प्रसव व सर्जरी करने के आरोप में शुक्रवार को लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित सील किए गए मुन्नाभाई के क्लिनिक को 24 घंटे के अंदर खोल दिया गया। इस बाबत चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक करमाली से पूछे जाने पर उन्होंने कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया। वहीं लिपापोती करते हुए उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी के आदेश पर सील को खोला गया है। इधर अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा से पूछे जाने पर उनका जवाब भी संदेहास्पद रहा। अंचलाधिकारी के शब्दों में मुन्ना भाई का जबरदस्त डर भी दिखा। उन्होंने कहा कि सील के बाद जब पुनः क्लीनिक की जांच की गई तो मुन्ना के क्लीनिक में कुछ भी समान नहीं पाया गया। मुन्ना उल्टा हम लोगों पर मामला दर्ज न कर दे जिसके कारण हम लोगों ने क्लीनिक का सील खोल दिया है। हालांकि बातचीत के दौरान शुरूआती दौर में अंचलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुन्ना विभाग के साथ भी गेम खेल रहा है। रातों-रात सारे सामग्रियों को किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट कर दिया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि मुन्ना के अवैध कारनामों के बारे में मुझे भी पता चला है, साथ ही मैं गहनता से जांच भी कर रहा हूं। शीघ्र ही मुन्ना को नोटिस किया जाएगा क्योंकि उसके पास क्लिनिक संचालन करने एवं इलाज करने के लिए कोई भी कागजात या लाइसेंस नहीं है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी मुन्नाभाई नवजात बच्चों को बेचने और नकली खून चढ़ाने के आरोप में जेल जा चुका है और उसका क्लिनिक भी सील हो चुका है। इसके बावजूद भी पुनः खुले आम धड़ल्ले से मुन्ना द्वारा क्लीनिक का संचालन किया जाना कहीं ना कहीं विभाग के ऊपर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक परीक्षा के परीक्षाफल प्रकाशित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक परीक्षा 2023 -24 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया । परीक्षाफल सार्वजनिक करने के पूर्व दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अध्यक्ष किशोर प्रसाद द्वारा कक्षा अरुण से सप्तम तक में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रगति पत्र एवं पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कक्षा अरुण मां प्रथम स्थान अर्पित कुमार द्वितीय विवान कुमार तृतीय सूरज कुमार कक्षा उदय में प्रथम स्थान कोमल कुमारी द्वितीय अर्पित राज तृतीय कश्यप प्रसाद कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान दिव्या कुमारी,द्वितीय स्थान शौर्य कुमार गुप्ता,तृतीय दिव्या सिन्हा,कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान लक्ष्मी प्रिया द्वितीय प्रियांशु कुमार तृतीय विजय कुमार कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान प्रिंस कुमार द्वितीय स्थान निगम कुमार तृतीय श्रेयांश कुमार कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान अनु कुमारी द्वितीय नितिन कुमार तृतीय परिधि कुमारी कक्षा पंचम में प्रथम स्थान चाहत कुमारी द्वितीय अंशु कुमारी तृतीय शौर्य राज कक्षा षष्ठ में प्रथम स्थान सचिन राज द्वितीय स्थान आराध्या कुमारी तृतीय स्थान अनुराग कुमार कक्षा सप्तम में प्रथम स्थान आयुष कुमार द्वितीय स्थान सत्यम कुमार तृतीय स्थान प्रियांशी राज ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने अध्यनरत छात्र छात्रों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।उन्होंने कहा आप सभी लक्ष्य को निर्धारित करके पढ़ाई करें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सतत प्रयास लग्न एवं परिश्रम से करने पर जीवन के हर क्षेत्र में सफल होंगे। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्रा एवं आचार्य परिवार उपस्थित थे।

### वार्षिक परीक्षाफल घोषित, अभिभावकों को मोबाइल व टीवी से बच्चों को दूर रखने की नसीहत



**लातेहार।** शहर के नगर पंचायत कार्यालय रोड में अविस्थत चिल्ड्रेन कान्वेंट स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर शिक्षक-अभिभावक गोष्ठि का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शशिभूषण पांडेय ने अभिभावकों को विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों से अवगत कराया। वार्षिक परिणाम घोषित करते हुए उन्होंने सफल व अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दी। कम अंक लाने वाले छात्रों की हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि असफलता में ही सफलता की कुंजी छिपी रहती है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट मार्ग नहीं होता है। हमेशा परिश्रम से ही सफलता मिलती है। उन्होंने अपने बच्चों को मोबाइल व टीवी से दूर रखने की अपील अभिभावकों से की। जारी परीक्षा में कक्षा प्राइमरी नर्सरी में याक्षित राज, पीयुष व अनविक सोनी ने क्रमशः प्रथम, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा नर्सरी में अनमोल राज, नंदनी कुमारी व हन्नु कुमार, कक्षा एक में सत्यम कुमार, समायरा कुमारी व आर्यन कुमार, कक्षा दो में आशी कुमारी, रीतेश कुमार प्रसाद व मोही राज, कक्षा तीन में दिव्यांशु कुमार, अभिराज सिंह व रिषभ कुमार, कक्षा चार में आस्था कुमारी, परिधि कुमारी व अराध्या कुमारी, कक्षा पांच में सिया कुमारी, मानसी कुमारी व जानवी कुमारी, कक्षा छह में आयेशा परवीन, वंश अग्रवाल व रिया कुमारी तथा कक्षा सात में स्वीटी कुमारी, युवराज कुमार व तियाशा टैगोर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर शिक्षिका शिवानी वर्मा सुमन प्रसाद, करूणा मिश्रा, निरूपमा गौड़, पूजा कुमारी, खुशी राणा, खुशी रानी व रिया कुमारी आदि मौजूद थे।

### सुपर ओवर में खेलकर पैंथर इलेवन पहुंचा जीपीएल के फाइनल में

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल मैदान में चल रहे गिद्धौर प्रीमियर लीग के दूसरे राउंड का दो मैच शनिवार को खेला गया। पहला मैच पैंथर इलेवन बनाम सिंदुआरी फाइटर के बीच खोली गई। जिसमें टॉस जीतकर सिंदुआरी फाइटर ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर इलेवन की टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट पर 125 रन बनाया। जिसमें जितेंद्र कुमार यादव ने शानदार अर्द्ध शतक लगाते हुए 30 गेंद पर तीसरा 63 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेली उतरी सिंदुआरी फाइटर की टीम ने भी 12 ओवर में 6 विकेट पर 125 रन का स्कोर खड़ा किया। इस प्रकार दोनों टीमों के बीच मैच टाई हो गई। इसके पश्चात प्रीमियम लीग के समिति द्वारा सुपर ओवर का मैच खेलाया गया। सुपर ओवर में पैंथर इलेवन की टीम ने एक ओवर में 10 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी सिंदुआरी फाइटर ने दो गेंद पर दो विकेट पर एक भी रन नहीं बन पाया। इस प्रकार पैंथर इलेवन की टीम 10 रन से विजय रहते हुए प्रीमियर लीग के फाइनल में जगह बना लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच अनिल कुमार को दिया गया। दूसरा टाइगर इलेवन बनाम सुपर किंग नयाखाप के बीच खेली गई। टॉस जीत का टाइगर इलेवन की टीम ने 12 ओवर में सभी विकेट खोकर 104 रन का स्कोर खड़ा किया।

### बाल विवाह पर जागरूकता शिविर का आयोजन, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष ने कहा

# बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएम एक्सीलेंट बालिका स्कूल में शनिवार को विभागीय दिशा निर्देश पर बाल संरक्षण इकाई के तत्वाधान में सीडब्ल्यूसी द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्याक्रम कि अध्यक्षता सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष धनंजय तिवारी व संचालन पीएलवी सुबोध शर्मा ने किया। सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष श्री तिवारी ने बालिकाओं को बाल हिंसा और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह एक अवैध अभिशाप है। इस पर चर्चा करते हुए आगे कहा कि बाल विवाह एक बड़ी समस्या है, जिससे हमें समुचित सावधानी बरतनी चाहिए। बाल विवाह एक ऐसी प्रथा है जिसमें न तो बच्चों की भावनाओं का ध्यान रखा जाता है और न ही उनकी मानसिक स्थिति का। इस प्रथा में बच्चे समझौते के शिकार होते हैं और उनकी जिंदगी में अच्छे भविष्य की संभावना समाप्त हो जाती है। बच्चियों को बाल विवाह होने पर सूचना 1098 के साथ सीडब्ल्यूसी, पुलिस, बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्प लाइन को देने की अपील करते हुए कहा कि आपकी पहचान गुप्त रखी जायेगी। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सहित सहायक शिक्षक आदि मौजूद थे। वहीं जिला मुख्यालय स्थित प्लस टू बालिका विद्यालय में बाल विवाह पर जागरुक्ता कार्यक्रम का आयोजन सीडब्ल्यूसी सदस्य मुकेश कुमार पांडेय व पिंकी कुमारी के द्वारा किया गया।

# नौ स्वतंत्रता सेनानियों की याद में गौरव शहीद जतरा मेला का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** नौ स्वतंत्रता सेनानियों की याद में शनिवार को निंद्रा गांव के समीप स्थित स्मारक स्थल पर गौरव शहीद जतरा मेला का आयोज किया गया। प्रखंड क्षेत्र का अपना एक अलग शान और पहचान है। प्रखंड क्षेत्र के सुदूर पंचायत डूमारो से ही नौ स्वतंत्रता सेनानी 1.भोला टाना भगत 2.बिरसा टाना भगत 3.शनी टाना भगत 4.मकु टाना भगत 5.साधु टाना भगत 6.एतवा टाना भगत 7.ठीबरा टाना भगत 8.थोलवा टाना भगत 9.कोटेया टाना भगत हुए इन्होंने देश की आजादी के लड़ाई में अपना अहम योगदान दिया था। इनके बलिदान और त्याग को याद कर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 मार्च 2024 को 9 स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव समिति निंद्रा के द्वारा नौ स्वतंत्रता सेनानियों की याद में गौरव शहीद जतरा मेला का आयोज किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के अध्यक्ष शिव शंकर टाना भगत के नेतृत्व में पारंपरिक पूजा-पाठ तथा भजन के साथ हुई तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने में शिक्षक मुखदेव गोप का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पंचायत की मुखिया सुनीता खलखो ने कहा कि इनके कर्यों से हम सभी गर्व महसूस करते हैं इन सभी स्वतंत्रता सेनानियों की देन थी की निंद्रा जैसे गांव देश के प्रथम राष्ट्र पति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की ट्रेन निंद्रा स्टेशन पर रूकी थी जिसके बाद निंद्रा स्टेशन का नाम देश स्तर पर रौशन हुआ। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित होकर स्वतंत्रता सेनानियो के चरणों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## एक नजर

### हाटी कुंबाटोली में शौच के लिए गई वृद्ध महिला की कुएं में गिरने से मौत

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के उदरंगी पंचायत के हाटी कुंबाटोली गांव में शनिवार की सुबह शौच के लिए गई वृद्ध महिला की कुएं में गिरने से मृत्यु हो गई। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने शव को घर लाया गया। सूचना मिलने के बाद पहुंची भंडरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया। शव की पहचान हाटी कुंबाटोली गांव निवासी छंदू मुंडा की 80 वर्षीय पत्नी छूनिया मुंडाइन के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि छुनियां शनिवार की सुबह शौच के लिए खेत की ओर गई थी। काफी देर तक वह नहीं लौटी। घटना की जानकारी ग्रामीणों से मिलने के बाद परिजन घटना स्थल पहुंच कर शव को ग्रामीणों की मदद से कुएं से बाहर निकाला। घटना से गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

### दो फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लोहरदगा।** आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के द्वारा अपने- अपने थाना क्षेत्र में वारंटियो/फिरारियो/ स्थायी वारंटी एवं अन्य वांच्छित अपराध कर्मियों के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार करने हेतू निर्देशित किया गया है। निदेर्शानुसार छापामारी अभियान के क्रम में 29 मार्च को वारंटी नन्दलाल महतो, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता- अरूण महतो, सा०- हेन्देहास, थाना- सेरेंगदाग, जिला- लोहरदगा के वारंटी लाल मोहन लोहरा, उम्र- 36 वर्ष, पिता- गन्दुरा लोहरा, सा०- हेन्देहास थाना- सेरेंगदाग, जिला- लोहरदगा को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को शनिवार को न्यायालय में उपस्थापन किया गया। छापामारी दल में सेरेंगदाग थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सैट - 76(1) सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### महिला ने की आत्महत्या

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के कतारीकोना गांव की महिला बसंती असुर उम्र 28 वर्ष ने जंगल में जाकर बरगद के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में मृतिका के पति बिरबल असुर ने बताया कि उसकी पत्नी मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। वो बिते सोमवार को घर में बिना किसी को बताए कहीं निकल गई। जिसके बाद हमलोगों ने उसकी काफी खोजबीन की फिर शुक्रवार को ग्रामीणों ने बताया कि आपकी पत्नी की लाश जंगल के एक पेड़ के सहारे लटकी हुई है। जिसके बाद हमने इसकी सूचना चैनपुर थाना को दी। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से शव को लेकर चैनपुर थाना को सुपुर्द किया गया।

### 2004 से पहले नहीं होता था राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन

# दूसरी बार दो प्रमुख राजनीतिक दल गठबंधन के तहत मैदान में उतरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सीट पर वर्ष 2004 से पहले राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन नहीं होता था। वे अपने दम पर चुनाव लड़ते थे। 2004 में लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस व जेएमएम ने गठबंधन किया था। तब गठबंधन के तहत कांग्रेस के टिकट पर डॉ. रामेश्वर उरांव चुनाव मैदान में उतरे थे।

इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही गठबंधन के तहत लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। महागठबंधन के तहत कांग्रेस के टिकट पर सुखदेव भगत चुनाव मैदान में हैं, जबकि आजसू और भाजपा के बीच हुए गठबंधन में भाजपा की ओर से समीर उरांव चुनाव मैदान में हैं। यह दूसरी बार है, जब दोनों प्रमुख पार्टियां लोहरदगा लोकसभा सीट से गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही हैं। वर्ष 1957 के चुनाव के समय लोहरदगा सीट रांची लोकसभा सीट में समाहित थी। तब जेकेपी/जेएचपी के इग्नेश बेक सांसद चुने गए थे। 1962 के चुनाव में एसडब्ल्यूए के टिकट पर डेविड मुंजनी लोहरदगा के सांसद चुने गए थे। इस चुनाव में कांग्रेस के कार्तिक उरांव को महज 11 प्रतिशत वोट मिले थे। 1967 में कार्तिक उरांव कांग्रेस के टिकट पर 13 प्रतिशत वोट लाकर लोहरदगा के सांसद बने थे। 1971 के चुनाव में कार्तिक उरांव 30 प्रतिशत वोट लाकर सांसद निर्वाचित हुए थे। 1977 के चुनाव में बीएलडी के टिकट पर लालू उरांव 25 प्रतिशत वोट लाकर सांसद चुने गए थे। इस चुनाव में कांग्रेस के कार्तिक उरांव को महज 13 प्रतिशत वोट मिले थे। 1980 में कांग्रेस के टिकट पर कार्तिक उरांव चुनाव जीते थे। 1982 के उप चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर सुमति उरांव चुनाव जीती थी। 1984 में एक बार फिर सुमति उरांव कांग्रेस के टिकट पर चुनाव में जीत हासिल की थी। 1989 में भी कांग्रेस ने अपने दम पर चुनाव जीत लिया था, तब भी सुमति उरांव कांग्रेस की प्रत्याशी थी। 1991 में भाजपा ने अपने दम पर चुनाव लड़ते हुए चुनाव जीता था। भाजपा के टिकट पर ललित उरांव चुनाव निर्वाचित हुए थे। 1996 में भी भाजपा के टिकट पर ललित उरांव ने लोहरदगा लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। 1998 में कांग्रेस के टिकट पर इंद्रनाथ भगत ने चुनाव जीता था। 1999 के चुनाव में दुखा भगत ने विजय हासिल की थे। इस समय तक राजनीतिक दल अपने दम पर चुनाव में उतरते थे। इसके बाद से तो जैसे गठबंधन की हवा चल पड़ी। 2004 में रामेश्वर उरांव सांसद बने। 2009 में पहली बार सुदर्शन भगत सांसद बने इसके बाद वे लगातार तीन बार सांसद बने रहे। 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में सुदर्शन भगत का चक्र चला और वे जीत हासिल किए। अब देखना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के समीर उरांव भी सुदर्शन भगत की तरह जीत हासिल करते हैं या कांग्रेस के सुखदेव भगत से शिकस्त खाते हैं। चूंकि सुखदेव भगत पिछले बार महज कुछ हजार वोट के अंतर से सुदर्शन भगत से हारे थे।

### ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा मजदूर बाल-बाल बचे



**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा व बगडू थाना अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र में चरहु के समीप अनियंत्रित हो ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा कोई हताहत नहीं, चालक व मजदूर बाल-बाल बचे। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सेन्हा व बगडू थाना क्षेत्र के चरहु सीमावर्ती के समीप तालाब के पास ईंट लदा ट्रैक्टर पलटी कर गया। जिसे इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं ट्रैक्टर में सवार मजदूर एवं चालक बाल-बाल बचे वहीं लदा हुआ ईंट को क्षति होने की बात बताई जा रही है। चंदवा टोंगरी के समीप संचालित राजा ईंट भट्ठा से ईंट लोड कर ट्रैक्टर चरहु की ओर जा रहा था। उसी दौरान ट्रैक्टर चालक गाड़ी का संतुलन नहीं बना पाया जिसे ट्रैक्टर सड़क के किनारे पलट गया। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा स्थानीय थाना को दिया गया। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस घटना स्थल पहुंच जायजा लेते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

### विद्या भारती स्कूलों का तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला शुरू

# छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास शिक्षा का मूल उद्देश्य : शशिधर लाल

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** विद्या भारती योजना अनुसार शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय का संयुक्त रूप से त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल , सचिव अजय प्रसाद, तीनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सुनील सिंह एवं सुरेश चंद्र पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथि परिचय विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने कार्यशाला का महत्व बताते हुए कहा कि सत्र के आरंभ में सभी आचार्य सामूहिक रूप से सकारात्मक ऊर्जा से वर्ष भर की योजना बनाते हैं और उनका क्रियान्वयन करके विद्या भारती के उद्देश्य को सफल बनाने में कामयाब होते हैं। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल नेअपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से विद्या भारती की योजना एवं लक्ष्य के अनुसार आचार्यों को योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्य का संपादन करना चाहिए। उद्घाटन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने किया। मंच संचालन राजीव कुमार सिंह ने किया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद ने स्थायी भौतिक सामग्री से संबंधित सभी प्रकार के पंजी को सत्यापित किया। तृतीय सत्र में विद्यालय के सबल एवं निर्बल पक्ष पर प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में गहन समीक्षा की गई।चतुर्थ सत्र में आचार्य भारती गठन, दिवस अधिकारी का निर्धारण एवं शून्य कालांश के महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई। पंचम सत्र में प्रांतीय कार्य योजना एवं शैक्षिक पंचांग, वार्षिक कार्य योजना पर विस्तार से विचार किया गया। प्रथम दिन के कार्यशाला का समापन संघ प्रार्थना के साथ किया गया।

# बूथ स्वयं सेवक को मिला विशेष चुनावी टिप्स

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** नगर क्षेत्र लोहरदगा के 38 बूथों के बीएजी व बूथ वालंटियरस के साथ नगर परिषद सभागार में बैठक की गई। जिसमें प्रशासक सह स्वीप नोडल पदाधिकारी जयपाल सिंह द्वारा 13 मई 2024 के मतदान को 90 प्रतिशत तक पहुंचाने की अपील की गई। साथ में अपने घर एवं मुहल्ले वासियों को जागरूक करते हुए बीएजी एवं वोलेंटियर को अपने दायित्व निर्वहन की बात कही गई। जिनका नाम उक्त मतदान केन्द्र के मतदाता सूची में अंकित है। बैठक कर उन्हें मतदान दिवस की जानकारी करना। मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित करना। मतदान हेतु किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचने। निर्भीक व निष्पक्ष होकर मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदान दिवस को मतदान केंद्रों पर तीन कतार क्रमशः पुरुष, महिला एवं तीसरी कतार, दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती/ धात्री महिला हेतु होगी ताकि किसी भी मतदाता को मत डालने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।

# अबुआ आवास में योजना के लाभुकों से अवैध वसूली का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**डुमरी।** प्रखंड में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुवा आवास योजना में लाभुकों से राशि की वसूली की जा रही है। मुखिया के नाम पर वसूली की जा रही है। जो लागू पैसा नहीं दे रहे हैं। उनका नाम कटवाने की बात कही जा रही है। ताजा मामला नवाडीह पंचायत के बेर्री गांव का है। जहां महिला लाभुक ज्योति किंडो का अबुआ आवास स्वीकृत हुआ था जहां लाभुक को पहली किस्त के तौर पर 20 हजार रु मिले पैसा आने की जानकारी होने के बाद खुद को नवाडीह मुखिया चेतनलाल मिंज का आदमी होने का बात कहते हुये रंजन नामक व्यक्ति 5 हजार व 10 हजार रु की मांग कर रहा है। महिला लाभुक के घर पहुंचकर जबर्दस्ती बैंक से 5 हजार रु निकालकर ले लिया। जिससे लाभुकों में आक्रोश देखा जा रहा है। प्रखण्ड प्रसाशन से जांच कर कार्रवाइ की मांग की है। इस संबंध में डुमरी बीडीओ को कॉल किया गया लेकिन बीडीओ के द्वारा फोन नहीं उठाया गया। वहीं पैसे मांगने का ऑडियो वायरल हो रहा है।

# बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओपा का परीक्षा फल प्रकाशित

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओपा में शनिवार को वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष धनंजय प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम मित्तल शामिल हुए। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर वर्मा, सहप्रधानाचार्य आनंद साहू, आचार्य अमित साहू, प्रमोद प्रसाद अग्रवाल, उपेंद्रनाथ सहदेव, आचार्या सोनी देवी एवं सैकड़ो अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन सह प्रधानाचार्य आनंद साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आचार्य अमित साहू के द्वारा कक्षा प्रवेश से पंचम तक के परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया। प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को वार्षिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं नए सत्र में परीक्षा परिणाम को अधिक श्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित किया। कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को उपस्थित अतिथियों एवं आचार्य आचार्या के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ किया गया।

### चोरों का निवाला बन गया है कुडू का जलमीनार

**लोहरदगा।** करोड़ों रुपये की लागत से बना कुडू का जलमीनार स्थानीय लोगों की प्यास बुझाने में सक्षम तो नहीं हो सका। अब उसके समानों को चोरी कर लिया गया है।दरवाजे एवं खिड़की की चौखट -कीवाड़ी तो चुराया गया हीं जल मीनार की टंकी तक जाने की सीढ़ी भी चोरों ने अपना निवाला बना लिया। हारुण रशीद ऑपरेटर ने बताया कि इसकी सूचना लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग एवं पुलिस प्रशासन को दे दी ग?ई थी। ज्ञात हो कि रेफरल अस्पताल भवन में लगे लोहे के समान भी चोरों द्वारा गायब कर दिये गये। वाहनों की चोरी चर्चा में आ जाने पुलिस प्रशासन क्रियाशील हो जाता है। लेकिन इस प्रकार की चोरियाँ जल्दी चर्चा में नहीं आती है जिसके कारण चोरों के लिए ऐसे क्षेत्र सेफ जोन साबित होते हैं।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर अभियान एक को

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए जिला अन्तर्गत एक अप्रैल को पूर्वाह्न 10:15 बजे से रेलवे स्टेशन, लोहरदगा में हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन में पिरामल फाउंडेशन और नेहरू युवा केन्द्र की टीम भाग लेगी। उक्त जानकारी वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा दी गयी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 37 / 2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.04.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 06.04.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.04.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड बारियातु** में उ0प्रा0वि0 पकरूआ (बनवार) **(मतदान केन्द्र सं0–51)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड बारियातु** में पंचायत भवन डाढ़ा **(मतदान केन्द्र सं0–77)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड बालूमाथ** में मध्य विद्यालय मुरपा **(मतदान केन्द्र सं0–128 से 130)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड बालूमाथ** में उ0म0वि0 चमातु **(मतदान केन्द्र सं0–81)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड बालूमाथ** में उ0म0वि0 जोगियाडीह **(मतदान केन्द्र सं0–105)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड बालूमाथ** में उ0प्रा0वि0 तुरीटांड़ **(मतदान केन्द्र सं0–123)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड लातेहार** में सामुदायिक भवन डुरूआ **(मतदान केन्द्र सं0–207)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड लातेहार** में आंगनबाड़ी केन्द्र सासंग **(मतदान केन्द्र सं0–220)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड लातेहार** में उ0प्रा0वि0 रेहलदाग **(मतदान केन्द्र सं0–257)** मे शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 10 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड लातेहार** में उ0प्रा0वि0 भदईबथान (पतरातु) **(मतदान केन्द्र सं0–259)** मे शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 11 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड चन्दवा** में सामुदायिक भवन चोरझरिया नगर **(मतदान केन्द्र सं0–296)** मे शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 12 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड चन्दवा** में प्रा0वि0 महुआटांड़ **(मतदान केन्द्र सं0–295)** मे शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 13 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड चन्दवा** में उ0म0वि0 नगर **(मतदान केन्द्र सं0–297)** मे शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 14 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड चन्दवा** में आंगनबाड़ी केन्द्र धोबीटोला चन्दवा **(मतदान केन्द्र सं0–311)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 15 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड चन्दवा** में नया कृषि भवन चन्दवा **(मतदान केन्द्र सं0–312)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 16 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड चन्दवा** में आंगनबाड़ी केन्द्र चन्दवा **(मतदान केन्द्र सं0–315)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 17 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड चन्दवा** में आंगनबाड़ी केन्द्र डेमटोली **(मतदान केन्द्र सं0–316)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 18 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड चन्दवा** में उ0उ0वि0 बेलगढ़ा **(मतदान केन्द्र सं0–346)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 19 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड बरवाडीह** में पंचायत भवन पोखरीकला **(मतदान केन्द्र सं0–10)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 20 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड बरवाडीह** में मध्य विद्यालय पोखरीकला **(मतदान केन्द्र सं0–8)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 21 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड बरवाडीह** में सामुदायिक भवन बरवाडीह **(मतदान केन्द्र सं0–26)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 22 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड मनिका** में पंचायत भवन जान्हों **(मतदान केन्द्र सं0–118)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 23 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड मनिका** में पंचायत सचिवालय पल्हेया**(मतदान केन्द्र सं0–137– 138)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 24 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड मनिका** में पंचायत भवन जुंगुर **(मतदान केन्द्र सं0–153)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 25 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड मनिका** में राजकीय मध्य विद्यालय **(मतदान केन्द्र सं0–120,121)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 26 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड मनिका** में उ0म0वि0 बगडेगवा **(मतदान केन्द्र सं0–126)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 27 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड मनिका** में राजकीय प्राथमिक विद्यालय रेवतखुर्द **(मतदान केन्द्र सं0–141)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 28 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड मनिका** में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जेरूआ **(मतदान केन्द्र सं0–170)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 29 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड महुआडांड़** में प्राथमिक विद्यालय बृजियाटोली **(मतदान केन्द्र सं0–254)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 30 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड महुआडांड़** में प्राथमिक विद्यालय पुटरूंगी **(मतदान केन्द्र सं0–292,297)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 31 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड महुआडांड़** में प्राथमिक विद्यालय लुरगुमीखुर्द **(मतदान केन्द्र सं0–303)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 32 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड महुआडांड़** में उ0म0वि0 बहेराटोली **(मतदान केन्द्र सं0–283)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 33 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड महुआडांड़** में उ0म0वि0 गनसा **(मतदान केन्द्र सं0–299)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 34 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड महुआडांड़** में प्राथमिक विद्यालय सिदरा **(मतदान केन्द्र सं0–300)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 35 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड महुआडांड़** में उ0म0वि0 आराहंस **(मतदान केन्द्र सं0–319)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 36 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड महुआडांड़** में प्राथमिक विद्यालय चोरमुण्डा **(मतदान केन्द्र सं0–321)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |
| 37 | लातेहार जिलान्तर्गत **प्रखण्ड हेरहंज** में उ0प्रा0वि0 बन्दरलोरिया (पुराना भवन) **(मतदान केन्द्र सं0–05)** में शौचालय निर्माण। | 8,41,600/- | 17,000/- | 1250/- | 01 (One) Months |

नोटः– यह निविदा आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निर्माण कार्य हेतु प्रकाशित की जा रही है।
नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें । कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।
PR 323455 Building(23-24)D


## विदाई — प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश को अधिवक्ता संघ ने दी विदाई

# न्याय संविधान की रक्षा व गरीब बेसहारों के लिए होना चाहिए : पीडीजे

### राजेंद्र बहादुर पाल का कार्यकाल लोहरदगा में मील का पत्थर साबित होगा : डॉ. प्रमोद पुजारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** जिला अधिवक्ता भवन में 30 मार्च शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा की न्याय का कार्य करते समय इंसान पदाधिकारी नहीं रहता है। बल्कि संविधान के रक्षक गरीबों बेसहारों के प्रति न्याय करने वाला बन जाता है। कभी पक्षपात जाति धर्म से उठा हुआ विचार न्यायिक पदाधिकारी का होना चाहिए जो मैंने किया और कभी किसी के दबाव मे अपना निर्णय नहीं किया इससे मुझे आत्मसंतुष्ठी है। उन्होंने कहा की मेरी 28वर्ष तीन महीना 15 दिनों की सेवा में किसी भी अधिवक्ता के साथ लड़ाई या गलत व्यवहार नहीं हुआ। अधिवक्ता न्याय की कड़ी होते है। उन्होंने कहा की न्याय करना एक ऐसी प्रक्रिया है। जिसमे जैसे जैसे केस के अंदर घुसते जाते है वैसे वैसे न्याय का रास्ता खुलता जाता है और निर्णय आसान बन जाता है। कभी भी पहले से किसी के प्रति दुर्भावना नहीं रखना चाहिए तभी निर्णय सही लिया जा सकता है। उन्होंने लोहरदगा की आम जनता को कहा की डालसा गरीबों और बेसहारों का सहारा होता है। उन्होंने खूंटी और लोहरदगा को बेस्ट रेटिंग देते हुए कहा की लोहरदगा को 100% नंबर दिया जा सकता है। लोहरदगा बहुत ही रामणिक और बेहतरीन स्थानों में एक है, राजेंद्र बहादुर पाल ने जानकारी दिया की मेरी पहली पोस्टिंग 1999 मई मे बेतिया जिला में हुआ था। वहां से दुमका, गोड्डा, पलामू, रामगढ़, देवघर तथा लोहरदगा 10वां स्टेशन रहा जहां से मैं अपनी न्यायिक सेवानिवृत हो रहा हूं। आगे मेरी पढ़ने लिखने में अभिरूचि है दूसरी कार्यकाल भी सामाजिक रूप से अच्छा करूंगा।

इस अवसर पर लोहरदगा अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पुजारी ने कहा की जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल का कार्यकाल बेदाग और भेदभाव रहित रहा है। राजेंद्र बहादुर पाल मृदुभाषी रहे है। इनके कार्यकाल में न्यायिक भवन की आधारशीला रखी गयी जो लोहरदगा जिला बार एसोसिएशन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इनके उज्जल भविष्य की सुखद कामना किये है। वहीं बार एसोसिएशन के जिला महासचिव लाल दीपक नाथ शहदेव ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल का सेवाकाल अधिवक्ता और आम जनता के लिए हमेशा सहृदय रहे है। कभी जातिवाद और दबाव या प्रेसर में निर्णय नहीं दिए है जो सबके लिए सुखद कार्यकाल रहा है। इस अवसर पर स्मृति चिन्ह और शाल ओढ़ा कर तथा प्रशास्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी मे अरविन्द कुमार( डी जे 3),अखिलेश तिवारी(डी जे 1),सुभाष (कुटुंब न्यायाधीश), पूजा कुमारी लाल, अर्चना कुमारी, सुचिता निधि तिग्गा, राजकल्याण, राजेश कुमार डालसा सचिव उपस्थित थे।

# कोडरमा लोकसभा से भाजपा का होगा सफाया : राजकुमार यादव

## भाकपा माले विधायक बिनोद सिंह को इंडिया का प्रत्याशी बनाने पर हर्ष



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गावां प्रखंड स्थित बिशनीटीकर में भाकपा माले की विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित हुए। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में भाकपा माले विधायक बिनोद सिंह को इंडिया का प्रत्याशी घोषित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। वहीं तय किया गया कि कार्यकर्ता अविलंब सभी गांव मुहल्लों में जाकर प्रचार प्रसार में पूरी तन्मयता से जुट जाए।
मौके पर राजकुमार यादव ने कहा कि बिनोद सिंह को उम्मीदवार घोषित किया गया है। हम बिनोद सिंह की उम्मीदवारी का स्वागत करते हैं। बैठक में पूरे विधानसभा में प्रचार प्रसार अभियान को गति देने के लिए योजना बनाई गई है। आठ अप्रैल को राजधनवार प्रखंड के कोडाडीह मदरसा के पास इंडिया गठबंधन के द्वारा एक जन कॉन्फेंशन का आयोजन किया गया है। वहीं तीन अप्रैल को गावां में गावां व तीसरी दो प्रखंडों का अंग इंडिया कॉन्फेंशन का आयोजन किया जाएगा।

देश सविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए अपने रोजगार की लड़ाई को तेज करने के लिए कोडरमा लोकसभा में एक निक्कमा सांसद को हटाने का मुहिम तेज करना होगा। भाजपा के द्वारा कहा गया था कि माइका उद्योग को चमका देंगे, ढिबरा को चुनने का अधिकार देंगे। लेकिन कुछ भी नही हो पाया बल्कि उल्टा सीसीए लगाया गया व मुकदमा किया गया। कहा कि वर्तमान में कोडरमा लोकसभा के अंदर शिक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था सबसे ज्यादा चौपट है। इन मुद्दों पर सांसद ने कभी सड़क से संसद तक कोई आवाज नहीं उठाई। चाहे चन्दन व अंशु बरनवाल व अर्जुन साव की हत्या हो इन तमाम मामलों पर सांसद चुप रही।

अधिकार की लड़ाई लड़ने वालों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। सभी किसान, महिला, मजदूर, युवा आदि मिलकर भाजपा को हटाने का संकल्प लेंगे। और हमारी पार्टी एकजुट होकर इसकी खिलाफ लड़ाई लड़ेगी व कोडरमा से भारी मतों से बिनोद सिंह को जीत दिलाई जाएगी। साजिश के तहत हेमन्त सोरेन, केजरीवाल आदि को गिरफ्तार कर के भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। इसलिए सभी मिलकर बिनोद सिंह की जीत को सुनिश्चित करेंगे।

बैठक की अध्यक्षता राज्य कमिटी सदस्य जयंती चौधरी व संचालन जयनारायण यादव ने की। मौके पर प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, जिप सदस्य पवन कुमारचौधरी, संतोष रविदास, शंकर पासवान, किशोरी अग्रवाल, जयंती चौधरी, विनय संथालिया, कौशल्या दास, बालमुकुंद यादव, कयूम अंसारी, मुन्ना राणा, मंटू शर्मा, जागो मरांडी, मंटू शर्मा, बबलू हांसदा, अमित यादव, सकलदेव यादव, अखलेश यादव, इंद्रदेव यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## तीर्थ यात्रियों का जत्था देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों के लिए रवाना



**गिरिडीह।** उदनाबाद पंचायत से 60 तीर्थ यात्रियों का जत्था देश के विभिन तीर्थ स्थल का दर्शन करते हुए भगवान जग्गनाथपुरी का दर्शन कर वापस लौटेंगे। इस यात्रियों से भरी बस को गिरिडीह के निवर्तमान विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी ने पूजन कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि इस यात्रा का संचालन हमारे उदनाबाद के अंजनी सिन्हा और पंचानंद वर्मा के द्वारा किया गया है। इस यात्रा में काफी बुजुर्ग महिलाएं एवम पुरुष है, जिनकी रास्ते मे स्वस्थ का परीक्षण भी जरूरी है, हम ईश्वर से यह प्रार्थना करते हैं कि सभी तीर्थ यात्री हमारे धर्मस्थलो का दर्शन कर सकुशल वापस आये और वहां पर अपने, अपने परिवार के साथ साथ प्रदेश मे लोगो की कुशलता की कामना करे। इस अवसर पर अनूप सिन्हा, दीपक पंडित, सीताराम वर्मा, दीपक स्वर्णकार, सौरभ सिन्हा, सुभम सागर, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### मां की डांट से नाराज बेटी ने लगाई फांसी

**धनबाद।** मां के डांटने पर छोटा खरिकाबाद दास बस्ती की 17 साल की युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. गोन्दूडीह ओपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. युवती को उसकी मां ने किसी बात पर डांट फटकार लगा दी थी. इसके बाद मां धनबाद घरेलू काम करने व पिता ऑटो चलाने चले गए. दोपहर एक बजे छोटी बहन स्कूल से लौटी तो घर में बड़ी बहन को लोहे के पाइप से रस्सी के सहारे लटकते पाया. तब उसने शोर मचाकर मामले की जानकारी लोगों को दी. मां को फोन से सूचना दी. युवती नौवीं क्लास तक पढ़ाई करने के बाद घर से ही मैट्रिक की तैयारी कर रही थी।

### बालीडीह में अवैध लोहा लदे दो ट्रक जब्त

**बोकारो।** बोकारो जिले में कबाड़ी के नाम पर चल रहा स्क्रैप का काला धंधा पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया है. धंधेबाजों पर नकेल कसने के लिए बालीडीह थाना पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है. पुलिस ने शुक्रवार देर रात अवैध लोहा लदे दो ट्रकों को जब्त कर लिया. मुख्यालय डीएसपी आशिष महली ने बताया कि जैनामोड़-फुसरो मार्ग पर मानगो पंचायत के केवट टोला के पास से एक मिनी ट्रक जेएच 10 बीएम 2323, दूसरा ट्रक संख्या जेएच 09 बीसी 6350 को फोरलेन से पकड़ा गया. ट्रकों पर लदे अवैध लोहा की पुलिस जांच कर रही है. मालूम हो कि बियाडा औद्योगिक क्षेत्र लोहे के अवैध कारोबारियों की शरणस्थली बन गया है। जिले की विभिन्न जगहों से इकठ्ठा किए गए अवैध लोहा को धंधेबाज अंधेरा होते ही छोटे-बड़े वाहनों पर लोड कर बियाडा क्षेत्र की फैक्ट्रियों में पहुंचाते हैं. चोरी के लोहे को रातों-रात धमन भट्टी में पिघला कर नया रूप दे दिया जाता है. इसी का नतीजा है कि रात होते ही धमन भट्टियों की चिमनियां आग उगलना शुरू कर देती हैं।

### जन आकांक्षाओं के अनुरूप हो क्षेत्र का विकास : सुबोध यादव

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह मुखिया सह क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध यादव ने शनिवार को डुमरी स्थित अपने आवासीय कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में वह चुनावी समर में वह बतौर प्रत्याशी अपना भाग्य अजमायेंगे। कहा कि अबतक गिरिडीह लोकसभा से चुने गए सांसद अपने क्षेत्र में काम के प्रति उदासीन रहे हैं।कहा कि गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में आज भी पलायन, बेरोजगारी, सिचाई सहित विभिन्न समस्या व्याप्त है जिसके समाधान के दिशा में आजतक किसी सांसद ने गंभीरता नहीं दिखाई है। कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना और उनकी समस्या का समाधान करना प्राथमिकता रहेगी। कहा कि इस महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्र के वासियों का जैसा विकास होना चाहिए वैसा अबतक नहीं हो पाया है, क्योंकि इस लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए प्रतिनिधियों ने लोगों की भावनाओं की उपेक्षा की है इसलिए यहां के जनता बदलाव चाह रही है और युवा के हाथों में कमान देना चाहती है।

### डीडीसी ने जिले के प्रधानाध्यापकों संग की बैठक

**बोकारो।** बोकारो जिला मुख्यालय स्थित न्याय सदन सभागार में डीडीसी संदीप कुमार ने जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की. बैठक में मतदान केंद्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं) को सुनिश्चित करने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिये. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे उपस्थित थे. बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. इसे अनिवार्य रूप से पूरा करना है।

## न्यूज बॉक्स

### मतदाता जागरूकता की गतिविधियां तेज करें : उपायुक्त



**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में रांची जिले में मतदान से पहले ज्यादा से ज्यादा योग्य नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब शहरी क्षेत्र में बीएलओ के साथ नगर निगम के सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर भी टैग किए जाएंगे। इस संबंध में बैठक करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतदान कें द्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी की अद्यतन स्थिति और लो वोटर टर्नआउट को लेकर समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित इस बैठक में जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ, एईआरओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के लिए गतिविधियों को तेज करने निर्देश दिया। उन्होंने वोटर अवेयरनेस फोरम, वोटर अवेयरनेस ग्रुप, कैंपस एंबेसडर, ईएलसी, स्कूल, कॉलेज, रेसीडेंट अवेयरनेस एसोसिएसशन में ससमय गतिविधि संपादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप की तरफ से घर-घर जाकर लोगों को मतदान प्रक्रिया और मताधिकार के प्रति जागरूक करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने मतदान केंद्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं और कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्र में छूटे योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर बीएलओ के साथ-साथ नगर निगम के सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर को टैग करें, ताकि सभी का कंबाइंड मूवमेंट अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में हो और जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ पाया है, उन्हें फॉर्म-6 देकर नाम जोड़ने का कार्य किया जा सके।

### मतदाता जागरूकता को लेकर प्रतियोगिता की लांचिंग कल

**रांची।** उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी (स्वीप) रांची, दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में विकास भवन रांची में शनिवार को बैठक हुई। इसमें आगामी 1 अप्रैल को राजकीय आर्यभट्ट सभागार में शॉर्ट वीडियो, रील और डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता के लांचिंग कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई। स्वीप के नोडल पदाधिकारी, रांची दिनेश कुमार यादव ने प्रतियोगिता की लांचिंग और इसके सुचारू क्रियान्वयन के लिए कोषांग के पदाधिकारी, कर्मियों को कार्य एवं दायित्व सौंपा। ताकि, प्रतियोगिता का आयोजन भव्य तरीके से हो। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को लगातार जागरूक करते रहना है, जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़े। कहा कि जिला में लगातर स्वीप एक्टिवी चलती रहनी चाहिए। जानकारी हो कि मतदाता जागरूकता को लेकर रांची जिला में स्वीप के तहत जिला स्तर पर शॉर्ट वीडियो, रील और डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें अलग-अलग थीम्स में किसी एक पर प्रतियोगी 10 अप्रैल 2024 तक हिस्सा ले सकते हैं।

### यातायात की समस्या को लेकर ट्रैफिक एसपी से मिला झारखंड चैंबर का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** राजधानी रांची में जाम की बढ़ती समस्या के ठोस समाधान के लिए अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को ट्रैफिक एसपी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शहर में जाम की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए ठोस कार्रवाई की मांग की गई। ट्रैफिक सुधार के लिए प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख चौराहे पर 50 मीटर की परिधि में ऑटो खड़ा करने पर रोक लगाने, ट्रैफिक सिग्नलों की ऑडिट और आवश्यकतानुसार सुधार कराने, ट्रैफिक जाम की सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर चालू करने, स्कूल बस की वापसी को व्यस्त मार्गों से नहीं करने, यातायात संबंधी निर्देशों के लिए सूचना बोर्ड का अधिष्ठापन कराने, ट्रैफिक पुलिस के कोऑर्डिनेशन कमिटी और चैंबर प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से बैठक का आयोजन कराने, जाकिर हुसैन पार्क के पास से धरना स्थल हटाकर यातायात के लिए खोले जाने तथा सड़क पर व्यावसायिक गतिविधि पर रोक लगाने का सुझाव दिया गया। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति कार्य में संलग्न तीन पहिया मालवाहक वाहनों को शहर में नो इंट्री के समय प्रवेश और परिचालन की अनुमति देने के लिए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह व्यवस्था लागू थी, जिसे पुनः प्रभावी करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि हर चौक-चौराहे को लेफ्ट फ्री करने के लिए साइनेज बोर्ड लगाया जाना आवश्यक है। नो इंट्री वाले जगहों पर भी बोर्ड अधिष्ठापित करने का सुझाव देते हुए कहा गया कि साइनेज बोर्ड नहीं लगे होने के कारण लोगों को पता नहीं चलता और वे फाइन के शिकार हो जाते हैं। रांची शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में वाहनों की गति सीमा 20 किमी निर्धारित किए जाने को अव्याहारिक बताते हुए ट्रैफिक उप समिति के चेयरमेन मुकेश पांडेय ने गति सीमा का व्यावहारिक निर्धारण करने का आग्रह किया। साथ ही, रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक गति सीमा में छूट देने का आग्रह किया। ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने चैंबर प्रतिनिधिमंडल के सभी सुझावों पर उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, संजय अखौरी, उप समिति चेयरमेन मुकेश पाण्डेय, प्रकाश टेकरीवाल, शशांक भारद्वाज, विकास झाझरिया समेत कई लोग शामिल थे।

## छात्रों की प्रतिभा को पहचान नई दिशा प्रदान करें शिक्षक : विनीता



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में शनिवार को त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का समापन हुआ। समापन सत्र का उद्घाटन प्रो विनीता कुमारी, गिरिडीह महाविद्यालय इ.ए़ संकाय, स्वतंत्र निदेशक,वित्त मंत्रालय (जीआईसी)भारत सरकार एवं प्रधानाचार्य आनंद कमल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।अतिथि परिचय एवं विषय की प्रस्तावना अजीत मिश्रा ने किया।

मौके पर विनीता कुमारी ने कहा कि यह कार्यशाला आगामी वर्ष की योजनाओं के निर्माण और उसके क्रियान्वयन हेतु किए जाने वाले प्रयासों की चर्चा- परिचर्चा का है।विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों को लेकर शिक्षण कार्य पूर्ण किया जाए ताकि बच्चे भावी राष्ट्र के निर्माण में सहायक हों।बच्चों के अंतमुर्खी प्रतिभा को पहचान कर उसे आगे बढ़ने का कार्य शिक्षक बखूबी करें।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्राथमिक शिक्षा बच्चों की मातृभाषा में हो।

कार्यशाला के समापन सत्र में प्रधानाचार्य ने बताया कि सभी विभागों की समीक्षा की गई। दिनानुसार शून्य कालांश की सभी गतिविधियों के क्रियान्वयन पर बल दिया गया। प्रांतीय कार्य योजना एवं शैक्षिक पंचांग 2024-25 के विषयों पर चर्चा एवं आचार्य को दायित्व सौंपा गया।कहा कि नए सत्र का शुभारंभ 04अप्रैल से होगा। कायार्शाला में समस्त आचार्य- दीदी जी उपस्थित थे।

## गिरिडीह पुलिस ने चोरी की पाईप के साथ ट्रक को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** डुमरी पुलिस ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि बिगत कुछ दिनों पूर्व डुमरी थाना क्षेत्र के जीतपुर गांव में सरकारी योजना हेतु रखे गये पानी का डीआई पाईप को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अधीक्षक महोदय गिरिडीह के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी सुमित प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था तथा टीम के द्वारा आमसूचना संकलन और लगातार छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में 29 मार्च की रात्रि में सूचना प्राप्त हुआ कि डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जीतपुर में सरकारी योजना हेतु रखे गये पानी का डीआई पाईप को चोरी कर ट्रक संख्या डीडी 01एल 9896 में लोड किया जा रहा है।

टीम के द्वारा त्वरित रूप से की गई सूचना के सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई में ग्राम जीतपुर में सरकारी योजना हेतु रखे गये पानी का पाईप को चोरी कर ले जाने के क्रम उक्त ट्रक के चालक सूरज कुमार सिंह (उम्र करीब 23 वर्ष) पिता उपेन्द्र सिंह ग्राम सिन्दरी शहरपुरा थाना बलियापुर, जिला धनबाद को गिरफ्तार किया गया साथ ही ट्रक में रखा गया पानी का पाईप को बरामद किया गया है। इस संबंध में सुसंगत धाराओं के तहत इस घटना में संलिप्त उक्त ट्रक के चालक के अतिरिक्त अन्य अपराधकर्मियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया साथ ही गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया। इस दौरान निम्न वस्तुएं बरामद किया गया जिसमें उक्त नंबर की ट्रक, एक मोबाइल,आधार कार्ड जिसपर बिरेन्द्र प्रसाद यादव पिता त्रिलोकी प्रसाद यादव इसरी बाजार प्रोफेसर बस्ती बस स्टैण्ड, केजरीवाल कंपनी का काले रंग का करीब 5.5 मीटर लम्बा तीन पाइप शामिल हैं जबकि छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन पुअनि रूपेश कुमार डुमरी थाना, पुअनि मोतीलाल प्रसाद डुमरी थाना एवं डुमरी थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## भाजपा प्रत्याशी ने गांडेय प्रखंड का दौरा कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात की



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह गांडेय विधानसभा के उपचुनाव के एनडीए उम्मीदवार दिलीप वर्मा ने शनिवार को गांडेय प्रखंड के महेशमुंडा, दासडीह, गांडेय का क्षेत्र का भ्रमण कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओ से मिले और कार्यकर्ताओ को बधाई दी इस दौरान गांडेय मंडल के कार्यकर्ताओ ने उसे गुलदस्ता देकर स्वागत किया इस क्रम में जोराआम स्थित गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक के आवास पर रुके और उनसे मिलकर आशीर्वाद लिया और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व को आभार और धन्यवाद दिया जिन्होंने मुझ जैसे छोटे नेता को इस लायक समझा की झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण सीट गांडेय विधानसभा सभा के उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया साथ ही कहा की गांडेय विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष शक्ति केंद्र, बूथ स्तर के कार्यक्रताओं ने जो प्रेम दिया उसका आभारी रहूंगा मौके पर उपस्थित पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरूण हाजरा, गांडेय मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, ताराटांड़ मंडल अध्यक्ष चिंतामणि सिंह,अहिलियापुर मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम चौधरी, महामंत्री हरी मंडल, भोला मंडल, श्याम पाठक, एंथोनी स्वामी, भरत शर्मा, नंदकिशोर राय, दिनेश राय, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसआर डीएवी पुंदाग में वरीय शिक्षिक को दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग, रांची की वरीय शिक्षिका कंचन वर्मा को शनिवार को विदाई दी गई। उन्होंने संपूर्ण समर्पण और कर्त्तव्य निष्ठा के साथ अपने बत्तीस वर्ष के सेवा काल को पूर्ण करके अवकाश प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कंचन वर्मा के साथ के अपने अनुभव साझा किए। गीत-संगीत से माहौल को सुमधुर बनाने का प्रयास किया गया। कंचन वर्मा ने भी इस विदाई के लिए विद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। प्राचार्य एसके मिश्र ने कंचन वर्मा को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह तो शाश्वत नियम चला आ रहा है कि हर आरंभ का अंत होता है, पर वह अंत सुखद होना परम संतुष्टि दिलानेवाला होता है। कंचन वर्मा की सबसे बड़ी खूबी उनकी सौम्यता और सरलता है। वे छोटे-छोटे बच्चों को भी अपना बना लेती हैं और कितनी जल्दी वे हिंदी लिखना-पढ़ना सीख जाते हैं कि देखनेवाले चकित रह जाते हैं। विदाई समारोह में विद्यालय परिवार के साथ-साथ कंचन वर्मा के परिवार के सदस्य यथा उनकी माताजी, भाई, पति, पुत्री, पुत्रवधू तथा पोता भी उपस्थित थे।

# रक्तदान शिविर में कई अधिकारियों व आमजनों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

## रक्तदान शिविर के साथ-साथ मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग, गिरिडीह के तत्वाधान में समाहरणालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाहरणालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 50 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में वरीय अधिकारियों समेत कई अधिकारियों व कर्मचारियों व आमजनों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान उपायुक्त महोदय, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

समाहरणालय प्रांगण में रक्तदान शिविर के साथ साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया। सभी लोगों ने सेल्फी प्वाइंट में अपनी अपनी सेल्फी ली और नैतिक मतदान की शपथ ली। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक होना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की जागरूकता एवं नैतिक सहभागिता को विकसित करना महत्वपूर्ण पहलू है। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया गया।

# डीडीसी ने जिले के प्रधानाध्यापकों संग की बैठक

### मतदान केंद्रों पर एएमएफ व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** बोकारो जिला मुख्यालय स्थित न्याय सदन सभागार में डीडीसी संदीप कुमार ने जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में मतदान केंद्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं) को सुनिश्चित करने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिये। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे उपस्थित थे। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसे अनिवार्य रूप से पूरा करना है। उन्होंने क्रमवार नावाडीह, पेटरवार, चंदनकियारी, जरीडीह, गोमिया, कसमार, बेरमो, चंद्रपुरा एवं चास स्थित मतदान केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। कुछ विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पानी को लेकर समस्या रखी गई। जिस पर संबंधित क्षेत्र के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को जिला स्तर से निर्देश देने की बात कही।

लोकतंत्र

## सत्ता की चाबी युवाओं के हाथ


डॉ. राजेन्द्र प्र. शर्मा

*दुनिया* के सबसे बड़े लोकतंत्र के लोकसभा चुनाव में अब लगभग साफ हो गया है कि सत्ता की चाबी युवा मतदाताओं के हाथ में ही रहने वाली है। यह बात राजनीतिक दलों को भी समझ में आ गई है। यही कारण है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा युवाओं को रिझाने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। दरअसल युवा मतदाताओं की मुखरता ही चुनाव परिणामों में परिलक्षित होती है। साफ है कि लोकसभा के पिछले दो चुनावों में युवा मतदाताओं का रुझान नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के प्रति रहा है। हालांकि मजे की बात यह है कि जिन प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों की सरकार रही हैं उन प्रदेशों के युवाओं ने क्षेत्रीय पार्टी को अधिक तरजीह दी है। इससे यह तो नहीं कहा जा सकता कि युवा केवल भाजपा के साथ ही है अपितु युवाओं का रुझान नेशनल और स्टेट पॉलिटिक्स को लेकर अलग-अलग देखा जाता रहा है। हालांकि यह भी इंट्रेस्टिंग है कि कोई भी दल पिछले चुनावों में समग्र रूप से 50 फीसदी मत का आंकड़ा नही छू पाये हैं। दूसरी ओर आजादी के 75 साल बाद भी लाख जतन के बावजूद 33 प्रतिशत मतदाताओं को हम मतदान केन्द्र तक ले जाने में सफल नहीं हो पाये हैं। तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि साक्षरता से भी इसका कोई सीधा संबंध इस मायने में नहीं है कि बिहार की साक्षरता दर बढ़ने के बावजूद मतदान प्रतिशत में दो फीसदी की गिरावट देखी गई है। यह तो एक मिसाल मात्र है। पर दो बातें साफ हो जाती हैं कि युवा और महिला मतदाताओं ने मतदान के प्रति पहल की है और इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाओं और युवाओं के अधिक वोट भाजपा को मिले हैं। जहां तक दुनिया के देशों के लोकतंत्र की बात है इंडोनेशिया में जितने कुल मतदाता हैं उससे ज्यादा मतदाता तो हमारे यहां 18 से 29 वर्ष की आयु के हैं। फिर 26 से 35 वय के मतदाता भी युवाओं की श्रेणी में ही आते हैं। दुनिया के चार सबसे बड़े मतदाता वाले देशों के कुल मतदाताओं से भी अधिक मतदाता हमारे देश में है। इस साल 18 वीं लोकसभा के लिए 98.6 करोड़ मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे जबकि यूरोपीय यूनियन में 40 करोड़, इंडोनेशिया में 20.4 करोड़, अमेरिका में 16 करोड़ और पाकिस्तान में 12.8 करोड़ मतदाता हैं। खैर यह तो अलग बात हुई पर लोकसभा के पिछले दो चुनावों के परिणामों से साफ हो गया है कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि युवाओं और महिलाओं का यह भरोसा ही नई सरकार खासतौर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मजबूती प्रदान करने में अधिक रहा। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 18 वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96.8 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें एक करोड़ 82 लाख नये मतदाता हैं तो 47.15 महिला मतदाता व 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। 17वीं लोकसभा के चुनावों में जहां करीब 1.5 करोड़ नये मतदाता या पहली बार मतदान करने वाले मतदाता थे वहीं 18वीं लोकसभा के चुनावों में 1.82 करोड़ नये मतदाता पहलीबार मताधिकार का उपयोग करेंगे। दूसरी और गत लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं को दो हिस्सों 18 से 25 वर्ष व 26 से 35 वर्ष के दो वर्गों में युवाओं को बांटते हुए मतदान प्रतिशत का विश्लेषण किया गया और मजे की बात यह कि युवाओं के दोनों ही वर्ग के युवाओं ने भाजपा को कांग्रेस की तुलना में बड़े अंतर से पसंद किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 आयु वर्ग के 44 प्रतिशत युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी को वोट दिये वहीं 26 से 35 आयु वर्ग के 46 फीसदी युवा मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास जताया। मजे की बात यह है कि दोनों ही आयुवर्ग के मतदाताओं में 26-26 प्रतिशत मतदाताओं ने कांग्रेस पर भरोसा जताया तो 28 से 30 प्रतिशत तक युवाओं का भरोसा अन्य दलों पर रहा। पर कांग्रेस और भाजपा के बीच युवाओं के भरोसे का अंतर कोई छोटा मोटा नहीं बड़ा अंतर रहा है और यही कारण रहा कि भाजपा या यों कहें कि नरेन्द्र मोदी अधिक मजबूत होकर उभरे। 2019 के मत रुझानों से यहां यह बात भी साफ हो जानी चाहिए, चाहे युवा हो या महिला या नए मतदाता तीनों ही श्रेणी में कांग्रेस की तुलना में बीजेपी को अधिक समर्थन मिला है। **(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# लोकतंत्र के महापर्व में संवाद की शालीनता अपरिहार्य


हृदयनारायण दीक्षित

**भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उत्तप्त कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिये गये हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनैतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है।**



***आम*** चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गये हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं। लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उतृप्त कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिये गये हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनैतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है। शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाईबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था-'इट वाज लोगोस फर्स्ट'। महर्षि व्यास ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न-भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि, ''शब्द की मार बड़ी है।'' शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, ''हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हों और मन वाणी में स्थित हो जाय। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करे। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।'' मन का अनुशासन जरूरी है। अनुशासित मन से सुन्दर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, ''मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा-सत्यं बदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है।'' सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफेन हाकिंग जैसे ब्रह्माण्ड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अण्ड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अण्ड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा। वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अण्ड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है। ऋग्वेद में कहते हैं कि सबसे पहले हिरण्यगर्भ ही थे। ऐतरेय उपनिषद ऋग्वेद के आरण्यक का भाग है। उपनिषद (खण्ड 1-4) में कहा गया है, ''हिरण्यगर्भ पुरुष ने स्वयं को प्रकट करने के उद्देश्य से तप किया। तप के फलस्वरूप हिरण्यगर्भ फूट गया। इससे फूटकर मुख छिद्र बना। इसी मुखछिद्र से वाणी उत्पन्न हुई।'' वाणी आराध्य है। वाणी से ही विचार प्रकट होते हैं। वाद, विवाद और संवाद वाणी से ही संभव है। वाणी के ही सम्यक प्रयोग से संस्कृति का विकास हुआ। ऋग्वेद (10-125) में वाणी सम्पूर्ण प्रकृति को धारण करती है। वाणी में समूचा संसार व्याप्त है। ऋग्वेद में वाणी का सुन्दर विवेचन है। वाणी के चार रूप बताए गए हैं। पहले रूप को 'परा' कहा है। यह मन में स्थित रहती है। दूसरी का नाम 'पश्यन्ती' बताया गया है। इस मनोदशा में वाणी प्रकट करने का विचार उठता है। तीसरी 'मध्यमा' है। इस तल पर विचार शब्द अपना रूप ग्रहण करता है। शब्द योजना बनती है। शब्दों का विवेकीकरण होता है। चौथी का नाम 'बैखरी' बताया गया है। यह प्रकट वार्ता है। लेकिन साधारण लोग पहली तीन स्थितियां कम जानते हैं। वे केवल चौथी का ही प्रयोग करते हैं। वाणी के सभी रूप पालनीय हैं। प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, ''सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी।'' दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है। शब्द शक्ति की खोज और पहचान का आदिस्त्रोत भारत है, ऋग्वेद है। चीन के एक दार्शनिक लाओत्सु (ईसापूर्व 400 वर्ष लगभग) ने भी सृष्टि के विकास पर लिखा है। 'ताओ ते चिग' उनकी महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'ताओ ते चिग' भी वाणी और शब्द का चमत्कार है। वाणी आराध्य है। छान्दोग्य उपनिषद में व्यथित नारद को सनत कुमार ने वाणी की शक्ति का दर्शन बताया था। भारत में शब्द और वाणी का जैसा सदुपयोग हुआ है, वैसा अन्य सभ्यताओं में नहीं मिलता। वाणी के सम्यक ज्ञान और सम्यक सदुपयोग से मंत्र शक्ति का पादुर्भाव हुआ। मंत्र शब्दों के सम्यक प्रयोग से बनते हैं। मंत्रों का उच्चारण अनुशासित वाणी द्वारा ही संभव होता है। सुने गये शब्द अपनी अर्थवत्ता के कारण चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाते हैं। मंत्र के प्रभाव होते हैं या नहीं? यह विषय वैज्ञानिक और दार्शनिक विवेचन का है। लेकिन वाणी की शक्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। मधुर वाणी से गीत काव्य प्रकट होते हैं। इसी के सम्यक उपयोग से स्तुतियां बनती हैं। वाणी की शक्ति अपरिमित है। संस्कृति मनुष्य को उदात्त बनाती है। संस्कृत देववाणी है। इसमें संस्कृति के विकास की विराट क्षमता है। भारतीय संस्कृति में वाणी और शब्द के आश्चर्यजनक सदुपयोग मिलते हैं लेकिन राजनैतिक क्षेत्र में सामान्य वक्तव्य भी हिंसक हो जाते हैं। भारतीय सुभाषितों में कहा गया है कि सत्य बोलो-सत्यम ब्रूयात। प्रिय बोलो-प्रियं ब्रूयात। लेकिन अप्रिय सत्य मत बोलो। यहां सत्य को भी अप्रिय होने के कारण उचित नहीं कहा गया। 2024 के महासमर में सुन्दर वाणी का प्रयोग जरूरी है। लेकिन प्राचीन भारत के युद्धों में भी अश्लील और असभ्य शब्द प्रयोग नहीं मिलते। महाभारत का बड़ा हिस्सा युद्ध का है। सेनाएं आमने-सामने हैं। **(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# यह संकट किसानों का नहीं सबका है


राकेश दुबे

***स्पष्ट*** दिखने लगा है कि ग्लोबल वॉर्मिंग ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है। जिस गति से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, वह आम आदमी के लिये तो कष्टकारी है ही, किसान के लिये ती यह संकट ज्यादा बढ़ा है। इसका सीधा असर खेतों की उत्पादकता पर पड़ रहा है। जिसके मुकाबले के लिये सुनियोजित तैयारी की जरूरत है। किसानों को उन वैकल्पिक फसलों के बारे में सोचना होगा, जो कम पानी व अधिक ताप के बावजूद बेहतर उत्पादन दे सकें। अन्न उत्पादकों को धरती के तापमान से उत्पन्न खतरों के प्रति सचेत करने की जरूरत है, यदि समय रहते ऐसा नहीं होता तो मान लीजिए कि हम आसन्न संकट की अनदेखी कर रहे हैं। यह मसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मुद्दा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की खाद्य श्रृंखला से भी जुड़ा है। इसमें कोई शक नहीं कि गाहे-बगाहे इस संकट की जद में देश का हर नागरिक आयेगा। दरअसल, दुनिया के तापमान पर निगाह रखने वाली वैश्विक संस्था डब्ल्यू.एम.ओ. की एक रिपोर्ट चिंता बढ़ा रही है जिसमें कहा गया है कि पिछले एक दशक में पृथ्वी का तापमान कमोबेश औसत तापमान से अधिक ही रहा है। गम्भीर बात यह है कि इसके मौजूदा साल में और अधिक रहने की आशंका जतायी जा रही है। यह वैज्ञानिक सत्य है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि से पूरी दुनिया का मौसम चक्र गहरे तक प्रभावित होता है। देर-सबेर इससे मनुष्य जीवन का हर पहलू प्रभावित होगा। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में ग्लोबल वॉर्मिंग संकट के चलते पूरी दुनिया में यह कह पाना कठिन है कि कहां अप्रत्याशित बारिश होगी और कहां कष्टकारी तापमान बढ़ेगा। इसके बावजूद विकसित देशों की सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत नजर नहीं आती। ऐसे में आशंका जतायी जा रही है कि इस सदी के मध्य तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ सकता है। जो मानव जीवन चक्र व फसलों के लिये घातक साबित हो सकता है। सब जानते है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा जीवाश्म ईंधन पर रोक लगाने के लिये प्रतिबद्ध नजर नहीं आ रहे हैं। पूरी दुनिया में बड़े राष्ट्र विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी से दोहन करने में लगे हैं। वे इस बात को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं कि आज दुनिया में औद्योगिकीकरण से पहले के समय के मुकाबले विश्व का तापमान निर्धारित सीमा को पार कर चुका है। जो हमारे लिये एक खतरे की घंटी जैसा है। चिंता की सबसे बड़ी बात यह है कि हम मौसमी बदलाव के अनुकूल खुद को उसी अनुपात में तेजी से ढाल नहीं पा रहे हैं। दरअसल, हमें मौसम के व्यवहार में तेजी से हो रहे बदलाव के अनुरूप अपनी खेती के पैटर्न में भी बदलाव की जरूरत है। उन परंपरागत फसलों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जो कम बारिश व अधिक तापमान में ठीक-ठाक उपज देने में सक्षम हैं। एक समय भारत में बड़े भू-भाग में हम मोटे अनाज का उत्पादन करते थे, जो कम बारिश में भी बेहतर फसल देता था। कालांतर हमने अधिक सिंचाई वाली फसलों का उत्पादन व्यावसायिक स्तर पर करना तेजी से शुरू कर दिया। मौसम में बदलाव का असर खाद्यान्न ही नहीं, सब्जियों, फल-फूलों पर भी गहरे तक पड़ रहा है। ऐसे में सिर्फ कागजी कार्रवाई के बजाय धरातल पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हमारे कृषि विश्वविद्यालयों को फसलों के नई किस्म के बीज तैयार करने होंगे, जो किसानों को संबल देने के साथ ही हमारी खाद्य सुरक्षा चेन को सुरक्षित बना सकें। साथ ही हमें कार्बन उत्सर्जन के स्त्रोतों पर भी अंकुश लगाना होगा। हमें मीथेन उत्सर्जन के स्त्रोतों पर भी नियंत्रण करना होगा क्योंकि भारत चीन के बाद मीथेन उत्सर्जन में दूसरे नंबर पर है। इसके साथ ही पशुधन का संरक्षण भी अनिवार्य होगा। यदि हम अभी भी नहीं जागे तो हमें अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, चक्रवाती तूफान जैसी आपदाओं के लिये तैयार रहना होगा। भारत, जहां देश की आधी आबादी कृषि व उससे जुड़े व्यवसायों पर निर्भर है, उसके लिये यह संकट बड़ा है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



लोस चुनाव

## मतदाताओं, उम्मीदवार पर सोच समझ कर होना राजी


किशन भावनानी

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत अपने 5 वर्षों में एक बार होने वाले सबसे बड़े चुनावी महापर्व के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें प्रथम चरण की 102 सीटों पर 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव के लिए पूरी प्रक्रिया करीब करीब पूरी हो गई है,क्योंकि आज 30 मार्च 2024 को नाम वापसी का अंतिम दिवस,अब जो उम्मीदवार संसदीय क्षेत्र के लिए बचे हैं उनमें अब जनता देख रही है कि उम्मीदवार आपसी चुनाव प्रचार में कह रह रहे हैं कि आ देखें जरा किसने कितना है दम! दुनियां के सबसे बड़े चुनावी महापर्व में मीडिया भी जोरों शोरों से लगा हुआ है। मतदाता भी अब उम्मीदवारों को देखकर मंथन करने लग गया है कि किसे वोट देना है,व्यक्तिगत छवि या फिर राजनीतिक पार्टी! कई स्थानों पर पार्टियों के बागी उम्मीदवार उनका सिर दर्द बने हुए हैं। दूसरी ओर इस बार चुनाव आयोग भी अति सख़्ती बनाये हुए हैं, जिसमें आधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया गया है जिसमें 27 एप्स सहित आईटीसी का प्रयोग कर उम्मीदवारों के लिए आचार संहिता का पालन करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प बंद कर दिया गया है। चूंकि प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 को सबसे अधिक 102 सीटों पर चुनाव होना है,इसलिए राजनीतिक पार्टियां व उम्मीदवार पूरी ताकत के साथ चुनावी पर्व में रंग गये हैं कि अबकी बार 400पार और अबकी बार नई सरकार! सहित अनेक नारों से मतदाताओं को लुभा रहे हैं। चूंकि 19 अप्रैल 2024 को 102 उम्मीदवारों के फैसले की है बाजी, देखना है वोटर किससे कितने हैं,राजी इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हे मतदाताओं उम्मीदवार पर सोच समझकर होना राजी, जनहित राष्ट्रहित के मुद्दों पर लगाना है बाजी। साथियों बात अगर हम राजनीतिक पार्टियों की इच्छाओं आकांक्षाओं के आंकलन की करें तो,पीएम की लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए कम से कम 370 सीटों और पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के लिए अबकी बार, 400 पार की भविष्यवाणी के बारे में राजनीतिक हलकों में विभिन्न रूप से व्याख्या की जा रही है। एक विचार यह है कि वे 1984-85 में कांग्रेस पार्टीके 414 लोकसभा सीटों के रिकॉर्डको तोड़ना चाहते हैं, जहां तक 370 की बात है, तो यह अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को खत्म करने के उनकी सरकार के फैसले को भुनाने की एक रणनीति है। निश्चित रूप से विपक्षी खेमे का एक और दृष्टिकोण यह है कि ये अवास्तविक आंकड़े केवल नेताओं और मतदाताओं के बीच कमजोर दिल वाले लोगों को डराने के लिए हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि यह अहंकार का भी संकेत है, जिसका उल्टा असर हो सकता है, लेकिन विपक्षी दल के नेता केवल उम्मीद ही कर सकते हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि पीएम सच में 370 का आंकड़ा पार करना चाहते हैं। आखिरकार जवाहर लाल नेहरू ने जो कांग्रेस के लिए सबसे बेहतरीन किया था वह 1957 में लोकसभा में था जब कांग्रेस को 371 सीटें मिली थीं। ये कांग्रेसी किसी तरह आश्वस्त हैं कि पीएम की सबसे बड़ी इच्छा नेहरू से आगे निकलने की है जो 16 साल 286 दिन तक प्रधानमंत्री रहे थे, इसलिए वे यह भी मानते हैं कि पीएम चौथे कार्यकाल के लिए भी तैयार हैं। खैर नेताओं को अटकलें लगाने से कौन रोक सकता है। साथियों बात अगर हम 19 अप्रैल 2024 को होने वाले प्रथम चरण की 102 सीटों में वोटो के लिए प्रक्रिया पूरी होने की करें तो का आज (शनिवार) आखिरी दिन हुआ। इस समय देश में 18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया चल रही है। बता दें 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को पूरा हो रहा है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# आखिर वकीलों ने वकीलों के खिलाफ चिट्ठी क्यों लिखी?


ललित गर्ग

***न्यायिक*** बिरादरी में गलत को सही ठहराने के लिये एक-दूसरे के पैरों के नीचे से फट्टा खींचने की कोशिशें अक्सर होती रही है। भले ही इससे देश कमजोर हो, राष्ट्रीय मूल्यों पर आघात लगता हो। लोकतंत्र के चार स्तंभों में महत्वपूर्ण इस न्यायिक बिरादरी ने राजनीतिक अपराधियों, घोटालों और भ्रष्टाचार के दोषियों को बचाने के लिये शीर्ष वकीलों का एक समूह सक्रिय है, यह हमारी न्याय व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है, जो चिन्ता का बड़ा कारण है। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सहित पूरे भारत से 600 से अधिक वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर इन लगातार बढ़ रही राजनीतिक अपराधियों को बचाने की स्थितियों पर चिंता जताई गई है, निश्चित ही इन वकीलों का यह प्रयास सराहनीय एवं राष्ट्रीयता से प्रेरित है। न्यायिक प्रक्रिया में हेरफेर करने, अदालती फैसलों को प्रभावित करने और निराधार आरोपों और राजनीतिक एजेंडे के साथ न्यायपालिका की प्रतिष्ठा धूमिल करने के प्रयास करने वाले 'निहित स्वार्थी समूह' की निंदा व्यापक स्तर पर होनी ही चाहिए। एक प्रश्न यह भी है कि आखिर वकीलों को वकीलों के खिलाफ चिट्ठी क्यों लिखनी पड़ी? न्यायपालिका को प्रभावित करने की इन घातक एवं अराष्ट्रीय कोशिशों के खिलाफ 600 वकीलों की चिन्ता गैरवाजिब नहीं है। वकीलों की यह जागरूकता न्याय-प्रक्रिया की प्रतिष्ठा एवं निष्पक्षता के लिये जरूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वकीलों के इस सार्थक एवं प्रासंगिक प्रयास की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दूसरों को डराना और धमकाना पुरानी कांग्रेस संस्कृति है। प्रधानमंत्री ने कहा, पांच दशक पहले ही उन्होंने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था-वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।' हमारे राष्ट्र की न्यायिक बिरादरी का यही पवित्र दायित्व है तथा सभी वकील भगवान और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लेकिन अभी कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि हमारे वकीलों का एक खास वर्ग भारतीय न्याय-प्रक्रिया की पवित्रता और गरिमा को अनदेखी किये जा रहा है। चिंता का बड़ा कारण यह है कि यह समूह अपने पक्ष में ऐसे दबाव बना रहा है, जिससे न्यायपालिका की अखंडता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। लेकिन पिछले दो दशक से न्यायमूर्तियों में ज्यादा जिम्मेदारी, सजगता व संवेदना देखने को मिली है और उन्होंने देशहित में किसी भी आर्थिक या राजनीतिक दबाव में झुकना स्वीकार नहीं किया है। आजादी के बाद से हमारे देश में एक खास किस्म का वकीली समूह विकसित हुआ है, जिन्हें सत्ताधारी पार्टियों का संरक्षण एवं प्रोत्साहन मिलता रहा है, वे अपराधों पर परदा डालने एवं खुंखार अपराधियों एवं संगीन आरोपों से घिरे राजनीतिक अपराधियों को बचाने में सिद्धहस्त होकर मोटी कमाई के साथ राजनीतिक पदों पर आसीन होते रहे हैं। बड़े लोगों एवं राजनेताओं के मामलों में अक्सर ऐसे बड़े वकील ही सामने आते हैं और वकीलों के बीच आय की असमानता से भी यही पता चलता है कि राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम लोग न्याय पाने में आम लोगों से ज्यादा संभावना वाले होते रहे हैं। आम जनता के लिये महंगी होती कानून व्यवस्था एवं निष्पक्ष न्याय की नाउम्मीदी भी ऐसे ही स्वार्थी वकीलों से उपजी है। इसी बड़ी विसंगति एवं विडम्बना ने राजनीति में अपराध को भी प्रोत्साहन दिया है। इससे वकीलों का पेशा विवादास्पद भी बना है एवं न्याय-प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर वकीलों को ऐसी चिट्ठी लिखने की जरूरत क्यों पड़ी। क्योंकि इन दिनों कुछ राजनेता कठघरे में खड़े हैं और उन्हें बचाने के लिए वकीलों का एक खास समूह सक्रिय है, जो सत्य को ढंकने की कुचेष्टा करते हुए राजनीतिक हित में तथाकथित अपराधियों को बचाने के लिये विभिन्न तरीकों से काम करता है। ऐसे स्वार्थी वकील एक खास अंदाज में कथित बेहतर अतीत और अदालतों के सुनहरे दौर की झूठी कहानियां गढ़ते हैं, इसे वर्तमान में होने वाली घटनाओं से तुलना करते हैं। ये और कुछ नहीं बल्कि जानबूझकर दिये गये बयान हैं, जो अदालत के फैसलों को प्रभावित करने और कुछ राजनीतिक लाभ के लिए अदालतों को शर्मिंदा करने के लिए दिये गये हैं। यह देखना परेशान करने वाला है कि कुछ वकील दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। ऐसे स्वार्थी वकीलों का यह कहना कि अतीत में अदालतों को प्रभावित करना आसान था, उन पर जनता के विश्वास को हिला देता है। इसीलिये वकीलों के दूसरे पक्ष को पत्र लिखने की जरूरत पड़ी, ऐसे पत्र लिखने का कोई राजनैतिक उद्देश्य नहीं, बल्कि नैतिक एवं राष्ट्रीय आग्रह है। इस पत्र में सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि वे इस तरह के हमलों से हमारी अदालतों को बचाने के लिए सख्त और ठोस कदम उठाएं। वकीलों ने चिंता जाहिर की कि 'विशेष ग्रुप' अदालतों की कार्यवाही में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। खासकर उन मुद्दों पर बाधा डालने की कोशिश की जा रही है, जो मामले राजनेताओं और राजनीतिक दलों से जुड़े हैं। इस तरह की रणनीति हमारी अदालतों को नुकसान पहुंचा रही हैं और हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को खतरे में डालती हैं। वकीलों का आरोप है कि उनकी हरकतों से राष्ट्रीयता, विकास, विश्वास और सौहार्द का माहौल खराब हो रहा है, जो न्यायपालिका की कार्यप्रणाली की मूलभूत विशेषता है। चिट्ठी में वकीलों ने न्यायपालिका के समर्थन में एकजुट, समानतापूर्ण, निष्पक्ष रुख अपनाने का आह्वान किया है ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि न्यायपालिका लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ बना रहे। निश्चित रूप से न्यायमूर्तियों को नामी वकीलों या रसूखदार आरोपियों के सामने समान रूप से बिना किसी राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह या दुराग्रह के व्यवहार करना चाहिए और हमारे न्यायमूर्ति ऐसा ही करते हैं। फिर भी कहीं शिकायत की गुंजाइश रह जाती है और कुछ वकीलों को मिलकर ऐसे पत्र लिखने की जरूरत पड़ती है तो यह देश की जागरूकता एवं देश के प्रति निष्ठा को ही दर्शाता है। ऐसे पत्रों की आलोचना नहीं की जा सकती, ऐसे पत्र तो राजनीति की दूषित हवाओं को नियंत्रित करने के औजार है। ऐसे पत्र विशेष रूप से न्यायमूर्तियों से ज्यादा सजगता व संवेदना की मांग करते हैं। समाज के राष्ट्र के किसी भी हिस्से में कहीं भी मूल्यों एवं मानकों के विरुद्ध होता है तो यह सोचकर निरपेक्ष नहीं रहना चाहिए कि हमें क्या? गलत देखकर चुप रह जाना भी अपराध है। इसलिये बुराइयों एवं विसंगतियों से पलायन नहीं, उनका परिष्कार होना चाहिए। वकीलों की यह चिट्ठी ऐसे ही परिष्कार का द्योतक है जो लोकतंत्र के साथ-साथ संविधान को सुस्थापित बनाये रखने के लिये अपेक्षित है। वकीलों के चिट्ठी लिखने वाले समूह के खिलाफ वकीलों का दूसरा समूह सक्रिय हुआ है, उनका सक्रिय होना स्वाभाविक है क्योंकि उनकी मोटी कमाई के साथ गलत मनसूबों पर पानी फिर गया है। वकीलों के दोनों समूहों के बीच परस्पर आरोप-प्रत्यारोप भी काफी गंभीर व दुखद हैं। चुनावी मौसम में यह एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर आने वाले कुछ दिनों तक बहस जारी रह सकती है। मामला वाकई गंभीर है। ध्यान रहे, 600 वकीलों के पत्र में बेंच फिक्सिंग के मनगढ़ंत सिद्धांत के बारे में भी चिंता जताई गई है, जिसके तहत न्यायिक पीठों की संरचना को प्रभावित करने और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाने का प्रयास शायद नया नहीं है। ऐसे में, यह जरूर कहना चाहिए कि देश में किसी भी स्तंभ या सांविधानिक संस्था की गरिमा धुंधलानी नहीं चाहिए। जनता को न्याय देने वाले मंचों पर अन्याय, स्वार्थ एवं आग्रहों के बादल नहीं मंडराने चाहिए। नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करते हुए संविधान को बनाये रखने के लिए काम करने वाले लोगों के रूप में, हमारी अदालतों के लिए खड़े होने एवं उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने के प्रयासों पर कड़ा पहरा देने का समय है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू ने राजस्थान दिवस की बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान दिवस पर शनिवार को राज्य के लोगों को बधाई दी। राष्ट्रपति भवन ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मुर्मू का संदेश साझा किया है। राष्ट्रपति ने बधाई संदेश में कहा है, "राजस्थान दिवस पर राज्य के निवासियों को हार्दिक बधाई। क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा यह राज्य अपनी गौरवपूर्ण परम्पराओं, अतिथि सत्कार और इंद्रधनुषी संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है।" उन्होंने कहा "यहां के लोगों ने विश्व भर में अपनी उद्यमशीलता की पहचान स्थापित की है। मैं कामना करती हूं कि अपनी विशिष्ट पहचान को बनाए रखते हुए, यहां के निवासी देश की प्रगति में अमूल्य योगदान देते रहें।"

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अप्रैल को मुंबई दौरे पर

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अप्रैल को मुंबई आएंगे और भारतीय रिजर्व बैंक के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के मुंबई दौरे को लेकर प्रशासकीय तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक 1 अप्रैल 2024 को अपने 90वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस मौके पर मुंबई के नरीमन पॉइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी करने वाले हैं। इस अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस सहित रिजर्व बैंके अधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा गैरराजनीतिक बताया जा रहा है।

### एनसीपी नेता नवाब मलिक अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक को शनिवार को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी और पार्टी प्रवक्ता ने पुष्टि की कि मलिक को अस्पताल ले जाया गया और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मलिक फिलहाल मेडिकल जमानत पर हैं।

### पत्नी, तीन बच्चियों की हत्या के आरोपी पति ने की आत्महत्या, शव बरामद

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र में पत्नी और तीन बच्चियों की हत्या के आरोपी शख्स ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रेल पटरी से शनिवार को उसका शव बरामद कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बावरिया गांव निवासी ईदु अंसारी का शव सुगौली के पास रेल पटरी पर बरामद किया गया। अरेराज के पुलिस उपाधीक्षक रंजन कुमार ने आत्महत्या की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक अंसारी पर गुरुवार को बाबरिया गांव में अपनी पत्नी अफरीना खातून और तीन बेटियों अबरुन खातून, शबरुन खातून और शहजादी खातून की चारा काटने वाले गडासा से गला काटकर हत्या करने का आरोप था। घटना को अंजाम देने के बाद अंसारी घर से फरार हो गया था।

# मुख्तार अंसारी सुपुर्द-ए-खाक, जनाजा उठने से पहले बेटे ने पिता की मूछों पर दिया ताव

**एजेंसी। गाजीपुर।**

पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के शव को शनिवार को गाजीपुर जिले के उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के करीब कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शनिवार की सुबह से ही लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ती गई। उधर, मूछों से पहचाने जाने वाले माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे ने जनाजा उठने से पहले पिता की मूछों पर बल दिया। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई, जिसमें



नम आंखों से बेटा उमर अंसारी अपने पिता की मूंछों को आखिरी बार ताव देता नजर आ रहा है।

डीआईजी डाक्टर ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि मुख्तार अंसारी का अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। परिजनों से लगातार वार्ता कर यह कार्रवाई पूरी की गई। इस दौरान ग्रुप में लोग आते रहे। कब्रिस्तान में उनके परिवार के 50 लोगों को अनुमति थी। कुछ खास लोगों को मिट्टी देने में शामिल किया गया। ज्यादातर लोग कब्रिस्तान के बाहर जुटे थे। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए मुख्तार के बेटे उमर ने खुद माइक ले लिया। उसने लोगों से पीछे हटने की अपील की, साथ ही लोगों से शांति बनाने की भी अपील की। भारी पुलिस बल और लोगों के हुजूम के बीच मुख्तार अंसारी को दफन कर दिया गया। अंतिम विदाई के समय मुख्तार के स्वजन में उनके बड़े भाई अफजाल अंसारी, पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी, भतीजे मुहम्मदाबाद विधायक सुहेब अंसारी, बेटा उमर अंसारी सहित सभी ने मुख्तार की कब्र पर मिट्टी डाली।

### कांग्रेस विधायक ने कहा कुमारस्वामी चुनाव से पहले अस्पताल में होते हैं भर्ती

**मांड्या।** कर्नाटक कांग्रेस के विधायक रमेश ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि कुमारस्वामी हमेशा ही चुनाव से पहले अस्पताल में भर्ती हो जाते हैं। मालवल्ली शहर में कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक के दौरान कांग्रेस विधायक ने कहा, जब कभी-भी चुनाव नजदीक आता है, कुमारस्वामी दिल की समस्या का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो जाते हैं। विधायक रमेश ने सवाल किया, इस बार, हार्ट की सर्जरी की वजह से कुमारस्वामी तीन दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहे। इसके बाद वो अगले ही दिन दौरे के लिए रवाना हो गए।

## भाजपा को झटका, अन्नामलाई के दो नामांकन में से एक खारिज



**एजेंसी। कोयंबटूर**

सत्तारूढ़ द्रमुक और विपक्षी अन्नाद्रमुक ने चुनाव आयोग से पूर्व आईपीएस अधिकारी और तमिलनाडु राज्य भाजपा इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई के नामांकन पत्र को खारिज करने की अपील की है, जो तमिलनाडु में कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। इस बीच, नामांकन पत्रों की समीक्षा कर रहे चुनाव आयोग ने अन्नामलाई द्वारा प्रस्तुत दो नामांकन पत्रों में से एक को खारिज कर दिया है।

## पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल की बहू बीजेपी में हुई शामिल



मुंबई। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल चाकुरकर की बहू अर्चना पाटिल चाकुरकर ने बीजेपी का दामन थाम लिया। वह महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। वह महाराष्ट्र के उदगीर में लाइफकेयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की प्रमुख हैं। उनके पति शैलेश पाटिल चाकुरकर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए नारी शक्ति वंदन अभियान से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं।

# उल्टा पड़ गया आप का दांव! भाजपा का दावा लोगों ने की केजरीवाल के इस्तीफे की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल द्वारा एक वीडियो संदेश में लोगों से व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से अपने पति तक पहुंचने का आग्रह करने के कुछ घंटों बाद, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि आप ने नंबर हटा दिया है। उनका यह कदम उल्टा पड़ गया और भारी संख्या में लोग केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करने लगे। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि आप में मेरे सूत्र ने मुझे बताया कि श्रीमती सुनीता केजरीवाल द्वारा जारी किया गया व्हाट्सएप नंबर कुछ ही घंटों में हटा दिया गया क्योंकि दिल्ली और भारत के लोगों ने भारी संख्या में केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की थी।

आप अदालत और जनता की राय के खिलाफ क्यों जा रहे हैं और पाब्लो एस्कोबार की तरह जेल से सरकार चला रहे हैं?




पूनावाला ने एक्स पर एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें बताया गया कि फोन नंबर 8297324624 अब उपलब्ध नहीं है। स्थानीय अदालत द्वारा अरविंद केजरीवाल की हिरासत 1 अप्रैल तक बढ़ाए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश में 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान शुरू किया और लोगों से संदेश भेजकर उनका समर्थन करने का आग्रह किया। वह उसे जेल में पहुंचा देगी। वीडियो संदेश में श्रीमती केजरीवाल ने कहा, "मैं आपके संदेश जेल में उन तक पहुंचाऊंगी।"

## बिहार के बक्सर में पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**एजेंसी। पटना।**

बक्सर। बिहार के बक्सर जिले में बीते 24 घंटे के भीतर एक ही गांव के पांच लोगों की संदिग्ध मौत से हड़कंप मच गया है। मरने वाले सभी लोग ब्रह्मपुर के बगेन गोला थाना क्षेत्र के मनकी गांव के रहने वाले थे। तीन लोगों की मौत पहले ही हो गई थी जबकि दो अन्य लोगों की मौत बीती रात इलाज के दौरान हो गई है। दो अन्य लोग अस्पताल में भर्ती हैं। पटना में इलाज के दौरान जिन दो लोगों की मौत हुई है उनमे 40 वर्षीय हरेंद्र सिंह उर्फ काली यादव और 40 वर्षीय दामोदर यादव है। इस गांव के कुल पांच लोगों की मौत अबतक हो चुकी है। एक के



बाद एक पांच लोगों की संदिग्ध मौत से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण जहरीली शराब पीने से मौत की आशंका जता रहे हैं। तीन लोगों की मौत के बाद दो और लोगों की मौत की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बक्सर के डीएम और एसपी गांव पहुंचे और मृतकों के परिजनों से घटना की जानकारी ली।

## ईडी ने शराब घोटाला मामले में कैलाश गहलोत से पांच घंटे तक की पूछताछ

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से करीब 5 घंटे तक पूछताछ की है।केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनके करीबी मंत्री कैलाश गहलोत को समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया था।

कैलाश गहलोत नजफगढ़ से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। वे केजरीवाल सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं।उधर, गहलोत ने ईडी की पूछताछ में




शामिल होने के बाद संवाददाताओं के पूछे सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ऐसा कोई घोटाला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी (आप) का स्टैंड यही रहा है, समय के साथ आप सभी इस बात से आश्वस्त हो जाएंगे।उल्लेखनीय है कि कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी प्रमुख और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल ईडी की हिरासत में हैं। इस मामले में मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह अभी जेल में हैं।

## दुनिया बदल सकती है डीपीआई 'मेड इन इंडिया' तकनीक : गेट्स

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

अरबपति कारोबारी बिल गेट्स ने शनिवार को कहा कि भारत में बनाई गई डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) जैसी तकनीक दुनिया के लिए परिवर्तनकारी हो सकती हैं। एआई से लेकर स्वास्थ्य सेवा और जलवायु परिवर्तन तक कई विषयों पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के एक दिन बाद, गेट्स ने कहा कि प्रौद्योगिकी देश में लाखों लोगों के लिए डिजिटल विभाजन को पाट रही है। गेट्स ने एक्स पर पोस्ट किया, अपनी भारत यात्रा के दौरान, मैंने देखा कि कैसे एआई और डीपीआई छोटे किसानों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जीवन तक पहुंच में सुधार कर रहे हैं। ये प्रौद्योगिकियां दुनिया के लिए परिवर्तनकारी हो सकती हैं। गौरतलब है कि हाल ही में नैसकॉम



की अगुवाई वाली एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और आधार जैसे डीपीआई भारत को 2030 तक 8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं। इससे देश को 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। गेट्स के साथ अपनी बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने एआई से लेकर डिजिटल प्रौद्योगिकी में भारत की प्रभावशाली प्रगति समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की थी।

## महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता व ध्रुवीकरण होगा महारैली का मुद्दा : रमेश

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

विपक्षी गठबंधन रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करने जा रहा है। इस संबंध में कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है कि रैली का मुख्य मुद्दा महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और ध्रुवीकरण होगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कांग्रेस मुख्यालय में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

जयराम रमेश ने कहा कि रविवार की रैली लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है, इसलिए नाम 'लोकतंत्र बचाओ रैली' रखा गया है। जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा



की समाप्ति के बाद मुंबई में आईएनडीआईए गठबंधन की एक बड़ी रैली हुई थी। वहां पर पहला शंखनाद हुआ था और रविवार दूसरा बड़ा शंखनाद होगा।

इस रैली में पूरा आईएनडीआईए शामिल है। इस रैली में देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और सामाजिक ध्रुवीकरण मुख्य मुद्दा होगा। दिल्ली में प्रस्तावित रैली को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों तैयारियों में जुट गई है। शनिवार को एक तरफ जहां आप के विधायक आयोजन स्थल पर तैयारियों का जाएजा लेने पहुंचे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेताओं ने एक संवाददाता सम्मेलन कर स्पष्ट कर दिया कि यह किसी पार्टी की रैली नहीं होगी यह किसी व्यक्ति की रैली नहीं है।

जयराम रमेश ने कहा कि यह आईएनडीआईए में शामिल सभी 28 पार्टियों की रैली है। यह अलग बात है कि पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग फामूर्ला लागू नहीं हुआ फिर भी तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गठबंधन की इस लोकतंत्र बचाओ रैली में शामिल होंगे।

### कर्पूरी को भारत रत्न दिए जाने की टाइमिंग पर पीके ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** जन सुराज के सूत्रधार व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा है कि जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न मिलना बहुत अच्छी और स्वागत योग्य बात है। हालांकि उन्होंने इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं।

पीके ने मीडिया से कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग बिहार और देश में लंबे समय से की जा रही थी। लेकिन, ये सब बातें चुनाव के एक से दो महीने पहले इसलिए की जाती हैं, ताकि लोग अपनी 5 साल की समस्या को भूलकर दोबारा इन्हीं सब बातों में आकर, बहकर फिर से वही गलती कर दें और उन्हें ही वोट करे। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को एक बात जो मैं कहना चाहता हूँ।

## लोनावाला में अश्लील वीडियो बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, कई गिरफ्तार

**एजेंसी। लोनावाला।**

महाराष्ट्र के लोनावला में अश्लील वीडियो बनाने वाले एक गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में शामिल कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गोरखधंधा लोनावाला के वीला में दो दिनों से चल रहा था।

अलग-अलग राज्यों से कुछ युवक-युवतियां आकर यहां अश्लील वीडियो बनाने में लगे हुए थे। पुलिस को कुछ वीडियो भी हाथ लगे हैं।मिली जानकारी के मुताबिक, लोनावला में वीला पर कुछ युवक-युवतियां अलग-अलग अश्लील ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए



अश्लील वीडियो बना रहे थे। भारत में पॉर्न वीडियो बनाना प्रतिबंधित है। इसे अपराध की श्रेणी में शामिल किया गया है।

15 लोगों का गैंग मिलकर अश्लील वीडियो बनाने के काम में जुटा हुआ था। पुलिस ने बताया है कि 15 लोगों में पांच युवतियां भी शामिल हैं। सभी युवक-युवतियां भारत के अलग-अलग राज्यों से हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोनावला ग्रामीण पुलिस ने छापेमारी कर कई लोगों को मौके से धर दबोचा।

लोनावला ग्रामीण पुलिस ने मौके से अश्लील वीडियो शूट करने के लिए इस्तेमाल किए गए कैमरे और अन्य सामग्री जब्त कर ली है। यह कार्रवाई लोनावाला सब डिवीजन के सहायक पुलिस अधीक्षक सत्यसाई कार्तिक के मार्गदर्शन में की गई।

# केरल की अदालत ने हत्या के आरोपी तीन संघ कार्यकर्ताओं को 7 साल बाद किया बरी

## मस्जिद के अंदर 2017 में एक मदरसा शिक्षक की हुई थी हत्या

**कासरगोड (केरल)। एजेंसी**

केरल में कासरगोड की एक अदालत ने 2017 में जिले की एक मस्जिद के अंदर एक मदरसा शिक्षक की हत्या से संबंधित मामले में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तीन कार्यकताओं को बरी कर दिया। कासरगोड के प्रधान सत्र न्यायाधीश के. के. बालाकृष्णन ने मामले के तीन आरोपियों-अखिलेश, जितिन और अजेश-को बरी कर दिया। तीनों केलुगुडे



के निवासी हैं। आरोपियों ने बगैर जमानत जेल में सात साल बिताये। मोहम्मद रियास मौलवी (34) पास के चूरी में स्थित एक मदरसे में पढ़ाते थे। अदालत ने मामले में 97 गवाहों, 215 दस्तावेजों और 45 भौतिक साक्ष्यों की जांच की, तथा 90 दिनों के भीतर आरोप-पत्र दायर किया गया था। अदालत में मौजूद मौलवी की पत्नी मीडिया के सामने रो पड़ीं और कहा कि (यह) आदेश निराशाजनक है। पीड़िता के परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्होंने इस मामले में इस तरह के फैसले की कभी उम्मीद नहीं की थी।

परिजनों ने संवाददाताओं से कहा, इस मामले में अदालतों ने पिछले सात वर्षों से आरोपियों को जमानत तक नहीं दी। आरोपी किसी भी तरह से मौलवी से जुड़े नहीं थे। यहां तक कि पुलिस आरोप-पत्र में भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि यह अपराध क्षेत्र में सांप्रदायिक अशांति पैदा करने का एक प्रयास था। आरोप-पत्र और रिमांड रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपी क्षेत्र में सांप्रदायिक अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे थे।

## आज का राशिफल

**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष :** कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**धनु :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।





# हैदराबाद के शानदार फॉर्म से गुजरात को हो सकता है खतरा




## इंडियन प्रीमियर लीग-2024

| टीम | मैच | जीत | हार | मिले अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| सीएसके | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.979 |
| केकेआर | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.047 |
| आरआर | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.800 |
| एसआरएच | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.675 |
| पीबीकेएस | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.025 |
| आरसीबी | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.711 |
| जीटी | 2 | 1 | 1 | 2 | -1.425 |
| डीसी | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.528 |
| एमआइ | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.925 |
| एलएसजी | 1 | 0 | 1 | 0 | -1.000 |



**चेन्नई के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स को शॉ की जरूरत**

मयंक अग्रवाल, ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, शाहबाज अहमद, अब्दुल समद, पैट कमिंस, मयंक मार्कंडेय, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन

शुभमन गिल (कप्तान), रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, सैक किशोर, उमेश यादव, स्पेंसर जॉनसन

**एजेंसी। अहमदाबाद**
गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की।
गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है।
टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्याएं खड़ी कर सकता है।
इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है जो अपनी हरफनमौला काबिलियत से संतुलन बनाए रखते थे। पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटन्स विजेता और उप विजेता रही थी। लेकिन शुभमन गिल की कप्तानी में टीम को भारतीय आल राउंडर पंड्या की कमी खल रही है। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा दिए गए 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साई सुदर्शन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज 30 रन तक नहीं पहुंच सका। सुदर्शन और विजय शंकर धीमी बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि गिल की टी20 बल्लेबाजी की फिर से आलोचना हो रही है जिन्होंने 31 और आठ रन की पारियां खेली हैं। वहीं उनके फिनिशर डेविड मिलर (12 और 21 रन) भी जूझ रहे हैं और मध्य ओवरों में उनकी बल्लेबाजी काफी धीमी रही। अब टीम उम्मीद करेगी कि मिलर अपनी फॉर्म में वापसी करें क्योंकि उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी की बराबरी करने के लिए बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## टी20 विश्व कप 2024 : अगले महीने हो सकता है भारतीय टीम का ऐलान




**अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो रहा है टी20 विश्व कप टूर्नामेंट**

**25 मई तक अपनी शुरुआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा।
बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जाएगा और इस समय तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी।' सूत्र ने कहा, क्रिकेटरों का पहला जत्था 19 मई को आईपीएल का लीग चरण खत्म होने के तुरंत बाद न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगा। जिन खिलाड़ियों की टीम अंतिम चार के लिए क्वालीफाई नहीं करती हैं, वे भी जल्दी जायेंगे जैसा कि पिछले साल डब्ल्यूटीसी फाइनल्स के दौरान हुआ था।' टी20 विश्व कप टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज में हो रहा है तो उम्मीद है कि कुछ स्टैंड बाई' खिलाड़ी भी टीम के साथ यात्रा करेंगे ताकि मुख्य टीम के किसी भी खिलाड़ी के चोटिल होने की स्थिति में या फिर किसी भी अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हटने से कोई लॉजिस्टिकल' परेशानी नहीं उठानी पड़े।

## मोहन बागान सुपर जायंट का अभियान थामना है चेन्नइयन एफसी का इरादा



**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट (एमबीएसजी) 31 मार्च, रविवार को यहां अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में चेन्नइयन एफसी से भिड़ेंगे। एंटोनियो लोपेज हाबास द्वारा साल की शुरूआत में हेड कोच पद संभालने के बाद से मैरिनर्स आईएसएल में अपराजित चल रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में चार जीते हैं और 18 मैचों में उनके 39 अंक हैं। वे लीग लीडर मुम्बई सिटी एफसी (41) से दो अंक पीछे हैं और उन्होंने आइलैंडर्स (19) से एक मैच कम खेला है। इस सीजन में चेन्नइयन एफसी का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। हालांकि मरीना मचान्स ने प्रतिभा की झलक दिखाई है, लेकिन बीच-बीच में लड़खड़ाहट भी देखने को मिली है, जिस कारण वे प्लेऑफ स्थानों के लिए पूरी ताकत से चुनौती नहीं दे पाए। मरीना मचान्स अपने पिछले पांच मैचों में तीन बार हार चुकी हैं। उनके 18 मैचों से 18 अंक हैं। मोहन बागान सुपर जायंटःमोहन बागान सुपर जायंट के पास चेन्नइयन एफसी के खिलाफ पहली बार लीग डबल करने का अवसर है। उन्होंने मरीना मचान्स से पहले चरण का मैच 3-1 से जीता था। वे हैदराबाद एफसी, जमशेदपुर एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ पहले ही ऐसा कर चुके हैं और यह इस सीजन में उनका चौथा लीग डबल होगा। मैरिनर्स घरेलू मैदान पर बेहद मजबूत टीम रहे हैं। उन्होंने साल्ट लेक स्टेडियम में अपने पिछले चार मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है, उन सभी मुकाबलों में कई बार स्कोर किया है। चेन्नइयन एफसी ने अब तक 18 मैचों में 28 गोल खाए हैं। लिहाजा, मैरिनर्स अगले मैच में उनकी डिफेंस लाइन का अच्छी खासी परीक्षा लेंगे।

## खबरें व्यापार जगत की

### स्विगी यूजर ने एक साल में इडली पर खर्च किए 7.3 लाख रुपये



**विश्व इडली दिवस**

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने शनिवार को 'विश्व इडली दिवस' के अवसर पर बताया कि उसके एक हैदराबाद यूजर ने पिछले 12 महीनों में 7.3 लाख रुपये के इडली का ऑर्डर दिया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इडली ऑर्डर करने का सबसे व्यस्त समय सुबह 8 बजे से 10 बजे के बीच है। बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोयंबटूर और मुंबई सहित कई शहरों के उपभोक्ता भी रात के खाने के दौरान इडली का आनंद लेते हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई टॉप-3 शहरों के रूप में उभरे, जहां इडली का सबसे ज्यादा ऑर्डर किया जाता है। इसके बाद मुंबई, पुणे, कोयंबटूर, दिल्ली, विजाग, कोलकाता और विजयवाड़ा हैं। सभी शहरों में प्लेन इडली को ज्यादा पसंद किया गया। स्विगी ने कहा, बेंगलुरु में रवा इडली खास तौर से लोकप्रिय है, जबकि घी/नेयी करम पोडी इडली तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पसंद की जाती है। थट्टे इडली और मिनी इडली को भी शहरों में इडली के ऑर्डर के बीच रेगुलर स्पॉट्स मिले है। मसाला डोसा के बाद इडली दूसरा सबसे ज्यादा ऑर्डर किए जाने वाला ब्रेकफास्ट आइटम है। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के अनुसार, इडली के लिए प्रसिद्ध टॉप-5 रेस्तरां बेंगलुरु में आशा टिफिन्स, बेंगलुरु और चेन्नई में ए2बी- अडयार आनंद भवन, हैदराबाद में वरलक्ष्मी टिफिन्स, चेन्नई में श्री अक्षयम और बेंगलुरु में वीणा स्टोर्स हैं।

### सरकार ने शुरू की सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है। बोली लगाने के लिए निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अंतिम तिथि 16 मई और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 21 मई तय की गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि ये सात ब्लॉक उन 11 ब्लॉकों का हिस्सा हैं, जिनकी नीलामी पहले रद्द कर दी गई थी। इसके अलावा, 18 ब्लॉकों के लिए किश्त दो के तहत ई-नीलामी प्रक्रिया भी जारी है। निविदा दस्तावेज की बिक्री की अंतिम तिथि 10 मई, 2024 है और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि छह ब्लॉकों के लिए ई-नीलामी का दूसरा दौर तय कार्यक्रम के अनुसार पूरा हो चुका है। गुजरात के कुंडोल निकेल और क्रोमियम ब्लॉक पर निर्णय नामित अधिकारी द्वारा उचित समय पर लिया जाएगा। लिथियम, क्रोमियम, निकल, ग्रेफाइट, कोबाल्ट, टाइटेनियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) जैसे महत्वपूर्ण खनिज भारत के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। वर्तमान में, इन खनिजों के उत्पादन पर चीन जैसे कुछ देशों का प्रभुत्व है। महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, उच्च तकनीक दूरसंचार, कृषि, फार्मास्युटिकल और गीगाफैक्ट्री के निर्माण जैसे क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करते हैं। देश में अभी इन खनिजों की मांग मुख्य रूप से आयात से पूरी होती है। दुनिया की भविष्य की अर्थव्यवस्था उन प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी, जो इन महत्वपूर्ण खनिजों पर निर्भर हैं। भारत 2030 तक गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से 50 प्रतिशत विद्युत उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चीन में इलेक्ट्रॉनिक सूचना निर्माण उद्योग का तेज विकास

**बीजिंग।** चीनी उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से फरवरी तक चीन में इलेक्ट्रॉनिक सूचना निर्माण उद्योग के उत्पादन में बड़ा इजाफा दर्ज हुआ। निर्यात और क्षमता में सुधार कायम रहा, निवेश की वृद्धि में तेजी आई और क्षेत्रीय राजस्व में भिन्नता स्पष्ट दिखी। आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस साल जनवरी से फरवरी तक सालाना आय दो करोड़ युआन (23 करोड़ रुपये) से अधिक वाले इलेक्ट्रॉनिक सूचना निर्माण उद्योग के वर्धित मूल्य में 14.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

## शाहीन अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से निराश

### छोड़ सकते हैं टी20 टीम की कप्तानी



**एजेंसी। लाहौर**
पाकिस्तान क्रिकेट और टी20 कप्तान के रूप में अपने भविष्य के बारे में चर्चा में शामिल नहीं होने से निराश तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि गेंदबाज इस बात से नाराज हैं कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी या राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है। सूत्र ने कहा, 'शाहीन का निराश होना उचित है क्योंकि राष्ट्रीय टी20 कप्तान होने के नाते उन्हें उम्मीद थी कि अगर बोर्ड/चयनकर्ता उन्हें हटाना भी चाहते हैं तो उन्हें इसके पीछे के कारणों के बारे में सूचित करने और उन्हें हर चीज के बारे में जानकारी देने की शालीनता होगी।' सूत्र ने कहा कि शाहीन इस बात से निराश हैं कि उन्हें लूप में नहीं रखा गया क्योंकि पीसीबी प्रमुख ने इस सप्ताह टी20 विश्व कप, कोचों की नियुक्ति और कप्तानी पर चर्चा के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और बाबर आजम के साथ चर्चा की थी।
सूत्र ने कहा, 'शाहीन का मानना है कि अगर बोर्ड उन्हें हटाना चाहता है तो उन्हें पहले ही इसकी जानकारी दे देनी चाहिए थी क्योंकि वह खुद भी पद छोड़ने को तैयार हैं। दरअसल अब उनके कुछ करीबी लोगों ने उन्हें ऐसा करने और सभी से दूर जाने की सलाह दी है। बोर्ड द्वारा अराजकता और भ्रम पैदा किया जा रहा है।'
पिछले नवंबर में भारत में विश्व कप के बाद शाहीन को टी20 कप्तान बनाया गया था जब जका अशरफ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख थे। शाहीन की नियुक्ति पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स फ्रेंचाइजी को लगातार दो खिताब दिलाने की उनकी क्षमता के आधार पर की गई थी। लेकिन कप्तान बनाए जाने के बाद शाहीन न्यूजीलैंड में टी20 सीरीज 1-4 से हार गए और कलंदर्स के साथ भी अपना जादू नहीं दोहरा सके क्योंकि वे हाल ही में पीएसएल में तालिका में सबसे नीचे रहे।

## बांग्लादेश ने जुलाई में होने वाला अफगानिस्तान दौरा किया स्थगित

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश का जुलाई में होने वाला अफगानिस्तान दौरा स्थगित कर दिया गया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड को आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद दो टेस्ट मैचों के साथ-साथ तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करनी थी। बीसीबी क्रिकेट संचालन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने शनिवार को क्रिकबज से बातचीत में कहा, दोनों बोर्डों द्वारा किसी अन्य समय पर श्रृंखला खेलने के लिए सहमत होने के बाद इसे पुनर्निर्धारित किया जाएगा। बांग्लादेश को 2024 में सफेद गेंद के अन्य मैचों के साथ 12 टेस्ट खेलने की उम्मीद थी, लेकिन अब वह केवल आठ टेस्ट खेलेगा। ऐसा तब हुआ जब जिम्बाब्वे के खिलाफ उनकी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला मई से पुनर्निर्धारित हो गई, और इसके बजाय केवल पांच टी20ई खेलने का विकल्प चुना गया।

## चीनी पैडलर्स का दबदबा जारी

**इंचियोन।** चीनी पैडलर्स ने शुक्रवार को यहां डब्ल्यूटीटी चैंपियंस इंचियोन पर अपना दबदबा बनाया और सभी सात खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।
पुरुष एकल में, दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरी वरीयता प्राप्त लियांग जिंगकुन ने स्लोवेनियाई डार्को जोर्गिक को 3-1 (7-11, 12-10, 11-7, 11-7) से शिकस्त दी। तीसरी वरीयता प्राप्त मा लोंग ने दक्षिण कोरियाई पैडलर लिम जोंग-हून को 3-1 से हराया, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त फैन जेंडॉन्ग भी आगे बढ़े।

## अभिषेक ने टीम को दिया हॉकी इंडिया के छठे वार्षिक पुरस्कारों के लिए नामित होने का श्रेय

# इस साल दो श्रेणियों में नामित होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है : अभिषेक

**32** खिलाड़ियों को किया गया शॉर्टलिस्ट


**7.56** करोड़ रुपये की है पुरस्कार राशि

**एजेंसी। नई दिल्ली**
हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों के बहुप्रतीक्षित छठे संस्करण के लिए मंच तैयार है, जो रविवार को नई दिल्ली में होने वाला है। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में अभूतपूर्व कुल पुरस्कार राशि 7.56 करोड़ रुपये है। आठ श्रेणियों में कुल 32 खिलाड़ियों को इन वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन नामित व्यक्तियों की पूरे 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।
प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस.बख्शी, हरबिंदर सिंह, अशोक दीवान, जफर इकबाल, अजीत पाल सिंह, रोमियो जेम्स, जगबीर सिंह, एम.पी. सिंह, और विनीत कुमार सहित हॉकी के दिग्गज शामिल होंगे। ।
हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन, हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों के साथ उपस्थित रहेंगे। अन्य उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में आर विनील कृष्णा, आईएएस, आयुक्त-सह-सचिव डीएसवाईएस, ओडिशा, डॉ अतुल्य मिश्रा, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव, तमिलनाडु सरकार, और मेघनाथ रेड्डी, आईएएस, सदस्य सचिव एसडीएटी, तमिलनाडु शामिल हैं। नामितों में भारतीय फारवर्ड अभिषेक भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से वर्ष 2023 में एक अलग छाप छोड़ा है। उनके निरंतर प्रदर्शन के लिए, अभिषेक को दो श्रेणियों-हॉकी इंडिया धनराज पिल्ले पुरस्कार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2023 और हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023, में नामित किया गया है।
अभिषेक ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, इस साल दो श्रेणियों में नामित होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं हॉकी इंडिया के सहयोगी स्टाफ, हमारे कोचों और मेरे साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने लगातार मेरा समर्थन किया और जब भी मुझे जरूरत पड़ी, हमेशा सलाह दी। उनके निरंतर समर्थन के कारण, मुझमें आत्मविश्वास आया और मैं स्वतंत्र रूप से प्रदर्शन करने में सक्षम हुआ। एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में छह मैचों में तीन गोल करने वाले अभिषेक ने हांग्जो एशियाई खेलों में अपना फॉर्म जारी रखा, जहां उन्होंने 7 मैचों में 9 गोल किए, जिससे उनकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद मिली। पिछले महीने राउरकेला में एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2023/24 में स्पेन पर भारत की रोमांचक 2 - 2 (8 - 7 शूट आउट) की जीत के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था।
अभिषेक ने कहा, यह मेरे लिए एक अच्छा साल था। हर बार जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरता हूं, तो मेरा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होता है कि मैं अपनी टीम को वांछित परिणाम दिलाने में मदद करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक, यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि टीम अच्छा प्रदर्शन करे और वे मुझे सही समय पर वांछित स्थिति में ढूंढने में सक्षम हों, और इस वर्ष मैंने इसी पर काम किया। मुझे उम्मीद है कि जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, हम सुधार करते रहेंगे।
इसका कभी अंत नहीं हो सकता, क्योंकि आपको हर खेल में सीखने के लिए मिलता है।
उन्होंने कहा, मैंने हर खेल में गोल करने के बारे में ज्यादा नहीं सोचा था लेकिन मेरा मुख्य उद्देश्य ड्रैग-फ्लिक के माध्यम से गोल करना था। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, मैं अपने ड्रैग-फ्लिकिंग कौशल में सुधार और काम करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही थी और इससे मेरे आत्मविश्वास में काफी फायदा हुआ है।



हॉकी इंडिया धनराज पिल्ले पुरस्कार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2023 और हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023, में नामित किया गया

## साइना ने कांग्रेस नेता की महिला विरोधी टिप्पणी की निंदा की



नेहवाल ने लिखा, एक तरफ हम नारी शक्ति को वंदन कर रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक पारित किया गया है और दूसरी तरफ नारी शक्ति का अपमान और महिला विरोधी लोग। यह बहुत ही परेशान करने वाला है।' शिवशंकरप्पा ने हाल में कहा, वह (गायत्री) ठीक से बोलना भी नहीं जानती। वह घर पर खाना पकाने के लिए फिट है।

**एजेंसी। बेंगलुरु**
स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने दावणगेरे सीट से भाजपा उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वर पर की गई महिला विरोधी टिप्पणी करने के लिए राज्य के अनुभवी कांग्रेस नेता शमनूर शिवशंकरप्पा की आलोचना की। दावणगेरे दक्षिण से 92 वर्षीय मौजूदा विधायक शिवशंकरप्पा ने कहा था कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद सिद्धेश्वर जीएम की पत्नी गायत्री केवल रसोई में खाना बनाना जानती हैं'। उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए नेहवाल ने अपने एक्स' पर पोस्ट किया, कर्नाटक के एक शीर्ष नेता शमनूर शिवशंकरप्पा जी ने कहा है कि महिलाओं को रसोई तक ही सीमित रहना चाहिए। दावणगेरे से उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरा पर की गई इस लैंगिक टिप्पणी की कम से कम ऐसी पार्टी से उम्मीद नहीं की जा सकती जो कहते हैं कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं।' लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाली 34 वर्षीय नेहवाल ने कहा कि जब देश में महिलायें हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने की ख्वाहिश रखती हैं तो महिलाओं के खिलाफ इस तरह की द्वेषपूर्ण टिप्पणी परेशान करने वाली हैं। उन्होंने लिखा, ह्यजब मैंने खेल के मैदान पर भारत के लिए पदक जीते तो कांग्रेस पार्टी मुझसे क्या चाहती थी, मुझे क्या करना चाहिए था? इस तरह क्यों कहा जा रहा है, जब सभी लड़कियां और महिलाएं किसी भी क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने का सपना देखती हैं।'

# राबड़ी देवी की राह पर कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल, आज दिल्ली में हुई दोनों की मुलाकात

उपेंद्र गुप्ता



**रांची ।** बिहार में लालू प्रसाद यादव ने जेल जाने से पहले अपनी गृहणी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था, लालू का यह राजनीतिक प्रयोग के आज के दौर में उन नेताओं को खूब रास आ रहा हैं, जो जेल जाने के बाद अपनी राजनीतिक विरासत पर पत्नी को आगे कर रहे हैं। इस राह पर अब झारखंड और दिल्ली में भी देखने को मिल सकता है। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जेल जाने के बाद अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को राजनीतिक विरासत संभालने के लिए आगे कर चुके हैं। ठीक उसी तरह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल जाने के बाद अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाने के कोशिश में लगे हैं।

**▸ हेमंत और अरविंद की भी कहानी लालू यादव जैसी**

लालू यादव का प्रयोग राजनीति में सबसे सफल और सुरक्षित मॉडल माना जाता है, इसमें किसी तरह कोई जोखिम नहीं होता है, इसलिए मुख्यमंत्री ही नहीं कई सांसद, विधायक, मंत्री भी कानूनी दांव-पेंच में फंसने के बाद अपनी जगह पत्नी को उत्तराधिकारी घोषित कर देते हैं। देश में ऐसे कई उदाहरण मौजूद है। अभी हाल में झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल ने जेल जाने के बाद अपनी पत्नियों को किचेन से निकाल कर सीधे राजनीति के मैदान में उतार दिया है। हेमंत सोरेन जेल जाने से पहले पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम बनाने की तैयारी कर चूके थे, लेकिन राजनीतिक दांव-पेंच में मामला फंस गया, जिसके कारण कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री बनने से रह गई, लेकिन राजनीति में पूरे दमखम के साथ सक्रिय हो चुकी है और गांडेय विधानसभा का उपचुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। ठीक उसी तरह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल भी जेल जाने के बाद अपनी पत्नी को सीएम बनाने में लगे हैं और अपनी जगह पत्नी सुनीता केजरीवाल के माध्यम से निशाना साध रहे हैं।

**▸ मांझी और पनीरसेल्वम मॉडल भी राजनीति में सफल**

बिहार में नीतीश कुमार का मांझी मॉडल और तामिलनाडू में जयललिता का पनीरसेल्वम मॉडल भी सफल रहा है, लेकिन इसमें जोखिम भी है। नरेंद मोदी के प्रधानमत्री बनने के बाद नैतिकता के आधार पर नीतीश कुमार ने सीएम पद से इस्तीफा देकर जीतनराम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था और खुद रिमोट कंट्रोल से सरकार चला रहे थे। लेकिन कुछ ही दिनों में जीतनराम मांझी ने अपना पैतरा बदला तो नीतीश कुमार जीतनराम मांझी को हटा कर फिर से सीएम बन गए, उसी तरह तामिलनाडू में सीएम जयललिता ने अस्वस्थ्य होने पर अपने सबसे भरोसेमंद मंत्री ओ पनीरसेल्वम को सीएम बना दिया था, बाद में पनीरसेल्वम ने जयललिता के स्वस्थ्य होने पर सीएम पद छोड़ दिया था, इसी तरह केंद्र में सोनिया गांधी जब पीएम नहीं बन सकी, तब अपने भरोसेमंद मनमोहन सिंह को पीएम बना कर दस साल तक देश में शासन किया।

**▸ हेमंत को भाई-भाभी और अरविंद को अपने मंत्री पर नहीं भरोसा**

हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी बड़ी भाभी सीता सोरेन और भाई बसंत सोरेन विकल्प के तौर पर थे, लेकिन हेमंत ने ना तो भाभी को आगे किया और ना ही भाई को। शायद उन्हें दोनों पर भरोसा नहीं था, जबकि उनकी भाभी तीन बार से जामा की विधायक हैं और भाई बसंत भी दुमका से विधायक है। लेकिन फिर भी पत्नी को सीएम बनाने के लिए सामान्य सीट गांडेय से झामुमो विधायक सरफराज अहमद को इस्तीफा दिलवाया। हेमंत के इसी फैसले से नाराज होकर उनकी बड़ी भाभी सोता सोरेन झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई। हेमंत की तरह अरविंद केजरीवाल को भी अपने मंत्रियों पर भरोसा नहीं है, सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल जाने के बाद सौरभ भारद्वाज और आतिशी सिंह अरविंद केजरीवाल के सबसे करीबी थे, लेकिन इन दोनों पर भी अरविंद केजरीवाल को भरोसा नहीं है। इसलिए पत्नी सुनीता को अपनी जगह सीएम की कुर्सी पर बैठाना चाहते हैं।

**कल्पना ने सुनीता को किया था फोन**

अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को फोन किया था और ढ़ाढ़स बंधाया था,कल्पना ने कहा था कि दोनों की दास्तान एक जैसी है और उनके साथ है। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली में कल्पना और सुनीता भी शामिल होंगी।

**▸ सुनीता केजरीवाल का संक्षिप्त परिचय**

अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल 1993 बैच की आईआरएस अधिकारी हैं। सुनीता केजरीवाल ने जुलाई 2016 में वीआरएस ले लिया था। सुनीता ने आयकर विभाग में लगभग 22 सालों तक काम किया है। सुनीता केजरीवाल वीआरएस लेने से पहले दिल्ली में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) में आयकर आयुक्त के रूप में तैनात थीं। सुनीता का जन्म दिल्ली में हुआ था, और अरविंद केजरीवाल के साथ मैसूर में पढ़ती थी, पिर भोपाल में एक साथ प्रशिक्षण लिया, सके बाद दोनों ने शादी कर ली । अरविंद केजरीवाल भी आयकर विभाग में ज्वाइंट कमिश्नर थे।

**▸ कल्पना सोरेन उड़ीसा की रहने वाली**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन उडीसा के मयूरभंज की रहने वाली है, लेकिन जन्म रांची में हुआ है और ग्रेजुएशन की पढ़ाई भी रांची में ही हुई। 2006 में कल्पना सोरेन का विवाह हेमंत सोरेन से हुआ। एक राजनीतिक परिवार की बहू होने के बाद वह राजनीति से दूर ही रहती थी, लेकिन पति हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद राजनीति में सक्रिय हुई है। उड़ीसा के निवासी होने के कारण कल्पना झारखंड में विधानसबा चुनाव आरक्षित सीट से नहीं लड़ सकती है, इसलिए सामान्य सीट गांडेय से विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

# बिरसा चौक में श्री बालाजी बाबोसा मंदिर का हुआ विधिवत उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री बालाजी बाबोसा मंदिर ग्येबियन रोड बिरसा चौक के मंदिर का लोकार्पण एवं विधिवत प्राण प्रतिष्ठा शनिवार को हुआ। साथ ही कलश यात्रा हिनू चौक स्थित हनुमान मंदिर से निकलकर बिरसा चौक स्थित श्री बालाजी बाबोसा मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा निकल कर देर शाम मंदिर परिसर पहुंची। शोभा यात्रा में भक्त बाबोसा की मूर्ति लाइव भजन रामगढ़ की ताशा पार्टी साथ ही सैकड़ों महिलाए कलश लेकर और पुरुष भक्त बाबा का निशान हाथों में लेकर घूमते नाचते गाते चल रहे थे। मार्ग में रांची के सांसद संजय सेठ , मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण शाखा और नारायणी मेडिकल हॉल के जरिये मार्ग मे पेयजल की व्यवस्था भक्त जनों के लिए की गई थी।

# दो नाबालिग लड़कियों से दो युवकों ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

मारंगहादा थाना क्षेत्र में गत शुक्रवार की रात 14-15 वर्षीय दो नाबालिग लड़कियों के साथ दो युवकों द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िताओं द्वारा शनिवार को मारंगहादा थाने में दाड़ीगुटू गांव के दो युवकों के विरुद्ध नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों गोडविन टूटी और लुकस टूटी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िताओं में एक लड़की खूंटी थाना क्षेत्र की है, जो पिछले एक वर्षों से मारंगहादा थाना में अपनी दीदी के यहां रह रही थी, जबकि दूसरी पीड़िता उसकी दीदी की गोतनी की बेटी है। घटना के संबंध में पीड़िताओं द्वारा थाना में दी गई लिखित शिकायत में कहा गया है कि शुक्रवार देर शाम वे दोनों दाड़ीगुटू गांव में आयोजित कनभेदी की पार्टी में भोज खाने गए थे। पार्टी में खाना खाने के बाद म्यूजिक सिस्टम में बज रहे गानों में दोनों डांस करने लगे। उनके साथ गिरफ्तार दोनों आरोपितों सहित कई अन्य लड़के भी डांस कर रहे थे। नाच-गान समाप्त होने के बाद देर रात दोनों लड़कियां जब वापस अपने गांव के लिए रवाना हुई, तो रास्ते में दाड़ीगुटू मैदान के पास पीछे से दोनों लड़के आ गए और उनके साथ छेड़छाड़ करने लगे।

# सरहुल पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है: विजय नाथ शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**



आदिवासी सरना समिति के तत्वबाधान में कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ में शनिवार को सरहुल महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी लाल विजय नाथ शाहदेव, विशिष्ट अतिथि जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमारभारत मुंडा समाज के महासचिव ब्रजेंद्र हेमरोम और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से सरना के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सरना समिति के अध्यक्ष हरेन्द्र लोहरा और बिरसा पाहन की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 18-20 गांवों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हम आदिवासी, मूलवासी आदि काल से प्रकृति के पूजक रहे हैं। सरहुल हो, करमा हो या जीतिया, सभी त्योहार प्रकृति से जुड़े हैं और यह हमारा उनसे अटूट संबंध को दिखाता है। शाहदेव ने कहा कि सरहुल पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि दुनिया को बचाना है, तो हमें जल, जंगल, जमीन की रक्षा हर हाल में करनी होगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, भाजपा नेता विष्णु प्रसाद सोनी, राजेंद्र मुंडा(राजन), तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, कर्रा की अंचल अधिकारी वंदना भारती, उप प्रमुख,सावित्री देवी, लव कुश कुमार सिंह आदि ने भी समारोह को संबोधित किया। इसके पूर्व बिरसा पाहन ने पूजा-अर्चना करके सिंगबोंगा से मानव कल्याण की प्रार्थना की।

# 72 घंटे में हत्यारोपी पकड़े नहीं गए तो जमशेदपुर होगा बंद

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

कांदरबेड़ा सोनारी के कारोबारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल की शुक्रवार की रात हुई जघन्य हत्या मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से व्यापारी गुस्से में हैं। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद मोनिका ने कहा कि प्रशासन के आला अधिकारियों से मिलकर तुरंत गिरफ्तारी की मांग की गई है। 72 घंटे में कुछ नहीं होने पर जमशेदपुर बंद का आह्वान किया जाएगा। घटना के समय व्यवसायी का परिवार हाइवे से घर लौट रहा था तभी बदमाशों ने फायरिंग की थी । भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अगुवाई में जिला के एसपी से मिला और जमशेदपुर सोनारी निवासी व्यवसायी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल को कांडरबेड़ा हाईवे पर गोली मारकर हत्या करने के मामले में अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। भाजमो नेताओं ने कहा कि शहर में अपराधी बेलगाम हैं चोरी-छिनतई, लूट, डकैती, मारपीट, हत्या सहित अन्य अपराधिक घटनाए रोजाना शहर में बेधड़क घट रही है। इससे शहरवासियों में भय और अनिश्चिता का माहौल है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने जल्द से जल्द इस मामले में संलिप्त दोषियों पर कारवाई करने तथा थाना में पीड़ित परिवार द्वारा पूर्व में की गई शिकायत की निष्पक्षता से जांच कर थाना प्रभारी की भूमिका की भी जांच कर कार्रवाई करने की मांग सीटी एसपी से की।

इस दौरान मुख्य रूप से भाजमो के जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन, मंत्री दिनेश्वर कुमार, विकास गुप्ता, महानगर प्रवक्ता व व्यापारी मामलों के विधायक प्रतिनिधी आकाश शाह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश प्रसाद, साकची पश्चिम मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रेम सक्सेना, बमामाईंस मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव, बिरसानगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार, बबलू कुमार, सतीश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ें : रवि कुमार

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा जिलों में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**कहा, सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रखें**

**चेक पोस्ट पर जांच में सख्ती बरतें**

**सीसीटीवी के माध्यम से मॉनीटरिंग करने तथा चेक पोस्टों पर औचक निरीक्षण कर उनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची/हजारीबाग**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाए। चुनाव की तैयारियों के बाबत मुस्तैदी से काम करना जरूरी है एवं शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं है। जहां भी कोई कमी नजर आए, तो तत्काल उन कमियों को दूर करें। उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारियों से पूरी जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन करने के लिए निर्देशित किया।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार शनिवार को हजारीबाग समाहरणालय के सभाकक्ष में हजारीबाग, रामगढ़ एवं कोडरमा जिले में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के लिए संबंधित पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सोशल मीडिया सेल को सक्रिय करते हुए सोशल मीडिया पोस्टों पर गहनता से ध्यान रखने एवं आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही, सभी जिलों के सोशल मीडिया सेल के टोल फ्री नंबर को प्रसारित करें, जिस पर आम आदमी भी इससे संबंधित शिकायत दर्ज करा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने अंतरराज्यीय एवं जिला चेकपोस्ट पर सख्ती से जांच करने एवं आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

चेक पोस्ट पर पर्याप्त बल एवं दंडाधिकारी की नियुक्ति कर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब एवं शस्त्र की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने, सीसीटीवी के माध्यम से मॉनीटरिंग करने तथा चेक पोस्टों पर औचक निरीक्षण कर उनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया।

**▸ अवैध शराब भट्ठियों को करें ध्वस्त, सरगना को गिरफ्तार करें :**

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने उत्पाद अधीक्षक एवं पुलिस पदाधिकारियों को समन्वय कर सात दिनों के अंदर सभी अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही, अवैध शराब एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री बनाने, उसका परिवहन के धंधे में संलिप्त सरगना, डीलर को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अवैध आग्नेयास्त्र रखने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने को कहा।

**▸ हैलिपैड को चिह्नित कर फिजिकल वेरिफिकेशन कराएं :**

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य के मद्देनजर स्थायी और अस्थायी हैलिपैड का फिजिकल वेरिफिकेशन कर वहां की व्यवस्था को सुदृढ़ कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी हैलिपैड की व्यवस्था का अभी से संयुक्त अभ्यास करें, ताकि पोलिंग पार्टी एवं आकस्मिक सेवाओं में इनका इस्तेमाल किया जा सके।

### सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : एवी होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने जिलों के चिह्नित संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए जरूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील होने की संभावना वाले मतदान केंद्रों के लिए अभी से ही पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती संबंधी अभ्यास सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, ईवीएम, मतदाता सहित चुनाव सामग्री, उपकरण एवं सभी की सुरक्षा आवश्यक है। सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। जीरो रिस्क प्रिंसिपल पर चुनाव संपन्न कराना हमारी उपलब्धि होगी। होमकर ने शैडो एरिया के लिए वैकल्पिक संचार माध्यम को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया। साथ ही कलस्टर एवं मतदान केंद्रों पर बिजली व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया, ताकि समुचित प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ मोबाइल आदि आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को चार्ज किया जा सके।

## न्यूज बॉक्स

### मासिक लोक अदालत में 593 मामलों का निष्पादन




**रांची।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान सात बैंच का गठन किया गया था। लोक अदालत में कुल 593 वादों का निष्पादन किया गया और दो लाख 83 हजार 30 रुपये का निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया।

### टेरर फंडिंग मामले में एनआइए कोर्ट से अनिश्चय गंझू की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने शनिवार को चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में आरोपित चतरा के लावालौंग थाना क्षेत्र के निवासी अनिश्चय गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी। एनआइए के वर्ष 2018 से जुड़े एक मामले में वह छह जून 2020 से जेल में है। एनआइए की ओर से सुनवाई के दौरान अदालत में कहा गया कि प्रार्थी प्रतिबंधित संगठन टीपीसी के लिए कोयला खनन क्षेत्र से जबरन वसूली के माध्यम से नाजायज स्त्रोतों से धन एकत्र करता है। वह अन्य सदस्यों के साथ मिलकर टीपीसी उग्रवादी के नाम पर भय पैदा कर स्थानीय व्यापारियों से लेवी वसूलने में संलिप्त था।

### भाजपा के लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र समिति में अर्जुन मुंडा शामिल

**रांची।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन किया है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पत्र जारी किया है। इसके मुताबिक, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर बनायी गयी इस समिति में पार्टी के टॉप लेवल के कुल 27 लोगों को रखा गया है। इसका अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह जबकि संयोजक निर्मला सीतारमण को बनाया गया है। सह संयोजक पीयूष गोयल हैं। इसके अलावा अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, किरेन रिजीजू सहित अन्य राज्यों के नेताओं को भी शामिल किया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल की सजा

**रांची।** पोक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी कृष्णा भुईया को 20 साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 10 हजार का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। यह मामला खलारी थाना क्षेत्र का है। 8 मार्च 2021 को नाबालिग पीड़िता अपने दोस्त के घर गई थी। उस दोस्त के बड़े भाई कृष्ण भुइयां ने नाबालिग को घर छोड़ने की बात कह कर रास्ते में उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी थी। इसके बाद नाबालिग पीड़िता के बयान पर खलारी थाना में आरोपित के खिलाफ कांड संख्या 28/2021 दर्ज कराया गया था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किये गये थे।

### चौकीदार-दफादार के वेतन-वर्दी के लिए 14.30 करोड़ आवंटित

**रांची ।** गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग ने चौकीदार-दफादार के वेतन एवं वर्दी भत्ता के लिए 14.30 करोड़ रुपये आवंटित किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए यह राशि आवंटित की गयी है। संबंधित जिलों के जिला कोषागार से राशि की निकासी की जायेगी। गृह विभाग ने इस बाबत डीसी को आदेश दिया है कि वह सुनिश्चित करेंगे कि चौकीदार-दफादार को वेतन का भुगतान नियत समय पर हो।

## पृष्ठ एक के शेष

**कर्पूरी ठाकुर, नरसिम्हा राव...**

जाना है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आडवाणी के घर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करेंगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति भी मौजूद रह सकते हैं।

**देश के लिए योगदान को सम्मान है...**

विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास में उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और जनसेवा के लिए उनकी प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। डॉ. एमएस स्वामीनाथन के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, कृषि जगत की एक सम्मानित हस्ती को आनुवंशिकी और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य और अनुसंधान के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा हासिल है। उनके प्रयासों ने भारत को खाद्य उत्पादन में संघर्ष से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया। उन्हें दिया गया भारत रत्न अधिक से अधिक लोगों को कृषि और खाद्य सुरक्षा में अनुसंधान करने के लिए प्रेरित करे। बिहार के मुख्यमंत्री रहे कपूर्री ठाकुर पर प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा, उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। जननायक को समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग के मसीहा के रूप में जाना जाता है। समाज में हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए कपूर्री जी का अथक संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। उनको भारत रत्न का सम्मान हमारे समावेशी समाज और संवेदनशीलता के भारतीय मूल्यों का ही सम्मान है।

**पूर्व सीएम हेमंत सहित पांच के...**

कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने पांच अप्रैल तक उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी थी। हेमंत सोरेन फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी, 2023 को देर रात गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें एक फरवरी को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया था। हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

**व्हाट्सएप चैटिंग, अफसरों की...**

अदालत के आदेश पर उनकी रिमांड की अवधि दो बार बढ़ाई गई है और उनसे कुल 13 दिनों तक जमीन की खरीदारी, व्हाट्सअप चैटिंग, अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में लेनदेन सहित कई बिंदुओं पर पूछताछ की गई थी। एजेंसी ने कोर्ट को बताया था कि सोरेन ने कई बिंदुओं पर सीधा और संतोषजनक जवाब नहीं दिया। सोरेन जमीन पर अपनी स्वामित्व की बात से लगातार इनकार करते रहे हैं। इस पर ईडी ने उनके सामने बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के मोबाइल से मिले 8.46 एकड़ जमीन के साक्ष्य को रखा था। सोरेन फिलहाल 4 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी की चार्जशीट के बाद उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की आगे की कार्यवाही शुरू होगी।

**साइबर अपराध का नया...**

कोई और है, जो रांची से बैठकर सबको गाइड करता था। एसपी रमेशन ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में चतरा के मुकेश कुमार, रांची के आनंद कुमार, रोहित कुमार व अंकित कुमार, रामगढ के राजेश कुमार, सिवान बिहार के ऋषि राज सिंह ,देवरिया यूपी के अविनाश कुमार सिंह, हजारीबाग के सुशील कुमार, पलामू के विकास कुमार प्रजापति, हजारीबाग के विकास कुमार महतो, पिन्टु कुमार, मनीष कुमार व नीरज कुमार का नाम शामिल है।

**पांच लाख का इनामी नागेश्वर...**

वे लोग जंगल में इकट्ठा हो रहे थे। लेकिन पुलिस के आने के कारण उनकी योजना असफल हो गई और सभी नक्सली वहां से भागने को मजबूर हो गए। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी नेशनल पर 17 से अधिक नक्सली हिंसक मामले विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# 9 सोमालियाई समुद्री लुटेरों का सरेंडर, भारत ने 23 पाक नागरिकों को बचाया

### भारतीय नौसेना को अरब सागर में 12 घंटे तक ऑपरेशन के बाद मिली कामयाबी

### अपहृत ईरानी जहाज को छुड़ाने के बाद सुरक्षित क्षेत्र में ले जाने की कार्रवाई शुरू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में 12 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद एक बार फिर सोमालियाई समुद्री लुटेरों को सरेंडर करने के लिए मजबूर कर दिया। इसके बाद अपहृत ईरानी जहाज को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 23 पाकिस्तानी नागरिकों को समुद्री लुटेरों से सुरक्षित बचा लिया गया है। भारतीय नौसेना को 28 मार्च की देर शाम ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज "अल-कंबर 786" को अरब सागर में अपहृत किए जाने की सूचना मिली थी। समुद्री डकैती के इनपुट पर भारतीय नौसेना ने समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अरब सागर में तैनात दो जहाजों को अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज (एफवी) को रोकने के लिए डायवर्ट कर दिया। घटना के समय भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमेधा अपहृत जहाज से लगभग 90 नॉटिकल मील दक्षिण पश्चिम में था। नौसेना को अपहृत ईरानी जहाज पर नौ सशस्त्र समुद्री डाकुओं के सवार होने की प्रारंभिक जानकारी मिली थी।

भारतीय युद्धपोत ने अपहृत अल-कंबर को 29 मार्च को अरब सागर में रोक लिया और जहाज समेत उसके चालक दल को बचाने के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिया। इसके बाद भारतीय निर्देशित मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल भी इस ऑपरेशन से जुड़ गया।

**कानूनी कार्रवाई के लिए नौ समुद्री लुटेरों को भारत लाया जा रहा है : नौसेना**

भारतीय नौसेना ने शनिवार को कहा कि अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाली नौका अल-कंबर के अपहरण के लिए जिम्मेदार नौ समुद्री लुटेरों को कानूनी कार्रवाई के लिए भारत लाया जा रहा है, जिसके क्रू में शामिल 23 पाकिस्तानी नागरिकों को बचाया गया था। नौसेना ने कहा, विशेषज्ञ टीमों ने सभी नौ समुद्री डाकुओं को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया। उन्हें 2022 के समुद्री डकैती रोधी अधिनियम के अनुसार कानूनी कार्रवाई के लिए भारत लाया जा रहा है। नौका को मछली पकड़ने की गतिविधियां जारी रखने के लिए मंजूरी देने से पहले 23 पाकिस्तानी नागरिकों वाले चालक दल की गहन चिकित्सा जांच की गई थी।

# आयकर विभाग के 'साक्ष्य' बढ़ाएंगे कांग्रेस की मुसीबत





**एजेंसी। नई दिल्ली**

आयकर विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई पर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है, लेकिन उसे विभिन्न न्यायिक निकायों से किसी भी तरह की राहत नहीं मिल पाई है। सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग ने कोर्ट में इस मामले में ठोस सबूत पेश कर दिए हैं। इन सबूतों के जरिए कोर्ट के सामने यह बात रखी गई है कि कांग्रेस पार्टी को साल 2013 और 2019 के बीच 626 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। सूत्रों के अनुसार, अब आयकर विभाग कांग्रेस से कुल 2,500 करोड़ रुपये से ज्यादा वसूल सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अप्रैल 2019 में आयकर विभाग के छापों में कांग्रेस द्वारा मेघा इंजीनियरिंग और एक कंपनी से नकदी प्राप्त होने के बारे में जानकारी दी गई है। यह कंपनी कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के सहयोगी के करीबियों की बताई जा रही है। इन कंपनियों के जरिए कांग्रेस को साल 2013-14 से 2018-19 तक 626 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। सूत्रों ने बताया कि मेघा इंजीनियरिंग ने नकद राशि ठेकों के लिए दी थी। कमलनाथ के सहयोगियों से प्राप्त यह राशि मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार से जुड़ी थी, जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, मंत्रियों, व्यापारियों आदि समेत कई लोगों से रिश्वत के रूप में वसूली की बात सामने आई थी। इस नकदी की पुष्टि कई तरीकों से की गई है, जैसे तलाशी के दौरान मिले दस्तावेज, व्हाट्सएप मैसेज और दर्ज किए गए बयान। साक्ष्य में कांग्रेस नेता कमलनाथ के आधिकारिक आवास से एआईसीसी दफ्तर तक 20 करोड़ रुपये के विशिष्ट भुगतान का जिक्र किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, आयकर अधिनियम की धारा 13ए के तहत, यदि कई शर्तें पूरी होती हैं, तो एक सियासी पार्टी द्वारा प्राप्त आय के लिए छूट दी जाती है। इसमें दो हजार रुपये से ज्यादा कोई भी राशि नकद में स्वीकार न करना शामिल है।

सूत्रों के मुताबिक, यह धारा 13ए के प्रावधानों के अनुरूप है जो सभी राजनीतिक दलों पर लागू होता है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने आरोप लगाया कि भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करा दिए हैं। कांग्रेस नेता चिदंबरम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हम भाजपा के इन हथकंडों से सामने झुकने वाले नहीं हैं और हमें विश्वास है कि आने वाले चुनाव में देश की जनता भाजपा को हर तरह का जवाब देगी।

## एक नजर

### ईरान में फिर से दूतावास खोलेगा अजरबैजान



**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में अजरबैजानी दूतावास जल्द ही अपना संचालन फिर से शुरू करेगा। मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को ईरानी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया, द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ती (राजनयिक) गतिविधियों के अनुरूप ईरान और अजरबैजान के बीच कुछ समझौते हुए हैं। दूतावास को फिर से खोलने के अलावा, दोनों देशों के बीच आधिकारिक बैठकें भी एजेंडे में हैं। 27 जनवरी, 2023 को मिशन पर एक सशस्त्र हमले के बाद अजरबैजान ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया, जिसमें एक स्टाफ सदस्य की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

### इराक में आईएस के हमले में सैनिक की मौत

**बगदाद।** इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में एक सैन्य अड्डे पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों के हमले में एक इराकी सैनिक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। किरकुक प्रांत के पुलिस कमांड के मेजर साद अल-ओबैदी ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया, 'हमला शुक्रवार शाम को हुआ, जब आईएस आतंकवादियों ने प्रांतीय राजधानी किरकुक के दक्षिण-पश्चिम में स्थित वादी अल-शाय के बीहड़ इलाके में एक सेना चौकी पर हमला किया।' अल-ओबैदी ने कहा कि चौकी पर सैनिकों की हमलावरों के साथ भीषण झड़प हुई और उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### 4 करोड़ की कोकीन पेट में छिपाकर काठमांडू पहुंचे दो गिरफ्तार

**काठमांडू।** ब्राजील से काठमांडू पहुंचे दो लोगों को पुलिस ने चार करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। यह कोकीन ये दोनों आरोपित अपने पेट में छिपा कर लाए थे। नेपाल पुलिस के नारकोटिक्स विभाग ने काठमांडू के ठमेल में एक होटल में छापा मार कर एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब डेढ़ किलो कोकीन बरामद की गई है। नारकोटिक्स विभाग के एसएसपी गोविन्द थपलिया ने बताया कि पकड़े गए दोनों लोग ये कोकीन कैप्सूल की शक्ल में अपने पेट में छिपाकर लाए थे। पुलिस जिस समय होटल में छापा मारने गई उस समय इनमें से एक व्यक्ति शौचालय में बैठ कर पेट में छिपा कर लाए गए कोकीन के कैप्सूल को निकाल रहा था। एसएसपी ने बताया कि उन दोनों के पेट से करीब डेढ़ किलो कोकीन के कैप्सूल निकाले गए हैं। उन्होंने बताया कि इनके पेट में और अधिक कैप्सूल होने की आशंका में इन दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### न्यूजक्लिक विवाद : प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए चीन से पैसा लेने का आरोप

# दिल्ली पुलिस ने 9,000 पन्नों से अधिक की चार्जशीट पेश की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोपों पर 9,000 से अधिक पन्नों की पहली चार्जशीट कोर्ट में पेश की। न्यूज पोर्टल पर आरोप है कि उसने चीन के पक्ष में प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए पैसे लिए।

सूत्रों के अनुसार, आरोप पत्र में जांच की प्रक्रिया में मारे गए छापों के दौरान जब्त किए गए 480 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में भी जानकारी है।



**पोर्टल के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ पर देश को अस्थिर करने के लिए विदेशी फंड लेने का आरोप**

**न्यूजक्लिक के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को सरकारी गवाह बनाया गया है**

अब कोर्ट तय करेगा कि पटियाला हाउस कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष पेश आरोप पत्र पर संज्ञान लेना है या नहीं और कब लेना है।

सूत्रों ने बताया कि पुरकायस्थ पर देश को अस्थिर करने के लिए विदेशी फंड लेने का आरोप है।

सूत्रों ने कि पुरकायस्थ की पहचान प्राथमिक संदिग्ध के रूप में की गई है, जबकि न्यूजक्लिक के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को सरकारी गवाह बनाया गया है। चक्रवर्ती ने सरकारी गवाह के रूप में गवाही देने की बाते करते हुए पिछले साल दिसंबर में दिल्ली की एक अदालत में आवेदन किया था। सूत्रों ने कहा कि आरोप पत्र में कहा गया है कि पुरकायस्थ ने मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर और 2019 के लोकसभा चुनावों को बाधित करने व देश को अस्थिर करने के लिए विदेश से धन स्वीकार किया।


सूत्रों ने बताया कि न्यूजक्लिक पर आरोप है कि उसे विदेशों से लगभग 38 करोड़ रुपये मिले। 13 अक्टूबर, 2023 को पुरकायस्थ और चक्रवर्ती की गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिकाएं उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी थीं।

स्पेशल सेल ने मामले के संबंध में 17 अगस्त, 2023 को न्यूजक्लिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

### चुनाव नहीं लड़ेगी, एनडीए का समर्थन करेगी रालोजपा : पशुपति पारस की घोषणा

**पटना।** रालोजपा अब चुनाव नहीं लड़ेंगी बल्कि एनडीए के प्रत्याशियों को समर्थन करेगी। रालोजपा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने शनिवार को इसकी घोषणा की। पारस ने शनिवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, हमारी पार्टी रालोजपा, एनडीए का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारे भी नेता हैं और उनका निर्णय हमारे लिए सर्वोपरि है। उनके नेतृत्व में एनडीए पूरे देश में 400 से अधिक सीट जीतकर तीसरी बार रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से सरकार बनायेगी। उन्होंने आगे लिखा कि बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करने में उनकी पार्टी का पूर्ण समर्थन है और रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने अपने पोस्ट में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी टैग किया है।

## राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में चुनाव घोषणा पत्र समिति का किया गठन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी का घोषणा पत्र तैयार करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को समिति का संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। इस समिति में 27 नेताओं को शामिल किया गया है। इनमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अर्जुन राम मेघवाल, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर भी शामिल हैं। इनके अलावा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को भी समिति में जगह मिली है। समिति में जुएल ओराम, रविशंकर प्रसाद, सुशील मोदी, विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, मनजिंदर सिंह सिरसा, ओ.पी. धनखड़, अनिल एंटनी और तारिक मंसूर को भी सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।



## श्री झंडेजी के आरोहण के साथ ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में शनिवार को श्री झंडेजी के आरोहण के साथ ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू हो गया। यह 17 अप्रैल तक चलेगा। सुबह से ही श्रीझंडेजी के आरोहण के लिए दरबार साहिब में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह सात बजे से पूजा की प्रक्रिया शुरू हुई और झंडे जी पर गिलाफ चढ़ाने का काम शुरू हो गया। इस बार पंजाब के होशियारपुर निवासी हरभजन सिंह पुत्र हरिसिंह को दर्शनी गिलाफ चढ़ाने का अवसर मिला है। मेले को लेकर देश भर से कई संगतें दून पहुंची हैं। दोपहर बाद श्रीझंडेजी के आरोहण की प्रक्रिया शुरू हुई। महंत देवेंद्र दास महाराज ने कहा कि, जो व्यक्ति गुरु के बताए मार्ग पर चलता है। उसे पृथ्वी पर ही स्वर्ग की अनुभूति हो जाती है। इस दौरान संगतों ने श्रीगुरुराम राय महाराज के शबद का सिमरन किया।

## लोजपा (रामविलास) ने की प्रत्याशियों की घोषणा, हाजीपुर से चिराग लड़ेंगे चुनाव



**पटना।** एनडीए में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अपने खाते की सभी पांच सीटों के लिए शनिवार को प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान सचिव अब्दुल खालिक ने एक प्रेस बयान जारी कर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। लोजपा (रा) के कोटे में गई वैशाली सीट से वीणा देवी प्रत्याशी बनाई गई हैं। जमुई से अरुण भारती, खगड़िया से राजेश वर्मा, समस्तीपुर से शांभवी चौधरी तथा हाजीपुर से चिराग पासवान प्रत्याशी होंगे। उल्लेखनीय है कि एनडीए के दलों में भाजपा के खाते में 17 सीट, जदयू को 16, लोजपा (रा) को पांच सीट तथा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक- एक सीट मिली है।

# दो साल पहले पाकिस्तान में ब्रह्मोस मिसाइल गिरने के कारणों का खुलासा

### ब्रह्मोस मिसाइल के लड़ाकू कनेक्टर जंक्शन बॉक्स से जुड़े रह जाने पर हुआ था हादसा

### तकनीकी गलती से सरकारी खजाने को 24 करोड़ 90 लाख 85 हजार का नुकसान हुआ




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना ने दो साल पहले पाकिस्तान में गिरी ब्रह्मोस लड़ाकू मिसाइल की आकस्मिक फायरिंग के पीछे के कारणों का खुलासा किया है। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के निष्कर्षों के आधार पर बताया गया है कि ब्रह्मोस मिसाइल के लड़ाकू कनेक्टर इसके जंक्शन बॉक्स से जुड़े रह गये थे और तकनीकी गलती से ब्रह्मोस मिसाइल की दुर्घटनावश फायरिंग हुई थी। पड़ोसी देश में मिसाइल का प्रक्षेपण होने से भारतीय वायु सेना और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। साथ ही सरकारी खजाने को 24 करोड़ 90 लाख 85 हजार का नुकसान हुआ। यह हादसा 09 मार्च, 2022 को सॉफ्टवेयर अपग्रेड करके मिसाइल की रेंज बढ़ाकर परीक्षण किये जाने के दौरान तकनीकी गलती से हुआ था। अगले ही दिन इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के सामने अपना विरोध दर्ज कराया था। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया के बाद भारत सरकार ने घटना पर खेद जताते हुए उच्चस्तरीय कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया था। घटना की जांच के लिए 11 मार्च, 2022 को कोर्ट ऑफ इंक्वायरी गठित की गई। दरअसल, इस घटना में दोषी करार दिए गए कॉम्बैट टीम के विंग कमांडर अभिनव शर्मा ने सैन्य अदालत के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस याचिका पर वायु सेना ने 29 मार्च को अपना जवाबी हलफनामा दायर किया है। वायु सेना ने विंग कमांडर शर्मा के उस दावे को खारिज किया है कि वे इस दुर्घटना को रोकने में सक्षम नहीं थे। सभी गतिविधियां उनकी (शर्मा) उपस्थिति में मोबाइल ऑटोनॉमस लॉन्चर के अंदर हुई थीं। दिल्ली हाईकोर्ट में घटना का खुलासा करते हुए भारतीय वायुसेना ने बताया कि लड़ाकू मिसाइलों के लड़ाकू कनेक्टर जंक्शन बॉक्स से जुड़े रह गये थे और मिसाइल लॉन्च करने का असुरक्षित कार्य नहीं रोका जा सका। महाधिवक्ता विंग कमांडर यूएन पाठक के मुताबिक कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के दौरान 16 गवाहों से पूछताछ की गई थी और ग्रुप कैप्टन सौरभ गुप्ता, स्क्वाड्रन लीडर प्रांजल सिंह और विंग कमांडर अभिनव शर्मा को लापरवाही का दोषी करार दिया गया। तीनों अधिकारियों की सेवाओं को समाप्त करने के लिए राष्ट्रपति को सिफारिश करने का निर्णय लिया गया था। सेवा से बर्खास्तगी के लिए वायु सेना अधिनियम के तहत कारण बताओ नोटिस जारी करके कार्रवाई शुरू की गई थी।

## भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति-सुरक्षा के लिए मजबूत क्षमता का प्रदर्शन किया

### भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप से दागी ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने अंडमान और निकोबार द्वीप से लंबी दूरी की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण करके हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए एक मजबूत ताकत के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। ब्रह्मोस मिसाइल ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ऊपर ऊंची उड़ान भरते हुए एक बार फिर अपनी अद्वितीय शक्ति को साबित किया। सोच-समझकर किये गए मिसाइल हमले ने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। इससे पहले भारतीय सेना ने पिछले साल 10 अक्टूबर और 03 नवंबर को 450 किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मारने वाली ब्रह्मोस के संस्करण का परीक्षण किया था। 29 मार्च को किये गए परीक्षण के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप में नो-फ्लाई जोन का सुझाव दिया गया था। विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस 450 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेद सकती है। भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने एक बयान में बताया कि राइजिंग सन मिसाइल विशेषज्ञों ने अपनी लंबी दूरी की लक्ष्यीकरण क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसके लिए एक अन्य द्वीप पर लक्ष्य रखा गया था, जिसे मिसाइल ने 90 डिग्री मुड़कर सटीक निशाना बनाया। इस सफल मिसाइल परीक्षण से भारतीय सेना के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है।